सूर्योदय : 5:11
सूर्यास्त : 7:02
अधिकतम तापमान : 39.7
न्यूनतम : 29.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-20 अंक-01 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 21 जून 2026
05 मोहर्रम 1448 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# ओडिशा को 47,600 करोड़ की सौगात

**■ ओडिशा सरकार के दो साल पूरे होने पर आयोजित समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू व पीएम मोदी शामिल हुए**



**मयूरभंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में पूर्वी भारत हमेशा पिछड़ा रहा। लेकिन आज यही क्षेत्र देश के विकास का मुख्य द्वार बन रहा है। पीएम मोदी ओडिशा के मयूरभंज जिले के रायरंगपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने ओडिशा के लिए 47,600 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा अब विकास की राह पर तेजी से दौड़ रहा है। कल्याणकारी योजनाएं गरीबों का जीवन बदल रही हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार 'पूर्वोदय' नीति पर काम कर रही है। हमारा लक्ष्य पूर्वी भारत के विकास से पूरे देश का विकास करना है। जो पूर्वी भारत कांग्रेस के दौर में पिछड़ेपन की पहचान बन चुका था, वह अब प्रगति का प्रवेश द्वार बन रहा है। भाजपा सरकार ओडिशा के संसाधनों को नई संभावनाओं में बदल रही है। राज्य को अब तक करीब 20 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। ओडिशा में भाजपा सरकार को दो साल पूरे हो चुके हैं। इस अवसर पर पीएम ने राज्य की जनता को बधाई दी।

पीएम मोदी ने कहा कि ओडिशा इस समय उत्सव के माहौल में डूबा हुआ है। पिछले हफ्ते यहां गण पर्व (राजा पर्व) मनाया गया। अब महाप्रभु जगन्नाथ जी की रथ यात्रा और बारीपदा रथ यात्रा की तैयारियां पूरे उत्साह के साथ चल रही हैं। लोकतंत्र और विकास का यह उत्सव अद्भुत है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि डबल इंजन सरकार की डबल विशेषता ये है कि वो खुद जनता तक पहुंचती है। हमारा प्रयास है कि नागरिक को किसी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें।

**पीएम-जनमन अभियान राष्ट्रपति के मार्गदर्शन का ही परिणाम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'पीएम-जनमन अभियान राष्ट्रपति के साथ हुई चर्चाओं और उनके मार्गदर्शन का ही परिणाम है। ये ऐसे जन जातीय समूहों के लिए है जो जन जातीय समुदायों में भी सबसे पीछे रह गए हैं। सरकार अब स्वयं चलकर ऐसे जन जातीय समुदायों के घर तक पहुंच रही है। आदिवासी युवाओं को हम शिक्षा और रोजगार के अवसरों से जोड़ रहे हैं। देश में करीब 500 एकलव्य मॉडल स्कूल खोले गए हैं।' सरकार का पूरा ध्यान इंफ्रास्ट्रक्चर और गरीब कल्याण पर है। इन परियोजनाओं से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के गांव पहुंचे प्रधानमंत्री

पीएम मोदी के लिए यह दिन बेहद खास रहा। शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जन्मदिन भी था। पीएम मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि ओडिशा की बेटी आज देश के सर्वोच्च पद पर है। वह हम सभी का मार्गदर्शन कर रही हैं। यह पूरे देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने मयूरभंज और ओडिशा की पहचान को पूरे विश्व में मजबूत किया है। पीएम मोदी राष्ट्रपति के ससुराल पहाड़पुर गांव भी गए।

## नदियां नहीं बजट साफ लखनऊ में गुम हो रही गोमती : अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नदियों के संरक्षण और साफ-सफाई को लेकर सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। अखिलेश यादव ने कहा कि, नदियों की हालत खराब है। सिर्फ कागजों पर नदियां साफ हो रही हैं। लखनऊ में गोमती गुम होती जा रही है। यमुना नदी भी बेहाल है। डबल इंजन सरकारें दावे तो बड़े-बड़े करती है, लेकिन गंगा, यमुना, गोमती, काली नदी समेत प्रदेश की तमाम दूसरी नदियों की दुर्दशा कर रखी है।

अखिलेश ने आरोप लगाया कि बजट साफ हो गया, लेकिन नदियां साफ नहीं हो पायी। उन्होंने कहा कि सपा ने नदियों की सफाई के लिए गोमती रिवर फ्रंट का मॉडल बनाया था। नाले का गंदा पानी नहीं आए, इसकी व्यवस्था की। लेकिन भाजपा सरकार ने सब बर्बाद कर दिया।

# ललितपुर न छोड़ियो, जब तक मिले उधार

**■ अब उधार नहीं, सरकार दे रही ब्याज मुक्त पैसा : सीएम**



**ललितपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ललितपुर के तुवन मंदिर मैदान में आयोजित कार्यक्रम में 1766 करोड़ रुपये की 221 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब ललितपुर की पहचान उधार मांगने वाले जिले की नहीं, बल्कि उद्यमिता और विकास के नए केंद्र के रूप में बन रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित होते देखकर उन्हें बुजुर्गों की एक पुरानी कहावत याद आ गई। उन्होंने कहा, 'पूर्वज कहा करते थे- 'ललितपुर न छोड़ियो, जब तक मिले उधार'। लेकिन अब आपको उधार लेने की आवश्यकता नहीं है। सरकार स्वयं आपको ब्याज मुक्त पैसा उपलब्ध करा रही है।'

सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे वे अपने व्यवसाय की शुरुआत कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 1766 करोड़ रुपये लागत की 221 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें राजकीय मेडिकल कॉलेज समेत कई महत्वपूर्ण विकास कार्य शामिल हैं। सीएम योगी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने बुंदेलखंड को विकास से दूर रखा। उन्होंने कहा कि संकीर्ण सोच वाली सरकारों ने हर जिले में माफिया पैदा किए, जिन्होंने जनता की गाढ़ी कमाई लूटी, अवैध खनन कराया और युवाओं को रोजगार से वंचित किया। यही कारण था कि बुंदेलखंड के नौजवानों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा।

### युवाओं को उद्यमी बनाने पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा दिए जा रहे ब्याज मुक्त ऋण का उपयोग युवा अपने व्यवसाय को स्थापित करने में करें। उन्होंने कहा कि समय पर मूल धन वापस करने पर सरकार अतिरिक्त सहयोग भी प्रदान करेगी। उन्होंने कहा, सरकार जो पैसा दे रही है, उससे अपना व्यवसाय चलाइए। एक समय के बाद मूल पूंजी में भी सरकार सहयोग करेगी। इससे आपका व्यवसाय भी आगे बढ़ेगा और आप सफल उद्यमी के रूप में स्थापित होंगे।

# ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किया

**■ समझौते के बाद भी लिया यह फैसला सीजफायर उल्लंघन को कारण बताया**




**तेहरान।** अमेरिका-ईरान के बीच समझौते के बाद दोनों देशों ने होर्मुज को खोलने का निर्णय लिया था। लेकिन ईरान ने सीजफायर उल्लंघन के चलते फिर एक बार होर्मुज बंद कर दिया है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, तेहरान ने फिर एक बार होर्मुज बंद करने का फैसला लिया है। ईरान का कहना है कि अमेरिका के भरोसा तोड़ने और लेबनान में इजरायल के युद्धविराम का उल्लंघन करने के कारण होर्मुज को बंद किया गया है।

ईरान की शीर्ष संयुक्त सैन्य कमान ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का फैसला अमेरिका द्वारा समझौते (एमओयू) की पहली शर्त के तहत 'साफ तौर पर भरोसा तोड़ने और अपने वादे का उल्लंघन करने' के चलते लिया गया है। ईरानी सेना का दावा है कि दक्षिणी लेबनान में इजरायल ने हमला किया है, जो कि युद्धविराम का लगातार उल्लंघन है। इसी को देखते हुए होर्मुज को बंद कर दिया गया है। ईरानी सेना के दावे के साथ ही अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का होर्मुज को लेकर बयान भी सामने आया है। वेंस का कहना है कि 'इस बात का कोई सबूत नहीं है कि ईरान होर्मुज को बंद कर रहा है।' जेडी वेंस ने बताया, ईरान के साथ बातचीत चल रही है। इसके लिए अमेरिकी अधिकारी स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर पहले से ही बातचीत के लिए जेनेवा में मौजूद हैं।

### अमेरिका-ईरान के बीच जेनेवा में होगी अगली बातचीत

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि वे ईरान के साथ बातचीत के लिए अगले कुछ दिनों में जेनेवा जाएंगे। उन्होंने बातचीत में हो रही प्रगति को लेकर उम्मीद जताई और भरोसा दिलाया कि हाल ही में घोषित युद्धविराम को बनाए रखा जा सकता है।

## एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट खोलेगी बड़े राज

**राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण**

**अयोध्या।** एसआईटी की प्राथमिक रिपोर्ट में राम मंदिर चढ़ावे में घपला, वित्तीय अनियमितता व कई वर्षों से दान में मिले बहुमूल्य जेवरात में हेरफेर करने का राज छिपा हुआ है। माना जा रहा है कि सोमवार को एसआईटी मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सौंपेगी। मंदिर निर्माण से सबंधित दस्तावेज, दानपात्रों से प्राप्त राशि का लेखा-जोखा, बैंकिंग लेनदेन, कर्मियों के बयान व सीसीटीवी फुटेज आदि को महत्वपूर्ण तथ्यों में शामिल किया गया है।

हालांकि 15 दिन में अंतिम रिपोर्ट सामने आने के बाद आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई होने की उम्मीद है। राम मंदिर दान की राशि में कथित गड़बड़ी का मामला इन दिनों पूरे देश में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। आरोपों ने न केवल मंदिर प्रबंधन को बल्कि पूरे हिंदू समाज की आस्था को झकझोर दिया है।

# भारत में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं : अमित शाह

**■ 2014 से पहले की सरकारों ने घुसपैठियों को 'वोट बैंक' बनाने पर काम किया**



**कोल्हापुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कांग्रेस पर घुसपैठियों को पनाह देकर 'वोट बैंक की राजनीति' को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारत कोई 'धर्मशाला' नहीं है और यहां घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है।

दो दिन के दौरे पर आए श्री शाह ने शनिवार की दोपहर पुलिस परेड ग्राउंड में 'ग्रैंड ग्रैटिट्यूड सेरेमनी' के लिए आयोजित एक जन सभा को संबोधित करते हुए 2014 से पहले की सरकारों द्वारा घुसपैठियों को 'वोट बैंक' बनाने की बात कही। उन्होंने पश्चिम बंगाल में हाल के चुनावी घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि भारत कोई 'धर्मशाला' नहीं है और किसी भी घुसपैठिए को देश में रहने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उद्धव ठाकरे को कांग्रेस की गोद में जाकर बैठ जाने का आरोप लगाया और उस पर घुसपैठियों का समर्थन करने का दावा किया। उन्होंने महाराष्ट्र में हाल के राजनीतिक घटनाक्रम पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समूह को पहले 'शिंदे ग्रुप' बोला जाता था लेकिन अब राज्य में सिर्फ एक शिवसेना है, जिसका नेता श्री शिंदे हैं। उन्होंने श्री महालक्ष्मी देवी मंदिर के विकास का काम पूरा हो जाने की बात करते हुए परियोजना को पांच महीने के अंदर पूरा करने की बात कही। उन्होंने दूसरे धार्मिक ढांचे परियोजना के बारे में बताते हुए सरकार के द्वारा अयोध्या में श्री राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और केदारनाथ-बद्रीनाथ को विकसित करने का जिक्र किया।

## महाराष्ट्र में यशवाड़ी मंदिर के सभा मंडप की छत गिरी, पांच की मौत

**परभणी।** महाराष्ट्र के परभणी जिले में बड़ा हादसा पेश आया है। यहां मानवत तहसील स्थित प्रसिद्ध यशवाड़ी मारुति मंदिर परिसर के सामने बना सभा मंडप अचानक भरभराकर गिर पड़ा। जिस समय यह हादसा पेश आया उस समय भारी संख्या में श्रद्धालु वहां मौजूद थे। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि मंडप के मलबे में दबने से 5 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है जबकि 30 से 40 लोगों के फंसे होने की आशंका है। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और राहत बाचब दल मौके पर पहुंच गए हैं।

# नीट छात्रों की मौत पर कांग्रेस का बड़ा हमला

**■ आत्महत्या नहीं ये हत्या है : अजय राय**



**लखनऊ।** नीट के मुद्दे पर कांग्रेस आक्रामक रूप से सरकार पर हमलावर है। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए बड़ा आरोप लगाया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हाल में नीट परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद 12 छात्रों ने अपनी जानें गंवाई हैं। कांग्रेस इसे 'सुसाइड नहीं बल्कि सरकार द्वारा उत्प्रेरित हत्या मानती है।

अजय राय ने कहा कि मानसिक तनाव के कारण रितिका मिश्रा, शिवानी यादव, अंशिका पांडेय समेत देश के 12 होनहार स्टूडेंट्स ने अपनी जान दे दी, इसलिए क्योंकि पेपर लीक होने से वे मानसिक रूप से टूट गए थे।

अजय राय ने एक आंकड़ा साझा करते हुए कहा कि, देश की पांच प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में अभिभावक 3.5 लाख करोड़ रुपये खर्च करते हैं। ये खर्च देश के पांच बड़े प्रमुख मंत्रालयों के बजट के बराबर है। फिर भी देश का शिक्षातंत्र रिजेक्शन सिस्टम बना है, जो एक हजार छात्रों में सिर्फ 12 को नौकरी दे पाता है। उन्होंने कहा कि 2018 से लेकर 2026 तक नीट समेत कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। इसके बावजूद शिक्षामंत्री ने नैतिक जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा नहीं दिया। कांग्रेस लगातार उनके इस्तीफे की मांग उठा रही है। अजय राय ने कहा, देश के छात्रों और अभिभावकों की इस पीड़ा को राहुल गांधी सड़क से संसद तक उठाएंगे। उन्होंने 'छात्रों की गूंज' अभियान और 'कोटा महारैली' की शुरुआत कर दी है।




## अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?

जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

**आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।**

दीया

### आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।




### आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in


## विश्व योग दिवस — योग जाति पंथ से ऊपर स्वास्थ्य का विषय

# ट्रंप, पुतिन और नेतन्याहू को योग की जरूरत : रामदेव



**विजयवाड़ा।** योग गुरु बाबा रामदेव ने भारत की प्राचीन योग, ध्यान और प्राणायाम की पद्धति को धर्म और पंथ की सीमाओं से ऊपर बताते हुए शनिवार को यहां कहा कि आज के वैश्विक भू-राजनीतिक संकट में मुख्य-पात्र की भूमिका में चर्चित अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आदि नेताओं को योग साधना करने की जरूरत है। दशकों से योग को लोगों के दैनिक व्यवहार का हिस्सा बनाने के अभियान में जुड़े योग गुरु ने विश्व में जगह -जगह चल रहे युद्धों की ओर संकेत करते हुए कहा कि दुनिया में युद्ध नहीं , योग ही समाधान है। उन्होंने कहा कि श्री ट्रप , यूक्रेन को राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ईरान के वर्तमान सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह मोजतबा खामेनेई और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इन सभी को योग की जरूरत है।

बाबा रामदेव 12वें विश्व योग दिवस की पूर्व संध्या पर विजयवाडा शहर के बाहरी इलाके में 'मंथन सत्यनारायण राजू आश्रम में प्रातः एक योग शिविर को संबोधित कर रहे थे। बाबा रामदेव रविवार को आंध प्रदेश में योग दिवस पर यहां आयोजित किये जा रहे मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भाग लेंगे। मनुष्य की दीर्घायु का स्रोत माने जाने वाले योग पर आज के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी रामदेव ने कहा कि दुनिया योग को अपना ले तो समस्या ही न रहे। उन्होंने कहा कि योग, जाति पंथ से ऊपर है । यह मानव स्वास्थ्य का विषय है। अनुशासित जीवन ही योग है। विश्व को योगमय बनाने, योगधर्म को युगधर्म बनाने का प्रयास हो। योग की आदत लग जाएगी तो सभी बुरी आदतें और वृत्तियां अपने आप छूट जएंगी। बाबा रामदेव के नाम से चर्चित योग गुरु ने कहा कि मीडिया को भी योग को प्रोत्साहित करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। मीडिया के हर मंच पर योग का जलवा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के लोग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत होंगे तो देश पुनः अपना गौरव प्राप्त करेगा। योग गुरु ने कहा कि वैचारिक गुलामी ने भारत को कमजोर किया है।

### केडी सिंह बाबू स्टेडियम में ब्रजेश पाठक ने किया योग

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से एक दिन पहले शनिवार सुबह डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, पूर्व मंत्री-अफसर सहित कई भाजपा नेताओं ने योग किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में ममता चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित विशाल योग शिविर में सबने आसन किए। सुबह 6 बजे इस कार्यक्रम में 2 हजार से ज्यादा लोगों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और 'लखनऊ करेगा योग, लखनऊ बनेगा निरोग' अभियान को जन-जन तक पहुंचाना रहा। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले ही इतनी बड़ी संख्या में लोगों का जुटना इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर योग अब जन आंदोलन बन चुका है।

# नहाने के दौरान शारदा नहर में डूबे दो बच्चे

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा क्षेत्र के शारदा नगर कस्बे के दो बच्चे शुक्रवार शाम नहाने के दौरान शारदा नहर में डूब गए। शनिवार सुबह दोनों के शव घटनास्थल से करीब 11 किलोमीटर दूर झमपुरवा और बड़ागांव के बीच नहर में बरामद हुए। घटना से दोनों के परिवारों में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार शारदा नगर निवासी कृष्णकांत गुप्ता का 14 वर्षीय पुत्र हिमांशु गुप्ता अपने दोस्त रूद्र अवस्थी (11 वर्ष) के साथ शुक्रवार शाम शारदा नहर में नहाने गया था। नहाते समय दोनों दोस्त तेज बहाव के कारण गहरे पानी में डूब गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बच्चों को बहते देखा तो शोर मचाया और परिजनों के साथ पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृज किशोर वनमाली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नहर में देर शाम तक बच्चों की तलाश कराई गई, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। शनिवार सुबह फिर से तलाश शुरू की गई। इस दौरान घटनास्थल से करीब 11 किलोमीटर दूर झमपुरवा और बड़ागांव के बीच नहर में दोनों बच्चों के शव बरामद हो गए। शव मिलने की सूचना पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। बच्चों के शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद ग्रामीणों ने नहर किनारे सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने और चेतावनी संकेतक लगाने की मांग की है।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस से एक दिन पहले पूरे जिले में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**लखीमपुर खीरी।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस से एक दिन पहले पूरे जिले में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विधायकों ने नेताओं गांव वालों के साथ झाड़ू लगाई और लोगों को स्वच्छता का संदेश देते हुए अपने घरों व आसपास सफाई की अपील की। रविवार को योगाभ्यास कर योग को जीवन में अपनाने की अपील की जाएगी। प्रधानमंत्री के संदेश के बाद शनिवार को पूरे जिले में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मोहम्मदी विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने गांव वालों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। गलियों में झाड़ू लगाई। वहीं सदर विधायक योगेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, ईओ सहित अन्य लोगों ने सफाई की।इसके अलावा अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने पूरे जिले में स्वच्छता अभियान चलाया और गांव वालों से अपने घर के आसपास साफ सफाई रखने की अपील की गई। जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि जिले के सभी गांवों में स्वच्छता अभियान चलाकर गांव वालों के साथ सफाई कर्मियों ने सफाई की।

# आग लगने के कारण तीन दुकाने जली, दुकानदारों का लाखों का सामान जलकर नष्ट

**लखीमपुर खीरी।** ईसानगर के कटौली कस्बे में शनिवार सुबह आग लगने के कारण तीन दुकानें और रखा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। एक घंटे बाद पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया। आग बुझने तक दुकानदारों का लाखों का सामान जलकर नष्ट हो गया। कटौली कस्बे में जीवान लाल और रामनरेश कम्प्यूटर और मोबाइल बिक्री और रिपेयरिंग का काम करने के लिए सड़क के किनारे लोहे के खोखे में दुकान खोल रखे थे। दोनों खोखों के बीच नमो शुक्ला लकड़ी के खोखे में मोबाइल और कम्प्यूटर की दुकान चलाते थे।शनिवार सुबह करीब आठ बजे पड़ोस स्थित भगत की चाय की दुकान पर चाय पी रहे लोगों ने नमो की दुकान से धुँआ उठता देख शोर मचाया। दुकानदारों के घर दूर होने के चलते उनको खबर देकर लोगों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। मोबाइल फटने की आवाज़ और बिजली चालू होने के चलते ग्रामीण नजदीक जाने और पानी डालने से भी बच रहे थे। एक घंटे बाद पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। आग बुझने तक दुकानदारों का लाखों का नुकसान हो चुका था।

## नीलगाय को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरा ट्रक

**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली सदर क्षेत्र की रामापुर चौकी अंतर्गत रवहीं गांव के पास एक ट्रक सुबह पलट गया। नेपाल से रिफाइंड तेल लेकर मेरठ जा रहा एक ट्रक अचानक सड़क पर आई नीलगाय को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरा।

हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन ट्रक को नुकसान पहुंचा और कुछ पीपों से तेल रिसकर पास के तालाब में पहुंच गया। ट्रक चालक शब्बीर ने बताया कि वह नेपाल से रिफाइंड तेल के पीपे लेकर मेरठ जा रहा था। सुबह करीब तीन बजे रवहीं के पास अचानक एक नीलगाय सड़क पार करने लगी। उसे बचाने के लिए चालक ने ट्रक मोड़ा। इसी दौरान सामने से बहराइच की ओर जा रहे एक अन्य ट्रक से बचने के प्रयास में वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक खाई में जा गिरा। भारी मात्रा में तेल लदा होने के कारण ट्रक पलटकर उल्टा हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ट्रक में लदे कुछ पीपे क्षतिग्रस्त हो गए जिससे रिफाइंड तेल बाहर निकलकर पास स्थित तालाब के पानी में बह गया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी एवं पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने सुनी जन समस्याएँ.

**कानपुर।** शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी कानपुर नगर जितेंद्र प्रताप सिंह व पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता द्वारा तहसील नर्वल अन्तर्गत जन-सुनवाई की।जन-सुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुना और उनके समाधान हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे इन समस्याओं को समयबद्ध तरीके से हल करें। शिकायतों के निस्तारण में देरी न हो, इसके लिए संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे त्वरित कार्रवाई करें और शिकायतकर्ता को समाधान की जानकारी दें। आगंतुकों और पीड़ितों से सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए और बैठने के लिए उचित व्यवस्था की जाए। सभी फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक और धैर्यपूर्वक सुना जाए व शीघ्र निस्तारण किया जाए । स्थानीय स्तर पर बार-बार आने वाली समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाने को कहा गया ।

## लक्ष्मीपुरवा-खलवा में धंसे डॉट नाले का विधायक अमिताभ बाजपेई ने पुनः किया निरीक्षण,

### निरीक्षण के दौरान ही नाला खुल गया



**कानपुर।** आर्यनगर विधायक अमिताभ बाजपेई ने आज लक्ष्मीपुरवा-खलवा क्षेत्र में पहुंचकर धंसे हुए डॉट नाले के मरम्मत कार्य का पुनः निरीक्षण किया। विगत दिनों नाला धंसने से आसपास के कई मकान प्रभावित हुए थे, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। निरीक्षण के दौरान किस्मत ने साथ दिया कार्य सफल हो गया। तथा उसमें पाइप डालने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अगले दो दिनों में कार्य पूर्ण होने के बाद नाले का संचालन सुचारु रूप से प्रारंभ हो जाएगा, जिससे क्षेत्र की गंदे पानी, सीवर जल निकासी व्यवस्था सामान्य हो सकेगी। विधायक अमिताभ बाजपेई ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए तथा प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी और समस्या के स्थायी समाधान के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## विकास प्रदर्शनी में आंतरिक सुरक्षा मॉडल बना आकर्षण का केंद्र

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सर्किट हाउस परिसर में आयोजित चार दिवसीय विकास प्रदर्शनी में जनपद का आंतरिक सुरक्षा मॉडल आकर्षण का केंद्र रहा। प्रदर्शनी में बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वाड, यातायात पुलिस, अग्निशमन सेवा, डायल-112, साइबर सेल, ड्रोन कैमरा स्क्वाड, फोरेंसिक एवं सर्विलांस यूनिट सहित विभिन्न सुरक्षा इकाइयों ने आधुनिक उपकरणों और कार्यप्रणालियों का प्रदर्शन किया। इसके अलावा समाज कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग समेत अन्य विभागों ने जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद एवं अन्य वस्तुओं को भी प्रदर्शित किया गया, जिन्हें आगंतुकों ने सराहा। प्रदर्शनी के दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की। आयोजकों के अनुसार प्रदर्शनी शासन की योजनाओं, आधुनिक सुरक्षा व्यवस्थाओं और महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को जन-जन तक पहुंचाने में सफल रही।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सहारनपुर क्लब में योग शिविर का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार प्रातः सहारनपुर क्लब में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6 बजे मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार एवं जिलाधिकारी तथा सहारनपुर क्लब के अध्यक्ष अरविंद कुमार चैहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। योग शिविर में इंडियन डेंटल एसोसिएशन, रोटरी क्लब सहारनपुर एवं योगस्थम संस्थान की भी सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्लब सदस्यों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। प्रतिभागियों के लिए सूक्ष्म जलपान की भी व्यवस्था की गई। क्लब सचिव हेमंत जोशी ने कहा कि सहारनपुर क्लब प्रतिवर्ष योग शिविर का आयोजन करता है। उन्होंने कहा कि योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ अनेक बीमारियों से बचाव का प्रभावी माध्यम है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रूप से योग करना चाहिए। संयुक्त सचिव जोधबीर सिंह (बन्नी) ने अपने संबोधन में कहा कि योग व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाता है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। योग शिविर में उपस्थित लोगों ने स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनाने का संकल्प लिया तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यकारिणी सदस्य माई दयाल सिंह मित्तल एवं अमित जोली डॉ पंकज खन्ना डॉक्टर अक्षय गुप्ता रश्मि टेरेंश का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर पूर्व सचिव मुकेश गोयल, डॉ. मोहन सिंह सहित अनेक वरिष्ठ एवं सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

# नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अहिरवां में स्वास्थ्य सेवाओं का डीएम ने लिया जायजा, फार्मासिस्ट अनुपस्थित

*अवधनामा संवाददाता*



**कानपुर नगर।** जितेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अहिरवां का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने दवा उपलब्धता, पैथोलॉजी सेवाओं, टीकाकरण व्यवस्था तथा मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के समय चिकित्सा अधिकारी डॉ. बृजभान सिंह यादव उपस्थित रहे। उन्होंने जिलाधिकारी को स्वास्थ्य केंद्र पर संचालित सेवाओं एवं उपलब्ध संसाधनों के संबंध में जानकारी दी। डॉ. यादव ने बताया कि केंद्र पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं तथा पैथोलॉजी सुविधा भी नियमित रूप से संचालित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट योगेश सिंह अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनका एक दिन का वेतन काटने तथा स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। वहीं, तीन एएनएम मौके पर उपस्थित नहीं मिलीं। जानकारी करने पर बताया गया कि वे क्षेत्र में टीकाकरण कार्य के लिए गई हुई हैं। जिलाधिकारी ने मोबाइल फोन के माध्यम से उनसे वार्ता कर उनकी लोकेशन एवं फील्ड में संचालित गतिविधियों की पुष्टि की। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र पर आए मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर उपचार, दवा उपलब्धता तथा अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया। मरीजों ने स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्र पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता निरंतर सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी मरीज को उपचार अथवा जांच के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं सहित सभी कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## स्टे ऑर्डर की अवहेलना और जान से मारने की धमकी का आरोप, पुलिस से कार्रवाई की मांग

**सहारनपुर।** थाना सरसावा क्षेत्र के गांव सौराना निवासी विष्णुदत्त शर्मा ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मयंक पाठक को प्रार्थना पत्र देकर विवादित भूमि पर न्यायालय के यथास्थिति (स्टे) आदेश का पालन कराने, परिवार की सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थी का कहना है कि गाटा संख्या 471 व 480 से संबंधित मामला वर्ष 2011 से न्यायालय में विचाराधीन है और कई बार यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए जा चुके हैं। आरोप है कि विपक्षी पक्ष के लोग आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं और 19 जून को थाना सरसावा में उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। प्रार्थना पत्र में पूर्व में दर्ज एफआईआर, कथित फर्जी वसीयत और रेलवे मुआवजे से जुड़े मामलों का भी उल्लेख किया गया है।

# निगम ने गिल कॉलोनी में ध्वस्त किया अवैध पशु डेरी का ढांचा

■ डेरी स्वामी ने 25 जून तक डेरी के पशु अन्यत्र शिफ्ट करने को दिया शपथ पत्र



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गिल कॉलोनी में ढमोला किनारे स्थित पंजाबी डेरी के अवैध निर्माण को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। ध्वस्तीकरण की यह कार्रवाई लिखित रुप से शपथपत्र में डेरी स्वामी द्वारा दी गयी सहमति के बाद की गयी। गिल कॉलोनी में ढमोला किनारे अमरजीत सिंह द्वारा अवैध रुप से एक पशु डेरी का संचालन किया जा रहा था। डेरी संचालन के लिए डेरी स्वामी द्वारा अवैध रुप से एक ढांचा भी वहां खड़ा कर लिया गया था। डेरी के पशुओं का गोबर नदी में बहाये जाने पर नगर निगम के पशु चिकित्साधिकारी द्वारा भी कई बार डेरी का चालान कर भारी जुर्माना लगाया जा चुका था। डेरी के अवैध ढांचे के कारण नदी की सफाई में भी बार-बार व्यवधान आ रहा था। जिस पर डेरी स्वामी को नगर निगम द्वारा कई बार नोटिस देकर व मौखिक रुप से उक्त स्थल से डेरी शिफ्ट करने के लिए कहा गया था। इसके अलावा पूर्व में निगम अधिकारियों एवं महापौर द्वारा उक्त स्थल का भ्रमण करते हुए डेरी स्वामी को डेरी हटाने के लिए चेतावनी दी गयी थी। लेकिन डेरी स्वामी द्वारा हर बार समय देने की मांग की जाती रही। बार-बार की चेतावनियों व जुर्माने की कार्रवाई के बाद भी डेरी न हटाने पर आज नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर सहायक अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा तथा निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा जेसीबी व निगम के वाहन लेकर गिल कॉलोनी पहुंचे और डेरी से पशुओं को हटाने को कहा। सुधीर शर्मा ने बताया कि डेरी स्वामी द्वारा आनाकानी करने पर निगम द्वारा डेरी के पशु जब्त करने की कार्रवाई शुरु की गयी तो डेरी स्वामी स्वयं डेरी से पशुओं को अन्यत्र शिफ्ट करने पर तैयार हो गया। डेरी स्वामी ने एक शपथ पत्र देकर निगम अधिकारियों को आश्वस्त किया कि वह 25 जून तक डेरी में जितने भी पशु है उन्हें दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर लेगा। डेरी स्वामी ने शपथ पत्र में यह भी सहमति दी कि डेरी के भीतर पुराने खण्डहर मकान व टीन के ढांचे को यदि नगर निगम तोड़ता है तो उसे कोई आपत्ति नहीं होगी। सहायक अतिक्रमण प्रभारी ने बताया कि डेरी स्वामी की इस सहमति के बाद निगम द्वारा जब्त किये गए पशु इस शर्त के साथ लौटा दिए गए कि 25 जून तक उन्हें अन्यत्र शिफ्ट कर दिया जायेगा और डेरी का अवैध ढांचा जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि महापौर व नगरायुक्त के निर्देश पर ढमोला किनारे किये गए अवैध अतिक्रमण को चिह्नित कर उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा अधिकारी हरि प्रकाश कसाना, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग व प्रवर्तन दल के जवान भी मौजूद रहे।

## स्वस्थ मस्तिष्क और स्वस्थ शरीर ही लंबी आयु की कुंजीः के. एल. अरोड़ा

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी की सहारनपुर शाखा द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिये योग के अंतर्गत ज्वाला नगर स्थित सीता-राम मंदिर परिसर में योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला सदस्यों द्वारा मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। योगाचार्य गुलशन कुमार ने वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न रोगों की रोकथाम के लिए योगासन एवं ध्यान का अभ्यास कराया। उन्होंने विशेष रूप से घुटनों, गठिया और सर्वाइकल संबंधी समस्याओं के लिए उपयोगी योग क्रियाओं की जानकारी दी। संस्था के संस्थापक के.एल. अरोड़ा ने कहा कि स्वस्थ मस्तिष्क और स्वस्थ शरीर का समन्वय ही लंबी आयु की कुंजी है। उन्होंने कहा कि व्यस्त जीवनशैली के बीच प्रत्येक व्यक्ति को योग और व्यायाम के लिए समय निकालना चाहिए।

# कानपुर में दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए खुला पहला हाईटेक 'एटी मार्ट'



*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** कानपुर में देश का पहला 'ए.टी. मार्ट यानी असिस्टिव टेक्नोलॉजी मार्ट' शुरू कर दिया गया है। मोतीझील मेट्रो स्टेशन के पास बेनाझाबर रोड पर बना यह अनोखा मार्ट दिव्यांगजनों और बुजुर्गों की जिंदगी को बहुत आसान और मददगार बनाने वाला साबित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को साकार कर रही 'दिव्यांग सहारा योजना' के तहत सहायक उपकरणों की कमी को दूर करने के लिए इस खास मार्ट की शुरुआत की गई है। अब इसके खुलने से जरूरतमंदों को आधुनिक तकनीक से बने नकली अंगों और दूसरे उपकरणों के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। यह एटी मार्ट एक बड़े शोरूम की तरह 'थ्री-इन-वन' मॉडल पर तैयार किया गया है। यहाँ आने वाले लोगों को एक ही छत के नीचे तीन बड़ी सुविधाएं मिलेंगी, जिसमें वे सबसे पहले अपनी जरूरत के सभी आधुनिक उपकरणों को अपनी आंखों से सामने देख सकेंगे, वहां मौजूद एक्सपर्ट्स से उनके काम करने का तरीका समझ सकेंगे और फिर खुद पर उसका लाइव ट्रायल करके संतुष्ट होने के बाद उसे तय कीमत पर खरीद सकेंगे। इस मार्ट में सर्विसिंग की भी पूरी गारंटी मिलेगी। अक्सर देखा जाता है कि दिव्यांग लोग महंगे उपकरण खरीद तो लेते हैं, लेकिन उनके खराब होने पर पुर्जे मिलना और उन्हें सुधरवाना बहुत बड़ी मुसीबत बन जाता है। इस एटी मार्ट में बिक्री के साथ-साथ मरम्मत की भी पूरी व्यवस्था की गई है, जिससे व्हीलचेयर, कान की मशीन या कृत्रिम अंग में कोई भी खराबी आने पर तुरंत ठीक कर दिया जाएगा। इस सेंटर पर दिव्यांगों की गतिशीलता के लिए इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर, आधुनिक ट्राइसाइकिल, वॉकर, बैसाखी के साथ-साथ सुनने के लिए डिजिटल कान की मशीनें, चश्मे और हाई-टेक कृत्रिम अंग हमेशा उपलब्ध रहेंगे।

## मोहर्रम की चौथी तारीख पर इमामबारगाहों में हुई मजलिसें, हजरत हुर की शहादत पर डाली रोशनी

**सहारनपुर।** मोहर्रम की चैथी तारीख पर नगर के विभिन्न इमामबारगाहों में मजलिसों का आयोजन किया गया, जिनमें उलेमाओं ने हजरत हुर्र अलैहिस्सलाम की शहादत और करबला के घटनाक्रम पर प्रकाश डाला। मजलिसों से पूर्व मरसिया खानी हुई, जिसमें आसिफ अल्वी, सलीस हैदर काजमी, अनवर अब्बास जैदी, हमजा जैदी, सलीम आब्दी और ख्वाजा रईस अब्बास सहित अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। इमामबाड़ा सामानियान, बड़ा इमामबाड़ा जाफर नवाज तथा छोटा इमामबाड़ा अंसारियान में आयोजित मजलिसों को मौलाना हसन हैदर सादिकी, मौलाना सैय्यद तहकीक हुसैन और मौलाना जहूर मेहदी मौलाई ने संबोधित किया। वक्ताओं ने बताया कि हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) ने करबला जाते समय हुर्र के प्यासे लश्कर को पानी पिलाकर इंसानियत की मिसाल पेश की थी। बाद में अपनी भूल का एहसास होने पर हजरत हुर्र ने इमाम हुसैन (अ.स.) से माफी मांगी और यजीद के खिलाफ जंग लड़ते हुए करबला में सबसे पहले शहीद हुए। मजलिसों में सत्य और न्याय के मार्ग पर डटे रहने का संदेश भी दिया गया। अंत में अंजुमन अकबरिया, अंजुमन इमामिया एवं अंजुमन सोगवारे अकबरिया द्वारा नौहाखानी और सीनाजनी की गई।

## सामाजिक सेवा के लिए पार्षद राहुल झांम्ब सम्मानित

**सहारनपुर।** वार्ड नंबर 19 के पार्षद एवं राज्यपाल द्वारा मनोनीत सदस्य राहुल झांम्ब को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान श्रीमती बाला देवी वृद्धा एवं सामाजिक सेवा ट्रस्ट द्वारा शिव मंदिर, गोपाल नगर में आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क मेडिकल कैंप के दौरान प्रदान किया गया। मेडिकल कैंप में क्षेत्र के सैकड़ों बुजुर्गों, महिलाओं एवं जरूरतमंद लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा 'संजीवनी कार्ड' बनवाकर विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त किया।

# योग कार्यक्रम में योग गुरु ने झोली फैलाकर मांगी पांच भिक्षाएं

■ नगर निगम ने श्रीजाहरवीर गोगा महाड़ी परिसर में स्वच्छ कुण्ड के तट पर कराया योग



*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। बारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह के अंतर्गत आज प्रातः नगर निगम द्वारा एक योग कार्यक्रम का आयोजन श्री जाहरवीर गोगा महाड़ी परिसर स्थित स्वच्छ कुण्ड के तट पर किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय योग गुरु पद्मश्री भारत भूषण, महापौर डॉ. अजय कुमार, शाकुंभरी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. विमला वाई, नगरायुक्त शिपू गिरि, भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा व राकेश जैन तथा उपसभापति मयंक गर्ग तथा अन्य पार्षदों ने सिद्धि विनायक श्री गणेश जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महापौर डॉ. अजय कुमार, नगरायुक्त शिपू गिरि व महिलाओं और पार्षदों की ओर से ज्योति अग्रवाल ने पुष्प भेंट कर योग गुरु भारत भूषण का स्वागत किया। योग गुरु ने कहा कि यह सहारनपुर का सौभाग्य है कि गुरु गोरक्षनाथ के शिष्य श्री जाहरवीर महाराज की पूज्य स्थली के परिसर में आज का यह योग कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि योग का गुरु गोरक्षनाथ से गहरा सम्बंध था। वह एक महान योगी थे, उन्होंने योग को गूढ़ साधनाओं से निकाल कर जन-जन तक पहुंचाया। योग गुरु ने उक्त स्थल पर योग कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए नगर निगम को साधुवाद दिया। योग गुरु ने योग शुरु कराने से पूर्व योग का महत्व समझाते हुए उपस्थित साधको से झोली फैलाकर पांच भिक्षा मांगी, जिनमें- व्यसन मुक्त जीवन जीने, ब्रह्ममुहूर्त में जागने, माता-पिता की चरण वंदना करने, नित्य योगासन करने तथा नित्य पढ़ना शामिल है। उन्होंने पीड़ाओं से मुक्ति तथा आरोग्य और आयुष्य की ध्वनि ओइम से यौगिक क्रियाओं की शुरुआत की। योग गुरु ने ताड़ासन, वृक्ष आसन, अर्धचक्र आसन, उत्कट आसन, भद्रासन, स्वस्तिक आसन, वक्रासन, शिशुगति, गर्दभ गति, प्राणायाम और भ्रामरी प्राणायाम आदि आसन कराते हुए लोगों के जीवन में सार्थकता और सौभाग्य को जागरुक करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जगपाल सिंह, अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, सहायक नगरायुक्त जे पी यादव व बिकास धर दुबे तथा क्षेत्रीय आयुष अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र कुमार के अलावा निगम के समस्त अधिकारी, बड़ी संख्या में पार्षदगण, 83 यूपी एनसीसी बटालियन के कैडेट्स, भारत स्काउट गाइड व आईटीसी मिशन सुनहरा कल के वालंटियर्स तथा शहर के गणमान्य लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार डॉ.वीरेन्द्र आजम ने किया।

## रजिस्ट्री कार्यालयों के स्थानांतरण के विरोध में दस्तावेज लेखक संघ का धरना चैथे दिन भी रहा जारी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सदर तहसील स्थित दस्तावेज लेखक एसोसिएशन का ई-रजिस्ट्री और पेपरलेस व्यवस्था के विरोध में धरना चैथे दिन भी जारी रहा. एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में मांग की है कि वर्तमान ऑनलाइन एवं पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली को समाप्त कर पूर्व की भांति पारंपरिक व्यवस्था बहाल की जाए। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि रजिस्ट्री कार्यालय के दीवानी न्यायालय से कलेक्ट्रेट परिसर में स्थानांतरण के समय भी दस्तावेज लेखकों ने प्रशासन का सहयोग किया था, लेकिन अब लागू की गई नई ई-रजिस्ट्री व्यवस्था से दस्तावेज लेखकों और उनसे जुड़े कई लोगों के रोजगार पर संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना है कि सर्वर, तकनीकी समस्याओं और जटिल प्रक्रिया के कारण आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में प्रशासन से हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराने की मांग की गई है। साथ ही दस्तावेज लेखक एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इसी क्रम में एसोसिएशन के सदस्यों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को ज्ञापन भेजने का निर्णय लिया है। दस्तावेज लेखक एसोसिएशन, सदर तहसील सहारनपुर के पदाधिकारियों ने प्रशासन से शीघ्र समाधान कर पारंपरिक रजिस्ट्री व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। इस मौके पर दस्तावेज लेखक संगठन के उपाध्यक्ष चैधरी उपेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष अशोक पसरिचा, उपकोषाध्यक्ष मोहन कुमार, जिला कोऑर्डिनेटर राकेश कुमार सैनी, जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार सेन, चैधरी राजेंद्र कुमार, असरार अहमद, सलीम प्रधान विनोद शर्मा मोहम्मद अब्बास, मशकूर अहमद, प्रभात राघव, महिपाल मुकेश कुमार सैनी, एडवोकेट आमिर खान आदि मौजूद रहे।

# खाद्य कारोबार से जुड़े संस्थानों में निरीक्षण के दौरान अधिकारी को अपना पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य

**खाद्य व्यापार मंडल ने किया स्वागतः अध्यक्ष नवरतन राठी बोले -ईमानदार कारोबारियों को मिलेगी राहत**

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** फर्जी खाद्य सुरक्षा अधिकारी बनकर खाद्य कारोबारियों के उत्पीड़न, भयादोहन और अवैध वसूली की शिकायतों पर लगाम लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सख्त कदम उठाया है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा जारी नए निर्देशों के अनुसार अब विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी विभागीय पहचान पत्र (आईडी कार्ड) धारण करके ही निरीक्षण, सैंपलिंग तथा खाद्य प्रवर्तन संबंधी कार्यवाही कर सकेंगे। सरकार के आदेश पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि, खाद्य संवर्ग के समस्त राजकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभागीय पहचान पत्र उपलब्ध करा दिए गए हैं। किसी भी खाद्य प्रतिष्ठान, होटल, रेस्टोरेंट, किराना दुकान, मिठाई प्रतिष्ठान अथवा अन्य खाद्य कारोबार से जुड़े संस्थानों में निरीक्षण के दौरान अधिकारी को अपना पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य होगा। इसके साथ यह भी निर्देशित किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग का अधिकारी या कर्मचारी बताते हुए निरीक्षण करता है और विभागीय पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाता है, तो उसे विभाग का अधिकृत अधिकारी न माना जाए। ऐसे व्यक्तियों को किसी प्रकार का सहयोग न देने की सलाह दी गई है। फर्जी अधिकारियों पर प्रभावी कार्रवाई हेतु विभाग ने शिकायत दर्ज कराने की व्यवस्था भी की है। ऐसे मामलों की तत्काल सूचना संबंधित जिले के जिलाधिकारी को देने के साथ-साथ मुख्यालय के व्हाट्सएप नंबर 9793429747 तथा ई-मेल fdaupgov@gmail.com पर भी भेजी जा सकती है। विभाग का मानना है कि इससे फर्जी निरीक्षण और अवैध वसूली की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा। वहीं इस निर्णय का स्वागत करते हुए खाद्य व्यापार मंडल के अध्यक्ष नवरतन राठी ने इसे ऐतिहासिक और व्यापारियों के हित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि, लंबे समय से विभिन्न क्षेत्रों से ऐसी शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि कुछ लोग स्वयं को खाद्य सुरक्षा अधिकारी अथवा सुपरवाइजर बताकर दुकानदारों को डराते-धमकाते थे तथा अवैध वसूली का प्रयास करते थे। व्यापारी नेता श्री राठी ने कहा कि विभाग के इस आदेश से खाद्य कारोबारियों का अनावश्यक उत्पीड़न रुकेगा और निरीक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। अब फर्जी अधिकारियों की पहचान आसानी से हो सकेगी और ईमानदार व्यापारियों को मानसिक दबाव तथा आर्थिक शोषण से मुक्ति मिलेगी।

आज दिन में सिगरा स्थित मैरिज प्वाइंट में खाद्य व्यापार मंडल वाराणसी की आयोजित बैठक में अध्यक्ष श्री राठी ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए इस आदेश की जानकारी दी और सभी सदस्यों से बिना आईडी कार्ड के निरीक्षण करने वालों को सहयोग न करने की अपील की। उन्होंने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग तथा खाद्य सुरक्षा आयुक्त का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय व्यापारिक समुदाय के लिए राहतकारी सिद्ध होगा। बैठक में रवि धन्नानी,संदीप बरनवाल, गौरव राठी, भैरू सिंह, कमल लखमानी, राजेश केशरी,अनिल सोनकर, राजन जायसवाल, शिवकुमार होतवानी, शिवशंकर केशरी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## तीन साल से बदहाल मुढारी गांव की मुख्य सड़क, 15 हजार की आबादी परेशान

**महोबा।** विकासखंड जैतपुर क्षेत्र के मुढारी गांव में पिछले तीन साल से मुख्य मार्ग का निर्माण न किए जाने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के चलते गांव को जोड़ने वाली मुख्य सडक को न तो सीसी बनाया जा रहा और न ही उसे डामरीकरण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस बावत कई बार अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन उनकी फरियाद को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया, जिसका खामिया 15 हजार आबादी वाले गांव के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

मुढारी गांव निवासी भवानीदीन, रमेश, जगत, रामसेवक, यशोनंदन पाठक, वीरेंद्र सिंह, अजीत, आदि ग्रामीणो ने बताया कि गांव को शहर से जोड़ने वाली मुख्य सड़क का निर्माण न कराए जाने से उसकी हालत बद से बदतर होती जा रही है। इस कच्चे मार्ग से लोगों का वाहनों निकलना तो दूर पैदल चलना मुश्किल है। बताया कि जबसे ज्यादा दिक्कत तब होती है जब किसी मरीज या गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाना पडता है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर केन्द्रीय पुस्तकालय में पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारम्भ

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सयाजी राव गायकवाड़ ग्रन्थालय (केन्द्रीय पुस्तकालय) में छह दिवसीय योग विषयक विशेष पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी द्वारा शनिवार को पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। यह पुस्तक प्रदर्शनी 20 जून से 25 जून तक साइबर लाइब्रेरी अध्ययन केंद्र, केन्द्रीय पुस्तकालय के सेमिनार हॉल में आयोजित की जा रही है। यह प्रदर्शनी प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

उद्घाटन के पश्चात कुलपति ने पुस्तक प्रदर्शनी का भ्रमण किया तथा अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को योग के महत्व, उसके दर्शन तथा जीवन में उसके सकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है तथा इसके व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। इस अवसर पर डॉ. देवेन्द्र कुमार सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष,केन्द्रीय पुस्तकालय ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित योग विषयक पुस्तकों, शोध ग्रन्थों,पत्रिकाओं तथा दुर्लभ पाण्डुलिपियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विश्वविद्यालय में उपलब्ध मुद्रित एवं इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के साथ-साथ योग साधना तथा भारत सरकार के विभिन्न योग केन्द्रों से संबंधित उपयोगी स्रोतों की भी जानकारी दी। प्रदर्शनी में योग,योग एवं अध्यात्म,योग एवं स्वास्थ्य,योग दर्शन,योग एवं रोग-निवारण,योग के विविध आयाम, तथा योग के क्षेत्र में स्वामियों एवं संतों के योगदान जैसे विषयों से संबंधित पुस्तकों,शोध ग्रन्थों, पत्रिकाओं एवं दुर्लभ पाण्डुलिपियों का प्रदर्शन किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित यह प्रदर्शनी सायाजीराव गायकवाड़ ग्रन्थालय के समृद्ध एवं बहुमूल्य संग्रह को भी प्रदर्शित करती है। यह प्रदर्शनी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ बाहरी आगंतुकों के लिए भी खुली रहेगी। इस अवसर पर ग्रन्थालय के अधिकारी, कर्मचारी तथा अन्य प्रशिक्षु उपस्थित रहें।

# इमामबाड़ों में ताजिया बनाने का काम तेज, युवाओं में खासा उत्साह

**शहर के इमामबाड़ों में बढ़ी मोहर्रम की चहल-पहल, बुजुर्गों के साथ हाथ बंटा रहे नवयुवक**

अवधनामा संवाददाता





**महोबा।** मोहर्रम माह शुरु होते ही इमामबाड़ों में ताजिए बनाने का काम शुरू हो गया। अब ताजिया बनाने में नवयुवक भी खासी रुचि दिखा रहे है। यही वजह है कि अपने कामकाज छोड़कर कई घंटे युवा ताजिया बनाने के लिए जुटे रहते हैं। शहर के मोहल्ला भटीपुरा में बडे ताजिये की बुनाई के लिए युवा दिन के अलावा रात में भी काम करते हैं। शहर के सभी ताजियो से हटकर अलग अंदाज में बड़ा ताजिया महीन बुनाई के साथ तैयार किया जाता है। ताजिया बनाने में युवाओं विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है।

मोहर्रम माह की चार तारीख गुजर जाने के बाद अब ताजियेदार तेजी से ताजिए बनाने में जुट गए हैं। भटीपुरा के अलावा मकनियापुरा, दरियापुरा, कसौरा, भीतरकोट, हवेली दरवाजा, पठानपुरा, मिल्कीपुरा, काजीपुरा, नयारियनपुरा सहित तमाम मोहल्लों के इमामबाड़ों में आज कल ताजिया बनाने का काम चल रहा है। शाम होते ही लोग अपने कारोबार से निपटने के बाद इमामबाड़ो में पहुंचकर ताजिया बनाने के काम में हाथ बटाते हैं। बुर्जुग लोग भी युवाओं से ताजिया बनाने में सहयोग लेते हैं। हर इमामबाड़े के मुजावर ताजिया बनाने की जिम्मेदारी निभाते हैं। कहीं पर मुजावर स्वयं ताजिया बनाते हैं तो कहीं पर बाहर से ताजिया कारीगरों को बुलाकर अब्रक की महीन कारीगरी के साथ ताजिये को तैयार कराया जाता है।

मोहर्रम माह शुरू होते ही इमामबाड़ों में चहल पहल बढ़ गई है। शाम से देर रात तक ताजिया बनाने का काम चलता रहता है। कुछ लोग ताजिया बनाते हैं तो वहीं तमाम लोग इमामबाड़ों में बैठकर मरसिया सुनते रहते हैं। इतना ही नहीं शहर के इमाम चैकों पर शाम होते ही महिलाएं चिराग जलाकर मरसिया पढ़ती है। मोहर्रम की एक तारीख से 12 तारीख तक प्रतिदिन घरों के अलावा इमाम चैकों पर फातिहा होती है। हजरत हसन हुसैन की याद में हर साल इस त्योहार में गमगीन माहौल में मनाया जाता है।

# गेल ने वाराणसी में रचा कीर्तिमान, एक लाखवे डीपीएनजी उपभोक्ता का किया सम्मान

**महापौर ने नागरिकों से अधिक से अधिक पीएनजी अपनाने की अपील की**

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** शहर में स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुलभ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए गेल (इंडिया) लिमिटेड ने अपने एक लाखवें (एक लाखवें) डीपीएनजी उपभोक्ता को सम्मानित किया। यह विशेष कार्यक्रम वाराणसी के तरना स्थित शांति कुंज अपार्टमेंट में आयोजित किया गया, जिसमें शहर में तेजी से विस्तार कर रहे पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) नेटवर्क की सफलता का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में वाराणसी के महापौर अशोक कुमार तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ नगर निगम की टीम तथा जीएआईएल के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। आयोजित कार्यक्रम में गेल इंडिया के सुशील कुमार (महाप्रबंधक,वाराणसी), प्रवीण सिंह (सीएम-स्टील), देबाशीष साहू (एसओ-मार्केटिंग), सुमित सागर (सीनियर इंजीनियर) एवं जे.आकाश (मार्केटिंग असिस्टेंट) सहित अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। उक्त अवसर पर

वाराणसी के महापौर ने एक लाखवें डीपीएनजी उपभोक्ता को प्रमाण-पत्र एवं उपहार हैम्पर प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही उनके कर-कमलों द्वारा शांति कुंज अपार्टमेंट में गैस आपूर्ति का औपचारिक शुभारंभ भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर अशोक कुमार तिवारी ने गेल इंडिया परिवार के कार्यों की सराहना करते हुए नागरिकों से अधिक से अधिक पीएनजी अपनाने की अपील की। इस पहल से क्षेत्र में पीएनजी नेटवर्क के विस्तार को नई गति मिलने की उम्मीद जताई गई। अपने संबोधन में जीएआईएल वाराणसी के महाप्रबंधक सुशील कुमार ने कहा कि, कंपनी लगातार घर-घर पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को भी पीएनजी नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है, जिससे लोगों को एलपीजी सिलेंडर की झंझट और असुविधा से राहत मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि, पीएनजी एक सुरक्षित, विश्वसनीय, किफायती एवं 24 घंटे उपलब्ध रहने वाला ईंधन है। यह पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ उपयोग में भी अत्यंत सुविधाजनक है। जीएआईएल द्वारा शहर में स्टील पाइपलाइन नेटवर्क के विस्तार, सीएनजी स्टेशनों के विकास तथा निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। महापौर श्री तिवारी ने अपने उद्बोधन में जीएआईएल इंडिया लिमिटेड के कार्यों की सराहना करते हुए नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में पीएनजी अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह सुविधा न केवल सुरक्षित और पर्यावरण हितैषी है, बल्कि नागरिकों के दैनिक जीवन को भी सरल एवं सुविधाजनक बनाती है। उन्होंने शहर में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आने वाले समय में वाराणसी विकास और आधुनिक सुविधाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

कार्यक्रम के अंत में एक लाखवें उपभोक्ता को सम्मानित किए जाने के साथ स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जन-जागरूकता का संदेश भी दिया गया। यह आयोजन जीएआईएल की प्रतिबद्धता, तीव्र विस्तार और वाराणसी में स्वच्छ ऊर्जा क्रांति को आगे बढ़ाने के उसके निरंतर प्रयासों का प्रतीक बनकर उभरा।

# मुख्यमंत्री का दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम

**22 जून को आरएमपीएसयू निरीक्षण, कलैक्ट्रेट में समीक्षा बैठक एवं नुमाइश मैदान में विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास**

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी योगी आदित्यनाथ दिनांक 22 व 23 जून को अलीगढ़ भ्रमण पर रहेंगे, इस दौरान वह जनपद में रात्रि प्रवास भी करेंगे। प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री अपरान्ह 01 बजे हैलीकॉप्टर द्वारा आईटीएम कॉलेज करसुआ पहुॅचेंगे।

मुख्यमंत्री 01:30 बजे से 02:00 बजे तक राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण करेंगे। 2:10 बजे आईटीएम हैलीकाप्टर से 2:20 बजे एएमयू विश्वविद्यालय पहुॅचकर 2:30 बजे 3:30 बजे तक कलैक्ट्रेट सभागार में अलीगढ़ मण्डल के लोक निर्माण विभाग के पुराने कार्यों की एवं नए कार्यों की कार्ययोजना के सबंध में बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री 3:40 बजे से 4:25 बजे तक जनपदीय विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। तदोपरांत 4:30 बजे से 05:30 बजे तक राजकीय औद्यौगिक एवं कृषि प्रदर्शनी कार्यक्रम स्थल पर अलीगढ़ सदर व कोल विधान सभाओं एवं नगर निगम के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास और जनसभा को संबोधित करेंगे। 5:45 बजे सर्किट हाउस पहुॅचकर रात्रि विश्राम के उपरांत 23 जून को प्रातः एएमयू हैलीपैड पहुॅचकर वायु मार्ग से हाथरस के लिए प्रस्थान करेंगे।

## नोडल अधिकारी ने जिले के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**बहराइच।** प्रदेश सरकार के मा. राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद विभाग तथा जनपद के नामित नोडल अधिकारी रणवीर प्रसाद ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण के साथ समीक्षा बैठक की। नोडल अधिकारी ने प्रभारी मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा अधिकारियों से कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

# डीआईजी व एसपी एवं जिलाधिकारी द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस पर आए फरियादियों की समस्याएं सुनी गई



**ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 84 शिकायतें प्राप्त, 03 का मौके पर निस्तारण**

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** उप पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र की अध्यक्षता तथा जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में आज ऑफिसर्स क्लब, फतेहगढ़ में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आए फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 84 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें राजस्व विभाग की 40, पुलिस विभाग की 18, विद्युत विभाग की 05, विकास विभाग की 04, चकबंदी विभाग की 01, चिकित्सा विभाग की 03, लोक निर्माण विभाग की 01 तथा अन्य विभागों से संबंधित 12 शिकायतें शामिल रहीं। प्राप्त प्रकरणों में से 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर संबंधित शिकायतकर्ताओं को राहत प्रदान की गई, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण केवल औपचारिकता न होकर तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष एवं स्थायी समाधान के रूप में किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता, जवाबदेही तथा समयबद्धता सुनिश्चित की जाए और यदि किसी प्रकरण में स्थलीय निरीक्षण अथवा संयुक्त जांच की आवश्यकता हो तो उसे प्राथमिकता के आधार पर संपन्न किया जाए। उप पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक प्रकरण पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जाए।

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना नवाबगंज का औचक निरीक्षण किया गया



**फर्रुखाबाद।** अपर पुलिस अधीक्षक, द्वारा थाना नवाबगंज का औचक निरीक्षण कर सीसीटीएनएस कार्यालय, विवेचना कक्ष , मिशन शक्ति केंद्र, भोजनालय, शस्त्रागार,थाना परिसर का निरीक्षण एवं विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। थाना परिसर में साफ सफाई , जन शिकायतों एवं लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण आदि के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## बेटी के हाथ पीले होने से पहले उजड़ी खुशियांः आर्थिक तंगी से परेशान किसान ने पेड़ से लटककर की आत्महत्या



**महोबा।** कोहारी गांव में बेटी की शादी के कुछ दिन पहले एक किसान ने फसल अच्छी न होने और आर्थिक तंगी से परेशान होकर खेत में लगे इमली के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किसान की मौत से घर में शादी की खुशी का माहौल गमगीन हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिजन शादी की तैयारियों में लगे थे, लेकिन अब उनका रो रोकर बुरा हो गया है। कोहारी गांव निवासी मंगल अहिरवार (50) पुत्री पूजा (18) की 28 जून को विवाह की तिथि रखी गई थी। परिवार शादी की तैयारियों में जुटा था, लेकिन इस साल उसकी दो बीघा खेत में फसल अच्छी न होने से किसान आर्थिक तंगी के चलते परेशान रहता था। इसी तनाव के चलते मंगल ने गांव के शंभूदयाल तिवारी के खेत में लगे इमली केक पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पेड़ पर शव लटका देख ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव लटका देख चीखते हुए रोने लगे। मृतक की पत्नी प्रेमवती ने बताया कि वह बेटी की शादी खर्च का पैसा जुटाने के लिए अपने दो बच्चों के साथ दिल्ली गई थी और दस दिन पहले गांव आए थे। सभी लोग बेटी के विवाह की तैयारियों में हंसी खुशी जुटे हुए थे। परिजनों ने बताया कि मृतक ने शादी के खर्च के लिए कई लोगों से मदद मांगी थी। दो दिन पहले उन्होंने ग्राम प्रधान रामराज वर्मा से भी आर्थिक सहयोग की गुहार लगाई थी। प्रधान ने उन्हें निजी सहायता और सरकारी योजनाओं के तहत मदद दिलाने का आश्वासन दिया था, लेकिन शादी के खर्च और आर्थिक दबाव ने उन्हें तोड़ दिया।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर उच्चाधिकारियों ने निर्माण परियोजनाओं का किया निरीक्षण

**बहराइच।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अध्यक्षता में देवीपाटन मण्डल गोण्डा स्थिल मण्डलायुक्त सभागार में लोक निर्माण विभाग एवं उ.प्र. राज्य सेतु निगम लि. के निर्माण कार्यो तथा नये कार्यो की कार्ययोजना के सम्बन्ध में मा. जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय उच्चाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उ.प्र. शासन एवं मण्डल के समस्त वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रमुख अभियन्ता (विभागाध्यक्ष) लोक निर्माण विभाग, प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. राज्य सेतु निगम व लोक निर्माण विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रबन्ध निदेशक, सेतु निगम धर्मवीर धर्म वीर सिंह द्वारा जनपद बहराइच के सेतु निगम की परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

# सीएम योगी का महोबा दौरा आज : अफसरों ने परखा सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 21 जून को महोबा आगमन से पहले जिले के आला अफसरों ने गोरखगिरि पर्वत, शिवतांडव व मुख्यमंत्री के अन्य भ्रमण स्थलों का निरीक्षण कर जायजा लिया साथ ही व्यवस्थाओं को भी देखा। गोरखगिरि पर्वत पर तैनात पुलिस बल को मेहनत ईमानदारी और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबन्धित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को चुस्त दुरूस्त रखने के निर्देश दिए।

21 जून को सुबह हेलीकाप्टर से करीब साढे दस बजे मुख्यमंत्री का आगमन होगा। सीएम के दौरे में किसी भी तरह की कमी न रह जाए, इसको लेकर जिले की जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने अन्य अफसरों के साथ सबसे पहले गोरखगिरि पर्वत का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गोरखगिरि पर पानी की व्यवस्था, साफ सफाई के अलावा अन्य व्यवस्थाओं को भी देखा। मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम दौरान पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था बेहतर रखने के भी निर्देश दिए गए साथ ही पुलिस अधिकारियों को समय समय पर मानीटरिंग करने पर जोर दिया।

डीएम एसपी ने गोरखगिरि भ्रमण के बाद मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा साथ ही लोकापर्ण और शिलान्यास के लिए लगाए गए पत्थरों को भी नजदीक से देखा। सीएम कार्यक्रम दौरान क्या क्या व्यवस्थाएं की गई इसका भी जायजा लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के संबंध में सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने और आवश्यक व्यवस्थाएं पेयजल ,छाया, टेंट, पुलिस सुरक्षा व्यवस्था, बेरिकेडिंग आदि व्यवस्थाओं को समय से दुरुस्त करने और पर्याप्त पुलिस सुरक्षा व्यवस्था रखने के निर्देश संबंधित क्षेत्राधिकारियो और पुलिस अधिकारियों को दिए। निरीक्षण दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, उपजिलाधिकारी सहित क्षेत्राधिकारी पुलिस के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एयरपोर्ट से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, साथी गंभीर

**मथौली, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मथौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर-8 इंदिरा नगर निवासी एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को इंदिरा नगर निवासी मुकेश सिंह (22) और धीरज शर्मा (23) शनिवार सुबह एक परिचित युवक को गोरखपुर एयरपोर्ट छोड़ने गए थे। एयरपोर्ट से वापस लौटते समय गोरखपुर के एनएच-28 पर जगदीशपुर के सामने उनकी बाइक को सामने से आ रही एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से दोनों को तत्काल एम्स गोरखपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मुकेश सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं धीरज शर्मा का इलाज जारी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# गांव में उद्योग लगाइए, आत्मनिर्भर बनिए खादी ग्रामोद्योग बोर्ड ने दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित रोजगारपरक योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार और युवाओं, महिलाओं एवं जीरो पॉवर्टी लाइन के अंतर्गत चिन्हित परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से शनिवार को तहसील गभाना सभागार में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विपणन विकास सहायता योजना के अंतर्गत किया गया।

शिविर का शुभारंभ उपजिलाधिकारी गभाना हरिश्चन्द्र ने किया। उन्होंने उपस्थित युवाओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि युवा अपने गांव में ही उद्योग स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं और अन्य बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। तहसीलदार कृष्ण गोपाल, खण्ड विकास अधिकारी जवां अरविन्द कुमार, एसओ रेखा गोस्वामी, राजस्व निरीक्षक राकेश कुमार भारती, डीएलएसए के प्रतिनिधि राजा भानु, बीएसएनएल के सहायक महाप्रबंधक सत्यदेव, राजस्व निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार एवं जिला समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि रमेश चन्द्र ने भी विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों से अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य ने उच्च शिक्षा एवं कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि स्वरोजगार एवं शिक्षा के समन्वय से युवा अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। कार्यक्रम में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग की योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, उद्यमिता विकास एवं आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत आधार हैं।

# रामायण के स्वर्णिम अध्यायों से रूबरू करा रहा वैक्स म्यूजियम, श्रद्धालुओं को हुआ त्रेतायुग का साक्षात अनुभव




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में अब श्रद्धालु और पर्यटक रामायण के अमर प्रसंगों को केवल पढ़ या सुन ही नहीं, बल्कि उन्हें सजीव रूप में देख और महसूस भी कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकार्पित रामायण वैक्स म्यूजियम उद्घाटन के साथ ही लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गया है। परिक्रमा पथ पर विकसित इस अत्याधुनिक संग्रहालय में रामायण काल के प्रमुख घटनाक्रमों को मोम की जीवंत प्रतिमाओं के माध्यम से इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है कि दर्शकों को त्रेतायुग का साक्षात अनुभव होने लगता है। पहले ही दिन यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ उमड़ी।

संग्रहालय के संस्थापक एवं प्रसिद्ध वैक्स शिल्पकार सुनील कंडल्लूर ने बताया कि अयोध्या का यह रामायण वैक्स म्यूजियम उनकी स्वप्न परियोजना है। उन्होंने कहा कि देश का सबसे बड़ा रामायण वैक्स म्यूजियम बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जहां कुल 200 मोम प्रतिमाएं स्थापित करने की योजना है। वर्तमान में यहां लगभग 40 प्रतिमाएं प्रदर्शित की गई हैं, जबकि भविष्य में रामायण के और भी प्रसंगों को शामिल किया जाएगा।उन्होंने बताया कि सुनील्स वैक्स म्यूजियम की शुरुआत वर्ष 2005 में कन्याकुमारी से हुई थी। इसके बाद वर्ष 2010 में लोनावला में दूसरी शाखा स्थापित की गई, जहां वर्तमान में करीब 100 मोम प्रतिमाएं प्रदर्शित हैं। बाद में तिरुवनंतपुरम में भी वैक्स म्यूजियम की स्थापना की गई।वर्ष 2001 से वैक्स मॉडलिंग के क्षेत्र में सक्रिय सुनील कंडल्लूर अब तक 400 से अधिक मोम प्रतिमाओं का निर्माण कर चुके हैं। स्व-शिक्षित कलाकार के रूप में उन्होंने भारत में वैक्स मॉडलिंग को नई पहचान दिलाई है। अयोध्या का यह संग्रहालय न केवल रामायण के गौरवशाली प्रसंगों को जीवंत करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भारतीय संस्कृति और आदर्शों से जोड़ने का भी माध्यम बनेगा।

## महंत रामहर्षण दास का 109वां जन्म महामहोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न

**अयोध्या।** पूज्य महंत रामहर्षण दास जी महाराज का 109वां जन्म महामहोत्सव भव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। सिद्धि सदन एवं मंत्रार्थ मंडपम में आयोजित इस नौ दिवसीय महोत्सव में देशभर से हजारों संत, महंत एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। महोत्सव के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, संत सम्मेलन, प्रवचन, भजन-कीर्तन और विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पूरे आयोजन में सेवा, समर्पण और सनातन संस्कृति के प्रति आस्था की अद्भुत झलक देखने को मिली।

इस अवसर पर द स्कॉलर एंड पॉलिटिकल भारत के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. विवेक मिश्रा की विशेष सेवा भावना भी आकर्षण का केंद्र रही। उन्होंने कार्यक्रम में पधारे संत-महंतों का चरण पखारकर सम्मान किया तथा पुष्पमालाएं अर्पित कर उनका भव्य स्वागत किया।

## प्रस्तावित नाली निर्माण को लेकर विवाद, ग्रामीणों ने की जांच की मांग



*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर-अयोध्या।** नगर पंचायत बीकापुर के अंतर्गत नासिरपुर मूसी चौबे के पूर्वा वार्ड नंबर-2 में डूडा योजना के तहत प्रस्तावित नाली निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए स्वीकृत नाली का निर्माण निर्धारित मार्ग के बजाय सभासद प्रतिनिधि द्वारा अपने निजी लाभ के लिए खेत से घर तक कराया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि डूडा योजना के अंतर्गत स्वीकृत नाली का उद्देश्य गांव की मुख्य जल निकासी समस्या का समाधान करना था, ताकि बरसात के दिनों में जलभराव से राहत मिल सके। आरोप है कि जिस स्थान से नाली निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ था और जहां नाप-जोख की गई थी, वहां कार्य न कराकर दूसरे मार्ग पर निर्माण कराया जा रहा है, जिससे अधिकांश ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिलेगा।मामले को लेकर गांव निवासी सद्दाम हुसैन समेत कई ग्रामीणों ने तह सील प्रशासन को शिकायत पत्र देकर जांच की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि सार्वजनिक धन का उपयोग व्यक्तिगत हितों के लिए किया जा रहा है, जो सरकारी नियमों और योजनाओं की मंशा के विपरीत है। सद्दाम हुसैन ने बताया कि यदि निर्माण कार्य को तत्काल नहीं रोका गया तो गांव की जल निकासी की समस्या जस की तस बनी रहेगी। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराकर नाली निर्माण मूल प्रस्तावित स्थल से कराने की मांग की है।

## रीढ़ रोगों के उपचार के लिए लगी अत्याधुनिक स्पाइन एमिटी कोर मशीन



**फतेहपुर।** शहर के पटेल नगर चौराहा, आईटीआई रोड स्थित हनुमंत स्पाइन ऑर्थो क्लिनिक में रीढ़ संबंधी रोगों के उपचार के लिए अत्याधुनिक स्पाइन एमिटी कोर मशीन स्थापित की गई है। यह उन्नत पुनर्वास एवं चिकित्सीय उपकरण रीढ़ से जुड़ी समस्याओं के सटीक आकलन और गैर-शल्य चिकित्सा उपचार में सहायक बताया जा रहा है। क्लिनिक के निदेशक डॉ. आशुतोष तिवारी ने बताया कि यह मशीन कमर दर्द, गर्दन दर्द, स्पाइनल विकार, नस दबने और रीढ़ से संबंधित अन्य समस्याओं के उपचार में उपयोगी है। उन्होंने कहा कि इस तकनीक की मदद से कई मामलों में बिना ऑपरेशन के मरीजों को राहत प्रदान की जा सकती है। डॉ. तिवारी के अनुसार, मशीन में लगे स्मार्ट फीडबैक सेंसर मरीज के शरीर की रियल टाइम न्यूरो-मस्कुलर प्रतिक्रिया का विश्लेषण करते हैं। इसके आधार पर मशीन रीढ़ पर दिए जाने वाले तनाव और खिंचाव को स्वतः समायोजित करती है, जिससे उपचार अधिक प्रभावी होता है और मांसपेशियों में अकड़न की संभावना कम रहती है। उन्होंने बताया कि मशीन में लगी स्मार्ट स्क्रीन के माध्यम से मरीज उपचार के दौरान अपने शरीर में होने वाली विभिन्न प्रतिक्रियाओं को देख सकता है, जिससे उपचार प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझने में सहायता मिलती है। यह मशीन साउथ कोरिया की शिनवा मेडिकल कंपनी द्वारा निर्मित है, जिसका भारत में वितरण सिनर्जी कंपनी द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. आनंद, भानु और डॉ. मुकुल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, महंगाई, कानून व्यवस्था और परीक्षा प्रणाली पर उठाए सवाल



*अवधनामा संवाददाता*

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी की फतेहपुर इकाई ने शनिवार को जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल उठाए। पार्टी नेताओं ने महंगाई, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था, किसानों की समस्याओं, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं तथा कथित राजनीतिक उत्पीड़न जैसे मुद्दों पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी नेताओं का कहना है कि पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, खाद, उर्वरक और बीजों की कीमतों में लगातार वृद्धि से किसानों की लागत बढ़ी है और कृषि क्षेत्र संकट का सामना कर रहा है। ज्ञापन में प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने की मांग की गई। साथ ही निरस्त की गई परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को यात्रा और आवास भत्ता देने की भी मांग उठाई गई। समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर चिंता जताते हुए प्रभावी रोकथाम की मांग की। इसके अलावा राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ धर्म और जाति के आधार पर फर्जी मुकदमे दर्ज कराने, कथित फर्जी मुठभेड़ों और बुलडोजर कार्रवाई की न्यायिक जांच कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई। पार्टी ने प्रदेश में बंद किए गए विद्यालयों को पुनः संचालित करने, पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों और जनजातियों के आरक्षण से संबंधित मामलों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने की मांग भी की। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव अब्दुल राफ़े ने सरकार के विरुद्ध बोलते हुए कहा कि वर्तमान की भाजपा सरकार जनता विरोधी है।

# धर्मांतरण और दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट से मिली जमानत

## वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान के तर्कों के आधार पर मिली जमानत

*अवधनामा संवाददाता*



**फतेहपुर।** जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र में दर्ज धर्मांतरण, दुष्कर्म और धमकी के चर्चित मामले में आरोपी मन्सूर अहमद को जिला एवं सत्र न्यायालय से जमानत मिल गई है। अपर सत्र न्यायाधीश/एफटीसी-2 अशोक कुमार ङ्गढ्ढ की अदालत ने आरोपी की जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए उसे एक लाख रुपये के निजी मुचलके तथा समान धनराशि की दो जमानतें दाखिल करने की शर्त पर रिहा किए जाने का आदेश दिया है।

मामला थाना खखरेरू में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 84/2026 से संबंधित है, जिसमें आरोपी मन्सूर अहमद के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), 351(3), 67 बीएनएस तथा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/5(ए) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियोजन के अनुसार पीड़िता की मां ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने उनकी पुत्री को प्रेमजाल में फंसाकर उसके अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए तथा उन्हें वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाए। साथ ही धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डालने और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया था। जिसकी पुष्टि पीड़िता ने भी अपने बयान अंतर्गत धारा 180 व 183 बीएनएसएस में किया है। वहीं बचाव पक्ष की ओर से विद्वान अधिवक्ता जावेद खान द्वारा अदालत में दलील दी गई कि आरोपी को राजनीतिक एवं व्यक्तिगत द्वेष के चलते झूठा फंसाया गया है। बचाव पक्ष ने यह भी कहा कि कथित पीड़िता बालिग है और मामले में कई तथ्यों की निष्पक्ष जांच नहीं की गई। आरोपी की ओर से यह भी तर्क रखा गया कि उसके खिलाफ दर्ज एफआईआर और बाद में दिए गए प्रार्थना पत्रों में कई विरोधाभास हैं। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और केस डायरी का अवलोकन करने के बाद माना कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए आरोपी को जमानत का लाभ दिया जा सकता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जमानत आदेश मामले के अंतिम निर्णय को प्रभावित नहीं करेगा और आरोपी को निर्धारित शर्तों का पालन करना होगा।

## जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) की संगठनात्मक समीक्षा बैठक सम्पन्न



**फतेहपुर।** जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भैया' के निर्देशानुसार शनिवार को सर्किट हाउस/डाक बंगला, फतेहपुर में संगठनात्मक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) एवं प्रदेश अध्यक्ष (किसान प्रकोष्ठ) की उपस्थिति में संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्यक्रमों तथा वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर व्यापक चर्चा हुई।बैठक में जिला कार्यकारिणी, युवा प्रकोष्ठ, किसान प्रकोष्ठ, अधिवक्ता प्रकोष्ठ सहित विधानसभा, मंडल, सेक्टर एवं बूथ स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों के निर्धारण तथा भविष्य की रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से संगठन को गांव-गांव तक सशक्त बनाने, जनसंपर्क अभियान तेज करने तथा पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही आगामी चुनावों में सफलता का आधार बनेगा। बैठक में संगठन को अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए तथा सभी पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से संगठनात्मक गतिविधियां संचालित करने का आग्रह किया गया।

## मिशन शक्ति फेज-05 के तहत अयोध्या पुलिस का जागरूकता अभियान

**अयोध्या।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-05 के द्वितीय चरण के तहत अयोध्या पुलिस द्वारा जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम और एंटी रोमियो टीम सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों, बाजारों, चौक-चौराहों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दे रही हैं।अभियान के दौरान महिला अधिकारों, साइबर अपराधों से बचाव, घरेलू हिंसा संबंधी कानूनी प्रावधानों तथा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही बालिकाओं को गुड टच-बैड टच की जानकारी देकर सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया।

# आबकारी विभाग की भूमि पर बने अधिवक्ता चेम्बरों को हटाने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था की मांग



*अवधनामा संवाददाता*

**फतेहपुर।** जनपद की खागा तहसील में विधि व्यवसाय कर रहे अधिवक्ताओं ने कथित रूप से आबकारी विभाग की भूमि पर बने अपने चेम्बरों को हटाने से पहले वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में अधिवक्ताओं ने समाधान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। अधिवक्ताओं का कहना है कि खागा तहसील परिसर के समीप आबकारी विभाग की खाली पड़ी भूमि पर पिछले लगभग आठ वर्षों से कई अधिवक्ताओं के चेम्बर संचालित हो रहे हैं। बीते 12 जून 2026 को आबकारी विभाग के निरीक्षक रमेश सिंह ने बार एसोसिएशन खागा के अध्यक्ष के माध्यम से उक्त भूमि पर बने सभी चेम्बरों को हटाने के निर्देश दिए थे। इस पर अधिवक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि यदि उक्त भूमि पर बने चेम्बरों को हटाया जाना प्रस्तावित है, तो सबसे पहले भूमि का विधिवत चिन्हांकन कराया जाए, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि कितने चेम्बर प्रभावित होंगे। जूनियर अधिवक्ताओं का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रामसखा द्विवेदी ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि प्रभावित अधिवक्ताओं को उनके विधि व्यवसाय के लिए उपयुक्त वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराए बिना चेम्बरों को हटाना उचित नहीं होगा। उन्होंने मांग की कि प्रशासन पहले प्रभावित वकीलों के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करे, उसके बाद ही किसी प्रकार की कार्रवाई की जाए। अधिवक्ताओं का कहना है कि न्यायालय परिसर के आसपास बैठने की व्यवस्था उनके पेशे के लिए आवश्यक है और प्रशासन को इस पहलू को ध्यान में रखते हुए समाधान निकालना चाहिए।

इस अवसर पर मोहम्मद इसराइल फ़ारूक़ी, श्याम कुमार गुप्ता पंकज, अखिलेश यादव, आशीष शुक्ला, अभिमन्यु सिंह मौर्य, अनूप कौशल, नीतू जायसवाल, आशीष कुमार सिंह, स्मिता, आकाश मौर्य, सत्य प्रकाश यादव, रोहित, उमेश मौर्य, धर्मेंद्र मौर्य, सुनील कुमार सिंह, चित्रसेन, अनिल कुमार, कृष्णा, चंद्रभान सिंह, नीरज कुमार, अभिषेक कुमार, कृष्ण कुमार तिवारी, अभिषेक श्रीवास्तव, हेमचंद्र विश्वकर्मा, पप्पू, शिवशंकर यादव, शिव सिंह, पवन अग्रहरि, आर.डी. यादव, बलराम सिंह, आदर्श सिंह, मनोज कुमार, रवि कुमार, पुष्कर मौर्य, मनीष शुक्ला, कुबेर सिंह, प्रशांत कुमार, कमलेश लोधी, आशीष लोधी उर्फ सारंग सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## अंतरजनपदीय चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

### दान-दक्षिणा और पूजा-पाठ के बहाने घरों में करते थे चोरी



**पुरंदरपुर (महराजगंज)।** थाना पुरंदरपुर पुलिस ने चोरी की घटनाओं के खुलासे में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतरजनपदीय चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से नकदी, सोने की नथुनी तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुरंदरपुर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में अखिलेश पाण्डेय (37), शेरा पाण्डेय (40) एवं चन्दन पाण्डेय (35) निवासी ग्राम त्रिलोकपुर खुर्द, थाना पडरौना, जनपद कुशीनगर शामिल हैं। पुलिस के अनुसार 18 जून की रात करीब 11:40 बजे ग्राम मधुकरपुर महदेवा स्थित पुराने पंचायत भवन के पास से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे दान-दक्षिणा एवं पूजा-पाठ के बहाने लोगों के घरों में प्रवेश कर कीमती आभूषणों की चोरी करते थे। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि 6 जून 2026 को ग्राम देवपुर में हुई चोरी की घटना में भी इनकी संलिप्तता थी। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि चोरी किए गए जेवरात नेपाल में बेच दिए जाते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5,760 रुपये नकद, एक सोने की नथुनी तथा एक हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की है। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर तीनों आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है।

## सोहावल के पम्प कैनाल पर मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**अयोध्या।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद अयोध्या में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देना है। प्रभागीय वनाधिकारी एवं जिला गंगा समिति के संयोजक प्रखर गुप्ता ने बताया कि 21 जून 2026 को पम्प कैनाल, विकास खंड सोहावल में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में योगाभ्यास के साथ स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया जाएगा।

## महाविद्यालय में छात्रों ने किया सूर्यनमस्कार




*अवधनामा संवाददाता*

**चौक बाजार (महराजगंज)।** गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चौक बाजार में आयोजित साप्ताहिक योग शिविर के छठे दिन छात्रों को योग एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया। योग प्रशिक्षक रविंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को सूर्यनमस्कार, जॉगिंग तथा विभिन्न योगाभ्यास कराए। उन्होंने कपालभाति, भस्त्रिका और अनुलोम-विलोम प्राणायाम का अभ्यास भी कराया तथा इनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया। प्रशिक्षक ने बताया कि नियमित योग और प्राणायाम से तन एवं मन स्वस्थ रहता है तथा एकाग्रता बढ़ने से अध्ययन में भी सहायता मिलती है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं, एनसीसी कैडेट्स, रोवर्स-रेंजर्स के छात्र-छात्राएं तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। यह जानकारी महाविद्यालय के सूचना प्रभारी डॉ. सरोज रंजन ने दी।

# जनसंपर्क अभियान के तहत प्रबुद्ध वर्गो से मिले पंकज चौधरी

## मोदी सरकार की उपलब्धियो पर किया संवाद

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे भाजपा के 'विशिष्ट जनसंपर्क अभियान' के तहत केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने शनिवार को सदर एवं सिसवा विधानसभा क्षेत्रों में प्रबुद्ध वर्गों से संपर्क कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों और विकसित भारत के संकल्प पर चर्चा की। अभियान के दौरान उन्होंने चिकित्सकों, व्यापारियों एवं समाज के गणमान्य लोगों से भेंट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, डिजिटल सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। सदर विधानसभा क्षेत्र में उन्होंने डॉ. सुभाष पांडेय, डॉ. डी.के. पांडेय, डॉ. के.के. अग्रहरी तथा व्यवसायी श्याम सुंदर सुल्तानिया से मुलाकात की। वहीं सिसवा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर किसानों, व्यापारियों एवं अन्य प्रबुद्धजनों से संवाद किया। पंकज चौधरी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में समाज के प्रबुद्ध वर्गों की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में सभी की सहभागिता आवश्यक है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, अजय श्रीवास्तव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 75 शिकायतें पहुंचीं, 11 का मौके पर निस्तारण

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** तहसील फरेंदा सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई की गई। कार्यक्रम में कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 11 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को भेजते हुए निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से भूमि विवाद से जुड़े मामलों में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें तथा संतुष्टि प्रतिशत न्यूनतम 75 प्रतिशत बनाए रखें।

# मदनपुरा गोसदन में अव्यवस्थाओं को लेकर हंगामा

## बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने जताई नाराजगी

*अवधनामा संवाददाता*

**सिंदुरिया(महराजगंज)।** विकास खंड मिठौरा के अंतर्गत मदनपुरा गोसदन की व्यवस्थाओं को लेकर शनिवार को विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। गोसदन में पशुओं की स्थिति की सूचना मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और अव्यवस्थाओं का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि गोसदन में दो गोवंश मृत अवस्था में मिले, जबकि एक अन्य पशु की हालत गंभीर थी। उन्होंने गोसदन की देखरेख और पशुओं के रखरखाव पर सवाल उठाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सूचना पर थानाध्यक्ष अंकित कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत कराया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच कहासुनी होने की भी चर्चा रही, हालांकि प्रशासन की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। खंड विकास अधिकारी मिठौरा राहुल यादव ने बताया कि बरसात को देखते हुए मदनपुरा गोसदन के पशुओं को लक्ष्मीपुर गोसदन में स्थानांतरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोपहर तक कर्मचारी मौके पर मौजूद थे और पशुओं के स्थानांतरण की प्रक्रिया चल रही थी। उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ गुप्ता ने बताया कि मदनपुरा गोसदन के पशुओं को दूसरे गोसदन में शिफ्ट किया जा रहा है। उनके अनुसार कुछ कमजोर एवं बीमार पशुओं की स्वाभाविक मृत्यु हुई है। थानाध्यक्ष अंकित कुमार सिंह ने बताया कि पशुपालन विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया था तथा मृत पशुओं के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# मुहर्रम को लेकर डीएम-एसपी ने किया फ्लैग मार्च

**इटवा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, अफवाह फैलाने पर होगी कार्रवाई**



एजाज़ सिद्दीक़ी

**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अभिषेक महाजन ने इटवा में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

फ्लैग मार्च के दौरान एसएसपी अभिषेक महाजन के साथ जिलाधिकारी शिवशरप्पा जीएन सहित पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सड़कों पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी से लोगों में सुरक्षा का संदेश गया। अधिकारियों ने संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी अभिषेक महाजन ने बताया कि मुहर्रम के जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है। उन्होंने जानकारी दी कि मुहर्रम के जुलूस आज से शुरू हो रहे हैं और विभिन्न दिनों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सबसे बड़ा जुलूस दसवीं तारीख यानी 26 जून को निकलेगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है।

एसएसपी ने यह भी बताया कि जुलूस के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। किसी भी अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए जुलूस के साथ भी पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। सभी स्थानों पर ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है और अधिकारियों को लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

एसएसपी ने कहा कि मुहर्रम गमी और शोक का त्योहार है, जिसकी संवेदनशीलता को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य है कि यह त्योहार आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी तरह की अफवाह या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए पुलिस क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहेगी। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से भी संवाद किया और उनसे त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। अधिकारियों ने नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। इस फ्लैग मार्च के दौरान एसडीएम कुणाल, क्षेत्राधिकार प्रवीन प्रकाश प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र इंस्पेक्टर संतोष तिवारी इंस्पेक्टर बृजभान यादव सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

## चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर फ्लाईओवर, अंडरपास या रैंप निर्माण की मांग

**गोण्डा।** करनैलगंज चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माण के चलते ग्राम बहुवन मदार माझा में प्रमुख संपर्क मार्ग बाधित होने से ग्रामीणों की समस्याएं बढ़ गई हैं। इसे लेकर ग्राम बहुवन मदार माझा परगना ग्वारिच तहसील करनैलगंज निवासी ध्रुवराज यादव पुत्र हरिवंश यादव ने जिलाधिकारी गोंडा को प्रार्थना पत्र देकर पैकेज-6 के अंतर्गत फ्लाईओवर, अंडरपास अथवा रैंप का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माण के कारण गांव के कई प्रमुख मार्ग बंद हो गए हैं,जिससे बच्चों को विद्यालय ले जाने वाली बसों का संचालन प्रभावित हो रहा है। किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉली के आवागमन में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि बहुवन मदार माझा पश्चिमी से पूर्वी भाग को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग बिहारी पुरवा स्थित गाटा संख्या-3134 के पास बंद हो चुका है।

# भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सपाइयों का प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र 302 शोहरतगढ़ के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को महंगाई, बेरोजगारी और विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। जिला उपाध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र यादव के नेतृत्व में सैकड़ों सपाइयों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की और एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर समस्याओं के समाधान की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रदेश और देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस और बिजली की कीमतों में वृद्धि से आम जनता परेशान है। किसानों को खाद और बीज की उपलब्धता में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा नीट परीक्षा पेपर लीक जैसे मामलों से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सपा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है। उन्होंने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को संविधान और लोकतंत्र की रक्षा का चुनाव बताते हुए जनता से भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पीडीए केवल एक नारा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और बदलाव का आंदोलन है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जुबेदा चौधरी, कमरूज्जमा खान, हरिराम यादव, गोपाल फौजी, शमशुल हुदा, राहुल यादव, श्याम सुंदर यादव, जेपी यादव, कपिल यादव, उमेश यादव, हरिलाल, भोले शंकर, राजू चौधरी, अमित यादव, विकास, सत्यम, विजय, श्याम कुमार, जयराम चौधरी, सुजीत, सोनू यादव, अतुल सेन यादव और गोलू सहित बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सांसद ने किया पुलिस चौकी, माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज का अनावरण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** पुलिस चौकी, माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज, सिद्धार्थनगर का शनिवार को सांसद जगदंबिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा फीता काटकर एवं शिलापट का अनावरण कर उद्घाटन किया गया।

पुलिस चौकी माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के उद्घाटन के अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज में पुलिस चौकी का उद्घाटन होने से मरीजों एवं कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा। उपचार के साथ सुरक्षा भी आवश्यक है। सभी की सुरक्षा के लिए यह चौकी मील का पत्थर साबित होगा। बहुत अच्छा पुलिस चौकी बनी है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा इतने कम समय में इसे मूर्त रूप दिया गया है। इसके लिए बधाई देता हूं। विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि आज पुलिस चौकी का उद्घाटन किया गया है। इससे सभी को लाभ मिलेगा। जनपद पिछड़ा जनपद है। सांसद के प्रयास से बहुत सी सड़को का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने सांसद, विधायक एवं अन्य सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस चौकी से सभी को लाभ मिलेगा। सांसद द्वारा पूर्व में निरीक्षण कर इमरजेंसी एवं ओ पी डी में सुधार हेतु निर्देश दिया गया था। इमरजेंसी एवं ओ पी डी में बहुत ही सुधार हुआ है।

इस अवसर पर प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ राजेश मोहन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रजत कुमार चौरसिया एवं अन्य संबंधित अधिकारी व डॉक्टर आदि उपस्थित रहे।

## बुढ़वलिया महीपतगंज में शोकसभा के सामने ढोल बजाने पर बवाल, घर में घुसकर हमला, 6 घायल

**मोहर्रम के हुद्दा को लेकर दो समुदाय आमने-सामने, टीनशेड-बाइक में तोड़फोड़, छत से पथराव का आरोप**

अवधनामा संवाददाता

**कर्नलगंज, गोण्डा।** कोतवाली कर्नलगंज के भंभुआ चौकी क्षेत्र स्थित बुढ़वलिया महीपतगंज गांव में शुक्रवार रात शोक में डूबे परिवार के दरवाजे पर मोहर्रम का हुद्दा और ढोल बजाने को लेकर दो समुदायों में जमकर टकराव हो गया। आरोप है कि मना करने पर दर्जनों लोग लाठी-डंडों से लैस होकर घर में घुस गए और हमला-तोड़फोड़ की। घटना में आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

ग्रामवासी शिवा पुरुवार पुत्र रामशंकर पुरुवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि शुक्रवार शाम उनकी बड़ी मां सरिता देवी पत्नी बद्री प्रसाद का निधन हो गया था। घर में शोक का माहौल था और अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी। आरोप है कि रात करीब 9 बजे कुछ लोग मोहर्रम का हुद्दा और ढोल लेकर दरवाजे के सामने पहुंचे और तेज आवाज में बजाने लगे। परिवार ने शोक का हवाला देकर ढोल न बजाने का अनुरोध किया। इसी बात पर कहासुनी शुरू हो गई और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि कुछ देर बाद दूसरे पक्ष के दर्जनों लोग लाठी-डंडों से लैस होकर घर पहुंच गए। गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। जान बचाने के लिए परिवार के सदस्य घर में घुस गए, लेकिन हमलावर अंदर तक आ धमके। आरोप है कि घर के टीनशेड, बाइक और अन्य सामान में तोड़फोड़ की गई। छत से ईंट-पत्थर भी फेंके गए। बीच-बचाव करने आए रामावती, राजन शैनी, रिंकू शैनी, लकी जायसवाल, मुन्ना मौर्य और किरन मौर्य घायल हो गए।

# इटवा तहसील समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनीं शिकायतें

**कई का मौके पर निस्तारण, अधिकारियों को समय निस्तारण करने के निर्देश**

निहाल चौधरी



**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों राजस्व 52, पुलिस 11, विकास 7, विद्युत 9, पूर्ति 2, नगर 6 अन्य 15 सहित 102 मामले आये जिसमे राजस्व के 9 मामलों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। जबकि शेष के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कुणाल, क्षेत्राधिकारी पवीन प्रकाश, तहसीलदार, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा बीईओ राजेश, सप्लाई राधवेन्द्र सिंह ईओ बिस्कोहर अखिलेश दीक्षित,सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। आम जनता द्वारा भी विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व संबंधी मामले जैसे भूमि विवाद, नामांतरण और खाता-खतौनी सुधार शामिल थे। बिजली सड़क निर्माण, तालाब खुदाई जैसे विकास कार्यों में अनियमितता की जांच, नालियों की सफाई और जलभराव व स्वच्छता संबंधी समस्याएं भी उठाई गई। कानून-व्यवस्था से संबंधित सुरक्षा और लंबित मामलों के निस्तारण की मांग की गई, साथ ही पेंशन, आवास व अन्य सरकारी योजनाओं में लंबित आवेदनों पर भी ध्यान आकर्षित कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने कहा कि सभी मामलों की नियमित समीक्षा की जाएगी ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके। समाधान दिवस प्रशासन और जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम साबित हुआ, जिसमें स्थानीय समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल देखने को मिली।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 240 शिकायतें प्राप्त, 12 का मौके पर निस्तारण



अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील करनैलगंज में पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल तथा मुख्य विकास अधिकारी दयानन्द प्रसाद ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं।तहसील करनैलगंज में कुल 240 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए भेजा गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित कर स्थलीय जांच कराई जाए तथा पूरी गुणवत्ता के साथ शिकायतों का समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अवैध अतिक्रमण, चकमार्ग, तालाब, नाली एवं सरकारी भूमि पर कब्जे से जुड़े मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के दौरान शिकायतकर्ता की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा कार्रवाई की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई जाए।

## सुसराल जा रहे युवक को बदमाशों ने मारी गोली

**जलालपुर, अंबेडकर नगर।** जैतपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को पत्नी और बच्चे के साथ ससुराल जा रहे एक युवक को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जनपद के अहरौला थाना क्षेत्र के हाशापुर गांव निवासी अभय राज यादव पुत्र रमई यादव (35) अपनी पत्नी मीना और तीन वर्षीय पुत्र दिव्यांशु के साथ बाइक से जैतपुर स्थित अपनी ससुराल आ रहे थे। बताया जाता है कि ससुराल पहुंचने से लगभग एक किलोमीटर पहले काली स्थान के पास बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने अभय राज यादव से गले में पहनी सोने की चेन देने की मांग की। विरोध करने पर बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। गोली लगते ही अभय राज यादव गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम दिखी नाराज़ सात अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण



अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** अकबरपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में समय से न पहुंचने वाले अधिकारियों पर नाराज दिखी उप जिलाधिकारी श्रीमती प्रतीक्षा सिंह ज्ञात हो कि जनपद के समस्त तहसीलों में माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होता है जिसका समय सुबह 10:00 बजे से मध्यान्ह 2:00 बजे तक रहता है। जिसके क्रम मे अकबरपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को अलग ही नजारा देखने को मिला सुबह के 11:00 बजे तक सात अधिकारियों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में न पहुंचने पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अकबरपुर उप जिलाधिकारी प्रतीक्षा सिंह ने सख्त रुख अपनाते हुए सात अधिकारियों को स्पष्टीकरण का नोटिस जारी कर दिया। अकबरपुर उप जिलाधिकारी ने बताया फरियादियों के जनसुनवाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और सरकार की मंशा को फलीभूत करने के उद्देश्य से नियम का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

## सड़क हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौत, अज्ञात वाहन की तलाश जारी

**उन्नाव।** जिले के बांगरमऊ क्षेत्र में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान सूर्यपाल 50 वर्ष के रूप में हुई है, जो हरदोई से अपनी ससुराल जा रहे थे।जानकारी के अनुसार, गाजीपुर गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सूर्यपाल की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।पुलिस का कहना है कि जल्द ही वाहन की पहचान कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में हुई इस घटना से स्थानीय लोगों में भी शोक का माहौल है।

## सांसद की अगुवाई में जिला स्पोर्ट स्टेडियम में किया सामूहिक श्रमदान



**सिद्धार्थनगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व शनिवार को सांसद जगदंबिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोविंद माधव एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन द्वारा जिला स्पोर्ट स्टेडियम में सामूहिक श्रमदान किया गया। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सामूहिक श्रमदान कर साफ सफाई किया। इस दौरान सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर देश में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री जी द्वारा स्वयं सफाई किया गया। स्वच्छता से बीमारिया नहीं होती है और हम सभी लोग स्वस्थ रहते है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नौगढ़ राहुल सिंह, पी डी, डी सी मनरेगा संदीप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अजय कुमार सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस लाइन गोण्डा में योगाभ्यास एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन



**गोण्डा।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन गोण्डा में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया तथा नियमित योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग के महत्व, उसके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया, जिससे प्रतिभागियों ने स्वास्थ्यवर्धक जीवन के प्रति जागरूकता प्राप्त की। इस अवसर पर जिलाधिकारी के निर्देशन में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस लाइन गोण्डा परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

## ई रजिस्ट्रेशन पर ख़त्म हुई तकरार दस्तावेज़ लेखकों को शासन ने दिलाया भरोसा

**अम्बेडकरनगर।** प्रदेश के निबंधन कार्यालयों में पिछले कई दिनों से चल रही दस्तावेज लेखकों की हड़ताल आखिरकार समाप्त हो गई है। शनिवार 20 जून 2026 को हुई महत्वपूर्ण वार्ता में शासन और दस्तावेज लेखक संघ के बीच सहमति बनने के बाद हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया गया। बैठक में दस्तावेज लेखक संघ ने ई-रजिस्ट्रेशन नियमावली 2024 में दस्तावेज लेखक नियमावली 1977 के नियम 6 और 7 को शामिल करने तथा ई-रजिस्ट्रेशन के कार्य को निजी संस्थाओं को न सौंपने की प्रमुख मांग रखी। इस पर शासन की ओर से आश्वासन दिया गया कि नियम 6 व 7 को उचित स्थान पर शामिल करने हेतु प्रस्ताव जल्द ही शासन स्तर पर भेजा जाएगा।

# ओवरलोड वाहनों पर एआरटीओ का शिकंजा

**80 दिनों में 2 करोड़ रुपये का जुर्माना**



अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** जिले में ओवरलोड वाहनों, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ परिवहन विभाग का अभियान लगातार जारी है। 1 अप्रैल से अब तक की कार्रवाई में करीब 2 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया है, जबकि 750 से अधिक वाहनों पर कार्रवाई की गई है।

एआरटीओ प्रवर्तन संजीव कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर खनन विभाग, परिवहन विभाग, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टास्क फोर्स गठित की गई है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप यह टीम जिले में ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चला रही है।उन्होंने बताया कि टास्क फोर्स द्वारा प्रत्येक दूसरे दिन रात्रि में औचक निरीक्षण किया जाता है। साथ ही प्रमुख चेक प्वाइंटों पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है, ताकि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। अभियान के तहत 1 अप्रैल से अब तक बिना नंबर प्लेट चल रहे लगभग 750 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वहीं ओवरलोडिंग के आरोप में करीब 250 वाहनों का चालान कर उन्हें बंद कराया गया, जबकि क्षमता से अधिक माल ढोने के लिए बॉडी संशोधित करने वाले लगभग 170 वाहनों पर भी कार्रवाई की गई है।सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नो-पार्किंग में खड़े वाहनों और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत 125 वाहनों पर कार्रवाई की गई।एआरटीओ ने बताया कि नंबर प्लेट पर कालिख पोतने, कीचड़ लगाने या नंबर अधूरा प्रदर्शित करने वाले डंपर और ट्रकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। ऐसे मामलों में पहले चालान और फिर वाहन सीज करने की कार्रवाई की जा रही है। अब तक 724 डंपर और ट्रकों के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई की जा चुकी है।इसके अलावा यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में 2066 चालान किए गए हैं। विभाग का दावा है कि लगातार चल रही कार्रवाई के कारण जिले में ओवरलोडिंग की समस्या में कमी आई है और पहले की तुलना में सड़कों पर ओवरलोड वाहन कम दिखाई दे रहे हैं।

## विधायक अनिल सिंह ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**उन्नाव।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'सरकार आपके द्वार' अभियान के तहत पुरवा क्षेत्र के ग्राम ऊंचगांवसानी में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अनिल सिंह शामिल हुए।चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक अनिल सिंह ने केंद्र की भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए अधिकारी गांव-गांव जाकर कार्य कर रहे हैं।विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देना है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील भी की। इस दौरान विधायक ने विपक्ष, विशेषकर समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले पर भी निशाना साधा।

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसएसपी ने सुनीं जनसमस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**सफीपुर /उन्नाव।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की शिकायतों के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सफीपुर में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक सफीपुर बंबालाल दिवाकर, जिलाधिकारी घनश्याम मीणा तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, जलापूर्ति, भूमि विवाद, पेंशन, आवास एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों ने सभी प्रकरणों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों के निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा तथा किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सफीपुर शिवेन्द्र वर्मा, क्षेत्राधिकारी/पुलिस उपाधीक्षक सफीपुर हर्ष मोदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक थोपे युद्ध का अंत

दुनिया ने राहत की सांस महसूस की होगी! आर्थिक मंदी, ऊर्जा-खाद्य संकट और तबाही की भयावहता अब नहीं डराएगी। ईरान का 47 साल लंबा वैश्विक वनवास और पाबंदियां अब समाप्त होंगी। होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग से ईरान के 11 जहाज कच्चा तेल लेकर गुजरे। कतर की एलएनजी के टैंकर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के जहाज भी गुजरने लगे हैं। युद्ध से पहले जो होर्मुज था, उसका वही स्वरूप और रास्ता खुलने लगा है। अमरीका ने भी होर्मुज-ओमान खाड़ी में अपनी सैन्य नाकेबंदी हटा ली है। अमरीकी सेनाएं भी धीरे-धीरे लौट जाएंगी। यह अमरीका-ईरान के बीच समझौते के मसविदे पर हस्ताक्षर कर सहमति देने के बाद के माहौल, उल्लास, निष्कंटक आवाजाही के दृश्य हैं। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पेरिस के 'वर्साय पैलेस' में, जी-7 सम्मेलन के दौरान ही, समझौते के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए और फिर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने दस्तखत किए। इसी के साथ 110 दिन से जारी ईरान युद्ध समाप्त हो गया। बमबारी, मिसाइल, ड्रोन की भयानक आवाजें, विस्फोट, आग की लपटें और धुआं, अंततः विध्वंस का दौर थम गया। मानवता जिंदा रह सकेगी, फिलहाल यह तय किया गया है। अब आगे के 60 दिन वार्ताओं के दौर जारी रहेंगे। अंतिम समाधान और सहमति तय की जाएगी, लेकिन यह निश्चित है कि राष्ट्रपति ट्रंप अब युद्ध का आदेश नहीं देंगे। इस युद्ध ने उनकी कई गलतफहमियां दूर की हैं, युद्ध के बारे में वह आत्ममंथन कर रहे होंगे, शायद क्यूबा को भी बख्श देंगे और इस निष्कर्ष पर पहुंचेंगे कि हरेक देश वेनेजुएला नहीं होता। यह युद्ध-समाप्ति बेहद त्रासद रही है, क्योंकि कुल 7500 से अधिक मौतें हुई। पेंटागन और ईरान वॉर कॉस्ट ट्रैकर के मुताबिक, दोनों देशों को करीब 162 लाख करोड़ रुपए का नुकसान झेलना पड़ा है। दुनिया के वे देश, जिनका युद्ध से प्रत्यक्ष संबंध नहीं था, उन्हें भी करीब 112 लाख करोड़ रुपए की चपत लगी।

खाड़ी देशों को करीब 194 अरब डॉलर का नुकसान ही झेलना नहीं पड़ा, बल्कि करीब 36 लाख नौकरियां/रोजगार खत्म हो गए। करीब 40 लाख लोग गरीबी-रेखा के नीचे जाने को विवश हुए। अमरीका-इजरायल ने ईरान पर करीब 2500 हमले किए और उसे खंडहर बना दिया। अकेले ईरान को करीब 30 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ और अमरीका को भी करीब 10.64 लाख करोड़ रुपए फूंकने पड़े। उसकी 10 लाख करोड़ रुपए की मिसाइलें और ड्रोन ईरान ने तबाह कर दिए। अमरीका के 15 सैनिक भी मारे गए और खाड़ी देशों में उसके सैन्य ठिकानों को भी नष्ट कर दिया गया है। 'सुपर पॉवर' की छवि, बेशक, खंडित हुई है। यह माना जा सकता है कि राष्ट्रपति ट्रंप को इस समझौते के लिए तैयार होना पड़ा, कदाचित झुकना पड़ा। उन्होंने जी-7 बैठक के दौरान यह स्वीकार कर सभी को चौंका दिया कि चार सप्ताह में रिजर्व खत्म हो जाते। दुनिया भर के रिजर्व भी खत्म हो जाते। तेल-गैस खत्म हो जाते, तो दुनिया में अराजकता फैल जाती। महत्वपूर्ण और घातक हथियारों के भंडार भी खत्म हो रहे थे। उन्हें आगामी तीन सालों में भी भरा नहीं जा सकता। आर्थिक मंदी मंडरा कर डराने लगी थी, लिहाजा युद्ध समाप्त करने के अलावा, कोई और विकल्प नहीं था। बेशक ईरान के 3 परमाणु स्थल और 5 मिसाइल सेंटर क्षतिग्रस्त हुए। देश के सुपीम लीडर खामेनेई समेत 40 शीर्ष चेहरे और कमांडर आदि मारे गए, लेकिन ईरान बिखरा नहीं। हुकूमत के प्रति जुड़ा रहा और दुश्मन का कड़ा विरोध किया। बेशक ईरान का एक बड़ा हिस्सा 'कब्रिस्तान-सा' हो गया, फिर भी ईरान इस युद्ध का 'सिकंदर' बनकर उभरा है। उसकी नैतिक जीत हुई है, क्योंकि अमरीका-इजरायल के जो भी मकसद और मंसूबे थे, वे अधूरे रहे, धराशायी हो गए। ईरान का परमाणु कार्यक्रम यथावत है, संवर्धित यूरेनियम उसके पास सुरक्षित है, अलबत्ता उसने परमाणु हथियार न बनाने की जरूर घोषणा की है। यह बड़े खामेनेई का आदेश भी था। अब ईरान औसतन 15 लाख बैरल कच्चा तेल हररोज बेच सकेगा। भारत जैसे बड़े ग्राहक देश के साथ नया करार कर सकेगा। उसकी जब्त संपत्तियां भी जारी होंगी। अमरीका और खाड़ी देशों की कंपनियां पुनर्निर्माण के लिए 28 लाख करोड़ रुपए से अधिक, 300 अरब डॉलर, का फंड बनाएंगी। ईरान अब खाड़ी का नया 'बॉस' होगा, क्योंकि अमरीकी सुरक्षा से खाड़ी देशों का मोहभंग हो चुका है। बहरहाल फिर भी स्थायी शांति की दरकार है।

# योगः व्याधियों को घटाने तथा उत्तम स्वास्थ्य से जुड़ने का विज्ञान

प्रो.(डा.) मनमोहन प्रकाश

गुणवत्तापूर्ण मानव जीवन और दीर्घायु पूरी तरह से उत्तम स्वास्थ्य पर टिका है। लेकिन आज की बदलती जीवनशैली, मिलावटी खान-पान, मानसिक तनाव, शारीरिक निष्क्रियता, बढ़ता स्क्रीन टाइम और प्रदूषण इंसानी शरीर को बीमारियों का घर बना रहे हैं। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में योग केवल एक शारीरिक व्यायाम के रूप में नहीं, बल्कि निरोगी काया और मानसिक शांति प्राप्त करने की एक समग्र व निःशुल्क वैज्ञानिक पद्धति के रूप में हम सबके सामने है।

संस्कृत की 'यु' धातु से उत्पन्न 'योग' शब्द का सीधा अर्थ है-जोड़ना, समन्वय स्थापित करना या एकाकार होना। योग का अंतिम लक्ष्य केवल तात्कालिक तौर पर बीमारियों को दूर करना नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच ऐसा सुदृढ़ संतुलन स्थापित करना है, जिससे व्यक्ति दीर्घायु और पूर्ण स्वास्थ्य की ओर अग्रसर हो सके।

आमतौर पर स्वास्थ्य का आकलन केवल रोगों की अनुपस्थिति से किया जाता है, जिसे संकुचित दृष्टिकोण कहा जा सकता है। जबकि वास्तविक स्वास्थ्य का दायरा कहीं अधिक व्यापक है। पूर्ण रूप से स्वस्थ होने का अर्थ है,शरीर में असीम ऊर्जा, मन में गहरी शांति, विचारों में स्पष्टता और जीवन में आनंद की अनुभूति। योग इसी मूल सिद्धांत पर काम करता है। यह एक तरफ जहां शरीर से विकारों को घटाता है, तो दूसरी ओर जीवनी शक्ति को बढ़ाता है।

आजकल मानव जीवन की आम समस्याएँ है तनाव, मोटापा, उच्च रक्तचाप, अनिद्रा, शारीरिक जकड़न और कमजोर पाचन तंत्र। इन्हें सीधे तौर पर हमारी अव्यवस्थित दिनचर्या से जोड़ा जा सकता हैं। योग इन समस्याओं के लक्षणों को दबाने के बजाय उनके मूल कारणों पर प्रहार करता है, यही इसकी प्रमुख विशेषता है। वैज्ञानिक शोध भी पुष्टि करते हैं कि नियमित योगाभ्यास सेः?शरीर का लचीलापन और कार्यक्षमता बढ़ती है;?श्वसन तंत्र मजबूत होता है और ऑक्सीजन का प्रवाह बेहतर होता है;?तनाव का स्तर घटता है तथा भावनात्मक नियंत्रण विकसित होता है। योग विशिष्ट इस लिए है कि वह स्वास्थ्य को एक सतत निर्माण प्रक्रिया मानता है। जिस तरह भोजन से शरीर को पोषण मिलता है, ठीक उसी तरह योग से तन और मन को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। इस प्रक्रिया को योग के निम्न चार मुख्य चरणों से समझा जा सकता हैः

योगासन (शारीरिक सुदृढ़ता): यह शरीर को सक्रिय, लचीला और फुर्तीला बनाकर मांसपेशियों व जोड़ों को मजबूती प्रदान करता है।

प्राणायाम (प्राण वायु का नियमन):श्वांस और मन को नियंत्रित कर आंतरिक ऊर्जा का संचार करता है।

ध्यान (मानसिक सजगता): यह व्यक्ति को वर्तमान क्षण में जीना सिखाता है, जिससे मानसिक स्पष्टता बढ़ती है और अवसाद व चिंता से मुक्ति मिलती है।

अनुशासित जीवनचर्याः योग केवल आसन , ध्यान तक सीमित नहीं है; इसके अंतर्गत सात्विक भोजन, नियमित दिनचर्या, पर्याप्त विश्राम और संयमित आचरण भी अनिवार्य हिस्सा हैं। अक्सर लोग गंभीर बीमारी की चपेट में आने के बाद योग का रुख करते हैं, जो सीमित समझ को दर्शाता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

अध्ययनों के अनुसार, पहले भारत की ग्रामीण महिलाओं को हर साल पानी लाने में अरबों घंटे खर्च करने पड़ते थे। अब घर-घर नल से पानी पहुंचने के कारण हर दिन 5.5 करोड़ से अधिक व्यक्ति-घंटों की बचत हो रही है। जो समय पहले पानी लाने में लगता था, अब उसका उपयोग पढ़ाई, रोजगार, बच्चों की देखभाल और आय बढ़ाने वाले कामों में हो रहा है। साथ ही, सुरक्षित पेयजल मिलने से पानी से फैलने वाली बीमारियाँ कम हुई हैं, जिससे लोगों का इलाज पर होने वाला खर्च भी घटा है। इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन ने भी देश में बड़ा बदलाव लाया है। इस अभियान ने दिखाया कि लोगों की सोच में बदलाव, जनभागीदारी और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति मिलकर बड़े स्तर पर परिवर्तन ला सकती है।

# जल शक्तिः विकसित भारत की यात्रा को दे रही गति

क्या आप जानते हैं कि जल जीवन मिशन दुनिया का सबसे बड़ा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति कार्यक्रम है? या फिर स्वच्छ भारत मिशन दुनिया का सबसे बड़ा ग्रामीण स्वच्छता अभियान है, जिसने लोगों की सोच और व्यवहार में अभूतपूर्व बदलाव लाया है? और क्या आपको पता है कि नमामि गंगे आज दुनिया की सबसे महत्वाकांक्षी नदी पुनर्जीवन योजनाओं में शामिल है? ये सभी



सीआर पाटिल

पहल केवल सरकारी योजनाएं नहीं हैं, बल्कि इस बात का उदाहरण हैं कि 145 करोड़ आबादी वाला भारत किस तरह पानी की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

जब इतिहासकार भारत की विकास यात्रा को देखेंगे, तो संभव है कि वे पिछले 12 वर्षों को वह दौर बताएं, जब 'जल' देश के विकास का सबसे महत्वपूर्ण विषय बन गया। मानव सम्मान, आर्थिक विकास, जनस्वास्थ्य, कृषि और पर्यावरण संरक्षण पर पानी जितना प्रभाव डालता है, उतना शायद ही कोई दूसरा क्षेत्र डालता हो। लेकिन कई दशकों तक भारत में जल संबंधी समस्याओं का समाधान अलग-अलग और बिखरे हुए तरीकों से किया जाता रहा। पिछले कुछ वर्षों में सबसे बड़ा बदलाव यह आया है कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए एकीकृत, गंभीर और दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाया गया, जिसका नेतृत्व स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किया। पिछले 12 वर्षों में जल क्षेत्र में जितने बड़े पैमाने पर निवेश और काम हुआ है, वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। लेकिन इस बदलाव की अहमियत केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। आज पानी को पूरे देश की साझा प्राथमिकता माना जा रहा है, जिसमें सभी विभाग, राज्य, समुदाय और आने वाली पीढ़ियाँ भागीदार हैं। पहले जल क्षेत्र को उतनी प्राथमिकता नहीं मिलती थी, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जल क्षेत्र की योजना, प्रबंधन और सेवाओं से जुड़ी वर्षों पुरानी कमियों को दूर करने की जिम्मेदारी उठाई।

इस बदलाव का सबसे बड़ा उदाहरण जल जीवन मिशन है। जब यह मिशन शुरू हुआ था, तब केवल लगभग 3.23 करोड़ ग्रामीण परिवारों, यानी करीब 17 प्रतिशत ग्रामीण घरों में ही नल से जल की सुविधा थी। आज 15.8 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों, यानी 81 प्रतिशत से ज्यादा ग्रामीण घरों तक नल से पानी पहुँच चुका है। सरकार का लक्ष्य 2028 तक 100 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को यह सुविधा उपलब्ध कराना है। लाखों परिवारों, खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए यह केवल पानी की सुविधा नहीं है, बल्कि उनके जीवन में आया एक बड़ा बदलाव है। अध्ययनों के अनुसार, पहले भारत की ग्रामीण महिलाओं को हर साल पानी लाने में अरबों घंटे खर्च करने पड़ते थे। अब घर-घर नल से पानी पहुंचने के कारण हर दिन 5.5 करोड़ से अधिक व्यक्ति-घंटों की बचत हो रही है। जो समय पहले



पानी लाने में लगता था, अब उसका उपयोग पढ़ाई, रोजगार, बच्चों की देखभाल और आय बढ़ाने वाले कामों में हो रहा है। साथ ही, सुरक्षित पेयजल मिलने से पानी से फैलने वाली बीमारियाँ कम हुई हैं, जिससे लोगों का इलाज पर होने वाला खर्च भी घटा है। इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन ने भी देश में बड़ा बदलाव लाया है। इस अभियान ने दिखाया कि लोगों की सोच में बदलाव, जनभागीदारी और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति मिलकर बड़े स्तर पर परिवर्तन ला सकती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आकलन के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की वजह से 2014 से अक्टूबर 2019 के बीच दस्त से होने वाली 3 लाख से अधिक मौतों को रोका जा सका। घर-घर शौचालय बनने से करोड़ों ग्रामीण महिलाओं को सम्मान, निजता और सुरक्षा मिली। इस तरह स्वच्छता केवल एक सुविधा नहीं रही, बल्कि जनस्वास्थ्य और सामाजिक सम्मान का एक बड़ा जनआंदोलन बन गई। गांवों को खुले में शौच से मुक्त बनाने के बाद अब देश स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 2.0 के तहत ठोस और तरल कचरे के वैज्ञानिक एवं टिकाऊ प्रबंधन की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

भारत ने जल संरक्षण और भूजल रिचार्ज के क्षेत्र में भी दुनिया के सबसे बड़े अभियानों में से एक चलाया है। 6 सितंबर 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सूरत से 'जल संचय जन भागीदारी' अभियान की शुरुआत की थी। इसके तहत 31 मई 2026 तक देशभर में 1.55 करोड़ से अधिक वर्षा जल संचयन और भूजल रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण किया जा चुका है। यह अभियान दिखाता है कि जल संरक्षण में लोगों की भागीदारी और सामूहिक प्रयास कितने प्रभावी हो सकते हैं। इन प्रयासों का सकारात्मक असर अब भूजल की स्थिति में भी दिखाई देने लगा है। हाल के आकलनों के अनुसार, देश के कई हिस्सों में भूजल का स्तर बेहतर हुआ है और जिन क्षेत्रों में भूजल का अत्यधिक दोहन हो रहा था, उनकी संख्या में भी कमी आई है। यह इस बात का प्रमाण है कि लगातार किए गए जल संरक्षण के प्रयास और जनभागीदारी मिलकर पर्यावरण पर बढ़ते दबाव को भी कम कर सकते हैं।

साथ ही, भारत ने लंबे समय से लंबित राष्ट्रीय जल परियोजनाओं को भी तेज़ी से आगे बढ़ाया है। देश की पहली बड़ी नदी जोड़ो परियोजना, केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना, तेजी से आगे बढ़ रही है। इसका उद्देश्य बुंदेलखंड के सूखा प्रभावित क्षेत्रों तक पानी पहुंचाना है। इसके अलावा, राज्यों के भीतर नदियों को जोड़ने की कई परियोजनाओं में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में नमामि गंगे कार्यक्रम ने यह साबित किया है कि पर्यावरण संरक्षण और विकास साथ-साथ आगे बढ़ सकते हैं। पिछले एक दशक में 4,260 मिलियन लीटर प्रतिदिन(एमएलडी) सीवेज शोधन क्षमता विकसित की गई है। अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों से निकलने वाला जैविक प्रदूषण (बीओडी) 2017 में 26 टन प्रतिदिन से घटकर 2024 में 10.75 टन प्रतिदिन रह गया है। वहीं, उद्योगों से निकलने वाले गंदे पानी (एफ्लुएंट) का उत्सर्जन भी 349 एमएलडी से घटकर 265.56 एमएलडी हो गया है। आज निगरानी के आंकड़े बताते हैं कि गंगा नदी में सभी निगरानी केंद्रों पर पानी का पीएच स्तर और घुली हुई ऑक्सीजन (डीओ) स्नान योग्य मानकों के अनुरूप है। इसके अलावा, देशव्यापी आकलन के अनुसार गंगा में लगभग 6,324 गंगा डॉल्फ़िन पाई गई हैं, जो नदी के बेहतर होते पर्यावरणीय स्वास्थ्य का संकेत है। पिछले कुछ वर्षों में भारत की जल यात्रा दुनिया के लिए भी एक महत्वपूर्ण सीख बनकर सामने आई है। 21वीं सदी की जल संबंधी चुनौतियों का समाधान अलग-अलग प्रयासों से नहीं हो सकता। पेयजल, स्वच्छता, नदियों का संरक्षण, सिंचाई की बेहतर व्यवस्था, भूजल रिचार्ज, इस्तेमाल किए गए पानी का दोबारा उपयोग और जलवायु परिवर्तन से निपटने की तैयारी–इन सभी को एक-दूसरे से जुड़ी व्यवस्था के रूप में देखना होगा। जलवायु परिवर्तन के दौर में यह समग्र दृष्टिकोण और भी ज़रूरी हो जाता है, क्योंकि दुनिया भर में जल संसाधनों पर दबाव लगातार बढ़ रहा है।

# सब्र और बंदगी की पराकाष्ठाः हुसैन इब्ने अली

सुहैल काकोरवी

जोशमलीहाबादी ने अपनी आत्मकथा में इमाम हुसैन का सुंदर उल्लेख करते हुए लिखा है और जिस सब्र को मैंने शीर्षक बनाया है, उसकी व्याख्या इस प्रकार की हैः 'वह हुसैन, जिनकी साँसों की व्यवस्था की इत्मीनान-बख्श समता के सामने कर्बला की तपती आँधियों का दम टूट गया था; जिनके होंठों की प्यास देखकर फ़ुरात की लहरें स्वयं लज्जित हो गई थीं; जिनके चेहरे की ताज़गी को देखकर कर्बला के तपते सूरज के माथे पर भी पसीने की बूँदें झलकने लगी थीं।'

पवित्र क़ुरआन में अल्लाह तआला फ़रमाता हैः

सारी प्रशंसा अल्लाह के लिए है, जो सारे जहानों का पालनहार है, और दुरूद व सलाम हों नबियों और रसूलों के सरदार पर।

'वस्तईनू बिस्सब्री वस्सलाह 'अर्थातः 'सब्र और नमाज़ से मदद माँगो। '

सोचिए! अल्लाह तआला ने असंख्य इबादतों का उल्लेख किया है, लेकिन कठिन समय में विशेष रूप से दो चीज़ों की ओर मार्गदर्शन किया–सब्र और नमाज़। सब्र (धीरज)इंसान को टूटने नहीं देता और नमाज़ इंसान को अपने रब से अलग नहीं होने देती। नमाज़ एक फ़र्ज़ इबादत है, लेकिन उसे अदा करने में हर क्षण सब्र की आवश्यकता होती है; अर्थात् सब्र उसके पालन में सहायक है। यदि कोई पूछे कि सब्र की पराकाष्ठा क्या है? यदि कोई जानना चाहे कि नमाज़ के प्रति निष्ठा की अंतिम सीमा क्या है? तो उसे कर्बला के मैदान की ओर देखना चाहिए।

वह कर्बला जहाँ प्यास थी, विपत्ति थी, परीक्षा थी। वह कर्बला जहाँ रसूलुल्लाह ? के अहले बैत पर अत्याचारों के पहाड़ तोड़े जा रहे थे। वह कर्बला जहाँ हज़रत इमाम हुसैन (रज़ि.) के सामने उनके प्रियजन, उनके साथी और उनके जांनिसार एक-एक करके शहादत का जाम पी रहे थे।

लेकिन ऐ ईमान वालों! ज़रा विचार कीजिए, इन सभी विपत्तियों के बावजूद हुसैन (रज़ि.) के सब्र में कोई डगमगाहट नहीं आई। उनकी जुबान पर शिकायत नहीं आई। उनके दिल में निराशा नहीं आई। क्योंकि उनका संबंध धरती वालों से अधिक आसमानों के मालिक रब से था। वे शरीर की वास्तविकता को जानते थे और उनकी रूह उस लोक से आने वाली शुभ सूचनाओं को सुन रही थी। बाहरी रूप से वे नमाज़-ए-असर के लिए धरती को गौरवान्वित कर रहे थे, जबकि वास्तव में वे अमरता की पुकार सुनकर सज्दा-ए-शुक्र अदा कर रहे थे। उस समय तो मानो आकाश भी धरती को सज्दा करना चाहता था, लेकिन प्रकृति के नियमों का पालन सब पर अनिवार्य है।



जोशमलीहाबादी ने अपनी आत्मकथा में इमाम हुसैन का सुंदर उल्लेख करते हुए लिखा है और जिस सब्र को मैंने शीर्षक बनाया है, उसकी व्याख्या इस प्रकार की हैः 'वह हुसैन, जिनकी साँसों की व्यवस्था की इत्मीनान-बख्श समता के सामने कर्बला की तपती आँधियों का दम टूट गया था; जिनके होंठों की प्यास देखकर फ़ुरात की लहरें स्वयं लज्जित हो गई थीं; जिनके चेहरे की ताज़गी को देखकर कर्बला के तपते सूरज के माथे पर भी पसीने की बूँदें झलकने लगी थीं। '

**वे आगे लिखते हैं:** 'मौत, जिसके सामने बड़े-बड़े सावंतो की टाँगें काँपने लगती हैं, जब हुसैन के सामने आई तो उन्होंने उसे ऐसी तिरस्कारपूर्ण मुस्कान से देखा कि स्वयं मौत की नब्ज़ें थम गईं। '

हुसैन जानते थे कि अल्लाह सब्र करने वालों के साथ है। उन्होंने सज्दे में उस जन्नत का दर्शन किया जिसकी ओर अल्लाह ने नफ़्स-ए-मुतमइन्ना वालों को बुलाया है और जिसे अपनी जन्नत कहा है। और यह सत्य है कि हुसैन उस जन्नत के भी सरदार हैं। विश्वास है कि वे वहाँ अनंत जीवन का ताज पहनकर शोभायमान होंगे। और जब तक यह संसार कायम है, 'लब्बैक या हुसैन' की सदाएँ बुलंद होती रहेंगी।

फिर वह क्षण आया जो इतिहास के पन्नों पर हमेशा के लिए अंकित हो गया। युद्ध अपने चरम पर था, तलवारें चल रही थीं, भाले बरस रहे थे, मृत्यु चारों ओर अपने साए फैला रही थी; लेकिन इसी कोलाहल में असर की नमाज़ का समय आ गया।

इमाम हुसैन (रज़ि.) ने फ़रमाया कि हमें नमाज़ याद है। सुब्हानल्लाह! जिनके सामने उनके प्रियजनों के जनाज़े पड़े हों, जिनके चारों ओर दुश्मनों की भीड़ हो, जिनके सिर पर शहादत मंडरा रही हो–वे भी नमाज़ को नहीं भूलते। कर्बला का संदेश यही है कि विपत्ति कितनी भी बड़ी क्यों न हो, नमाज़ नहीं छोड़ी जानी चाहिए। परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन क्यों न हों, सब्र का दामन नहीं छोड़ना चाहिए।

हुसैन (रज़ि.) ने अपने आचरण से क़ुरआन की इस आयत की व्याख्या प्रस्तुत कर दी कि 'सब्र और नमाज़ से मदद माँगो।' वहाँ सब्र भी था, नमाज़ भी थी, और फिर ऐसी महान सफलता मिली कि आज चौदह सौ वर्ष बीत जाने के बाद भी सत्य का नाम हुसैन (रज़ि.) के साथ जीवित है और अत्याचार व असत्य का नाम घृणा का प्रतीक बन चुका है। हुसैन सत्य का उज्ज्वल प्रतीक हैं और सत्य को कभी मृत्यु नहीं होती।

अल्लाह तआला हमें इमाम हुसैन (रज़ि.) के सब्र, दृढ़ता और नमाज़ से प्रेम का कुछ अंश प्रदान करे, और हमें हर परीक्षा में सब्र तथा हर परिस्थिति में नमाज़ का पाबंद बनाए। हुसैन जैसी बंदगी का प्रयास करके और उनकी पैरवी करके मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। सत्य का ज्ञान वास्तव में हुसैन के आचरण के अवलोकन से ही संभव है।

हुसैन करुणा और दया का प्रतीक थे। ऐसे अत्याचार करने वालों के लिए भी इतिहास में कहीं यह दर्ज नहीं है कि उनकी जुबान से कोई बददुआ निकली हो। उन्होंने अपने शत्रुओं के लिए भी अपनी पवित्र जुबान से कोई अपशब्द नहीं कहा। सब्र की यह भी एक दुर्लभ और अनोखी मिसाल है। और ऐसा इसलिए था कि वे रहमतुल्लिल आलमीन ? की परवरिश में पले-बढ़े थे, जिनकी छाया में समस्त संसार का अस्तित्व कायम है। हुसैन उनसे हैं और वे हुसैन से। रहमत के बँटवारे में भी हुसैन, रसूल-ए-अकरम? के महान आचरण की व्यापकता का ही एक विस्तार हैं।

# योग और नैतिक जीवन मूल्य

अहिंसा का अर्थ केवल किसी की हत्या न करना नहीं है। किसी के प्रति घृणा, ईर्ष्या, कटु वचन, मानसिक पीड़ा या अन्यायपूर्ण व्यवहार भी हिंसा है। योग साधक प्रत्येक जीव में अपने समान आत्मा का दर्शन करता है, इसलिए वह किसी के साथ हिंसा नहीं कर सकता। सत्य का अर्थ केवल सत्य बोलना नहीं, बल्कि विचार, वाणी और कर्म की एकरूपता है। योग व्यक्ति को आत्मनिरीक्षण सिखाता है, जिससे वह स्वयं के प्रति भी ईमानदार बनता है। सत्यनिष्ठ व्यक्ति समाज में विश्वास और सद्भाव का निर्माण करता है।

भारतीय संस्कृति ने मानव जीवन को केवल भौतिक उन्नति तक सीमित नहीं माना, बल्कि उसे आत्मिक, नैतिक और सामाजिक उत्कर्ष की एक सतत यात्रा के रूप में देखा है। इस यात्रा में योग वह साधन है जो मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप का बोध कराता है और नैतिक जीवन मूल्यों को उसके व्यवहार का स्वाभाविक अंग बना देता है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने वाली व्यायाम-पद्धति नहीं है, बल्कि वह जीवन



डॉ रामेश्वर मिश्र

को संतुलित, संयमित, अनुशासित और मूल्यनिष्ठ बनाने वाला एक समग्र दर्शन है। आज जब संसार हिंसा, तनाव, स्वार्थ, असत्य, प्रतिस्पर्धा और नैतिक संकट से जूझ रहा है, तब योग का महत्व केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं रह जाता, बल्कि वह नैतिक पुनर्जागरण का आधार बन जाता है। यही कारण है कि भारतीय ऋषियों ने योग को आत्मशुद्धि, आत्मसंयम और लोकमंगल का सर्वोत्तम साधन माना है। महर्षि पतञ्जलि ने योग की सबसे प्रसिद्ध परिभाषा देते हुए कहा है–

'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः।' (योगसूत्र 1.2)

अर्थात् योग चित्त की वृत्तियों का निरोध है। जब मन की चंचलता, विकार और अशुद्धियाँ समाप्त होती हैं, तब मनुष्य का वास्तविक स्वरूप प्रकट होता है। यही अवस्था नैतिक जीवन का मूल आधार है। जिस व्यक्ति का मन संयमित है, उसके विचार शुद्ध होते हैं, उसके कर्म सात्त्विक होते हैं और उसका व्यवहार समाज के लिए कल्याणकारी होता है। भारतीय दर्शन में नैतिकता किसी बाहरी नियम या दंड का परिणाम नहीं है। यहाँ नैतिकता का आधार आत्मबोध है। जब मनुष्य अपने भीतर स्थित दिव्यता का अनुभव करता है, तब वह किसी भय या लोभ से नहीं, बल्कि स्वेच्छा से सत्य, अहिंसा, करुणा और सेवा का मार्ग अपनाता है। योग इसी आत्मबोध की प्रक्रिया है। इसलिए योग और नैतिकता का संबंध अत्यंत गहरा और अविभाज्य है।

भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण योगयुक्त जीवन की महिमा बताते हुए कहते हैं–

'युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा॥'
(भगवद्गीता 6.17)

अर्थात् जो व्यक्ति आहार, विहार, कर्म, निद्रा और जागरण में संयम रखता है, उसका योग सभी दुःखों का नाश करता है। यह श्लोक स्पष्ट करता है कि योग जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में संतुलन और मर्यादा की शिक्षा देता है। संयम ही नैतिकता का प्रथम चरण है। महर्षि पतञ्जलि ने अष्टांग योग में यम और नियम को सबसे पहले स्थान दिया है। यह इस बात का प्रमाण है कि नैतिकता के बिना योग की साधना अधूरी है। यम पाँच हैं–अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह। ये केवल धार्मिक उपदेश नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन



की आधारशिला हैं। अहिंसा का अर्थ केवल किसी की हत्या न करना नहीं है। किसी के प्रति घृणा, ईर्ष्या, कटु वचन, मानसिक पीड़ा या अन्यायपूर्ण व्यवहार भी हिंसा है। योग साधक प्रत्येक जीव में अपने समान आत्मा का दर्शन करता है, इसलिए वह किसी के साथ हिंसा नहीं कर सकता। सत्य का अर्थ केवल सत्य बोलना नहीं, बल्कि विचार, वाणी और कर्म की एकरूपता है। योग व्यक्ति को आत्मनिरीक्षण सिखाता है, जिससे वह स्वयं के प्रति भी ईमानदार बनता है। सत्यनिष्ठ व्यक्ति समाज में विश्वास और सद्भाव का निर्माण करता है। अस्तेय का अर्थ है किसी की वस्तु, अधिकार या अवसर का अनुचित उपयोग न करना। आज भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और आर्थिक अपराधों की जड़ में अस्तेय का अभाव है। योग साधना व्यक्ति में संतोष और ईमानदारी का विकास करती है।

ब्रह्मचर्य का व्यापक अर्थ इन्द्रिय-संयम है। इसका उद्देश्य जीवन-ऊर्जा का संरक्षण और उसका रचनात्मक उपयोग है। आत्मसंयम के बिना न चरित्र निर्माण संभव है और न ही नैतिक जीवन। अपरिग्रह का अर्थ आवश्यकता से अधिक संग्रह न करना है। आज उपभोक्तावाद और असीमित इच्छाओं ने मनुष्य को असंतोष, तनाव और प्रतिस्पर्धा में धकेल दिया है। योग अपरिग्रह के माध्यम से सादगी और संतोष का संदेश देता है। नियमों में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्रणिधान आते हैं। शौच बाह्य और आंतरिक दोनों प्रकार की पवित्रता का प्रतीक है। संतोष मनुष्य को लोभ और असंतोष से मुक्त करता है। तप कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और अनुशासन बनाए रखने की प्रेरणा देता है। स्वाध्याय आत्मचिंतन और ज्ञान-वृद्धि का माध्यम है। ईश्वर-प्रणिधान अहंकार का विसर्जन कर विनम्रता का विकास करता है। ये सभी नैतिक जीवन के अनिवार्य स्तंभ हैं।

उपनिषदों ने भी नैतिक जीवन को योग का अनिवार्य अंग माना है। तैत्तिरीय उपनिषद् में कहा गया है– 'सत्यं वद। धर्मं चर।' अर्थात् सत्य बोलो और धर्म का आचरण करो। यह केवल उपदेश नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन है। योग इसी धर्माचरण को सहज बनाता है। भगवद्गीता में कर्मयोग का सिद्धांत नैतिक जीवन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है–

'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥'
(भगवद्गीता 2.47)

अर्थात् मनुष्य का अधिकार केवल कर्म करने में है, फल पर नहीं। फल की चिंता किए बिना कर्तव्य का पालन करना ही सच्चा नैतिक आचरण है। योग व्यक्ति को निष्काम कर्म की भावना प्रदान करता है, जिससे उसके भीतर सेवा, उत्तरदायित्व और समर्पण का विकास होता है। आज का समाज अनेक नैतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। परिवारों में विघटन, शिक्षा में मूल्यहीनता, राजनीति में भ्रष्टाचार, व्यापार में छल, पर्यावरण का दोहन और सामाजिक असहिष्णुता बढ़ती जा रही है। इन समस्याओं का समाधान केवल कानूनों से संभव नहीं है। इसके लिए व्यक्ति के भीतर नैतिक चेतना का जागरण आवश्यक है। योग इस चेतना को विकसित करता है, क्योंकि वह मनुष्य के भीतर आत्मनियंत्रण और विवेक का विकास करता है। योग का अभ्यास मानसिक स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ बनाता है। क्रोध, भय, चिंता, ईर्ष्या और तनाव जैसे नकारात्मक भाव नैतिक पतन के प्रमुख कारण हैं। ध्यान, प्राणायाम और आसनों के नियमित अभ्यास से मन शांत होता है, जिससे व्यक्ति संतुलित निर्णय लेने में सक्षम होता है। शांत मन ही न्यायपूर्ण और नैतिक व्यवहार का आधार बनता है। योग व्यक्ति में करुणा और सहानुभूति का विकास करता है।

# सम्पूर्ण समाधान: 145 शिकायतों में 28 का मौके पर निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जनपद की तहसील कालपी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। समाधान दिवस में कुल 145 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 28 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को तत्काल राहत प्रदान की गई, जबकि शेष प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता केवल शिकायतों का निस्तारण नहीं, बल्कि पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय दिलाना है। उन्होंने विशेष रूप से भूमि विवाद, अतिक्रमण, चकरोड, विरासत, अंश निर्धारण एवं राजस्व अभिलेखों से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए



■ लापरवाह ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

अधिकारियों को मौके पर जाकर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान प्राप्त सात संवेदनशील प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई करते हुए नौ अधिकारियों की संयुक्त टीमों को मौके पर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में केवल औपचारिक रिपोर्ट प्रस्तुत न की जाए, बल्कि वास्तविक स्थिति का परीक्षण कर प्रभावी समाधान कराया जाए। समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मोहम्मदपुर निवासी लक्ष्मी देवी की मौजा बारा में विरासत दर्ज किए जाने संबंधी शिकायत, सोहरनपुर निवासी सुरेंद्र कुमार की खतौनी में नाम दर्ज किए जाने की शिकायत, आटा निवासी मलखान एवं चिरौरा निवासी किशना देवी के अंश संशोधन संबंधी प्रकरण, उदनपुर निवासी सुरजी की अंश निर्धारण एवं नाम दर्ज करने की शिकायत तथा परशन निवासी रामगोपाल की खतौनी में हिस्सेदारी दर्ज किए जाने संबंधी शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर राहत प्रदान की गई।

# अस्पताल पहुंच डीएम ने जाना स्वास्थ्य सेवाओं का हाल

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी, संवेदनशील एवं जनकेंद्रित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। बिना पूर्व सूचना के अस्पताल पहुंचे जिलाधिकारी ने ओपीडी, इमरजेंसी, विभिन्न वार्डों तथा अस्पताल परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों एवं उनके तीमारदारों से सीधे संवाद स्थापित कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपचार प्राप्त कर रहे मरीजों से उनका हालचाल जाना तथा अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सीय सुविधाओं, दवाओं, जांचों एवं चिकित्सकों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से फीडबैक प्राप्त करते हुए कहा कि जनसामान्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में



शामिल है। जिलाधिकारी ने अस्पताल में साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, पंजीकरण प्रक्रिया तथा मरीजों की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया।

उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मरीज के साथ संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए तथा उपचार प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों की गुणवत्ता का वास्तविक आकलन तभी संभव है जब सीधे मरीजों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को समझा जाए।

# महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ आंदोलन के साथ बूथ को मजबूत करें : केशवचन्द

अवधनामा संवाददाता

**भाटपाररानी, देवरिया।** कांग्रेस कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन विधानसभा क्षेत्र के बांसोपट्टी स्थित एक इंटर कॉलेज के प्रांगण में किया गया। जिसमें नेताओं ने आगामी चुनाव में जीत का संकल्प लेते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनसम्पर्क तेज करने का आह्वान किया। सम्बोधित करते हुए युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व निवर्तमान उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस केशवचन्द यादव ने कहा कि आज देश में बढ़ रहे महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ जन आंदोलन करने के साथ ही बूथ पर सक्रियता बढाते हुए उसे मजबूत करने का काम कार्यकर्ता करें। आप के ताकत और राहुल गांधी के दम पर पूरे देश से भाजपा सरकार को उखाड़ने का कार्य कांग्रेस करेगी। आज यह सरकार निकोबार द्वीप में जंगल का विनाश करवाने में लगी है, लेकिन पूरे देश के कांग्रेसी राहुल गांधी के नेतृत्व में



■ कांग्रेस कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में गूंजा शंखनाद, बनाई गई संघर्ष की रणनीति

इसको बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जिलाध्यक्ष विजयशेखर मल्ल रोशन ने कहा कि आप कांग्रेस की विचारधारा को जन जन तक पहुँचाने का कार्य करें। जनता भाजपा के खोखले वादे से परेशान हो गई है अब वह इस सरकार से मुक्ति चाहती है। आप सभी बूथ अध्यक्ष अपने अपने क्षेत्र के मतदाता सूची का गहनता से अवलोकन कर छूटे हुए नाम को शामिल करावें। जिला उपाध्यक्ष व भाटपाररानी के प्रभारी डॉ धर्मेन्द्र पांडेय ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को समाप्त करना चाहती है लेकिन कांग्रेस उनके मंसूबे को सफल नहीं होने देगी। जिला उपाध्यक्ष भरत मणि त्रिपाठी ने कहा कि संगठन जितना मजबूत होगा उतना ही ताकत के साथ जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष किया जाएगा। जिला महासचिव जगरनाथ यादव ने कहा कि आज देश में कांग्रेस सरकार की जरूरत है। कार्यक्रम को जनार्दन वर्मा, बृजेश यादव, सतपाल सिंह कुशवाहा, रविन्द्र मल्ल, सुनील यादव, धनन्जय यादव, ध्रुव प्रसाद आर्य, अमानत अंसारी, जेपी यादव, विराट यादव,भीम यादव, संध्या गुप्ता, गौरव नारायण यादव, सरफुद्दीन अंसारी,अवधकिशोर,जनार्दन गौड़ आदि ने सम्बोधित किया।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक मजदूर की दर्दनाक मौत

अवधनामा संवाददाता

**चंदौली।** धानापुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। धराव गांव के पास धानापुर-चहनिया मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में अनियंत्रित बाइक जा घुसी। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धानापुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान धानापुर थाना क्षेत्र के अमरा निवासी 55 वर्षीय नंदू राय पुत्र शिवधारी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही धानापुर थाना प्रभारी त्रिवेणी लाल सेन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला संयुक्त चिकित्सालय स्थित पोस्टमार्टम हाउस

■ सिर में गंभीर चोटें आने के कारण ही उनकी जान गई

भेज दिया है। नंदू राय अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे, जो मजदूरी करके घर चलाते थे। उनकी मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक के तीन बच्चे हैं, जिनमें से एक बेटे की शादी इसी महीने हुई थी, जिससे परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि बाइक सवार ने हेलमेट नहीं पहना था। आशंका जताई जा रही है कि सिर में गंभीर चोटें आने के कारण ही उनकी जान गई।

थाना प्रभारी त्रिवेणी लाल सेन ने बताया कि मार्ग के किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में अनियंत्रित होकर बाइक घुस गई थी, जिससे बाइक सवार को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# ई-पंजीकरण व्यवस्था के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश

**उरई (जालौन)।** सहायक महानिरीक्षक निबंधन अजय कुमार ने जनपद में ई-पंजीकरण व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि महानिदेशक निबंधन, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में ई-पंजीकरण प्रणाली की जानकारी जनसामान्य, अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों तथा अन्य हितधारकों तक व्यापक रूप से पहुंचाई जाए, जिससे नागरिकों को पंजीकरण संबंधी सेवाओं का लाभ सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पंजीकरण प्रक्रिया को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए अधिक सुविधाजनक एवं नागरिक हितैषी बनाया जा रहा है। ई-पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत अधिकृत संस्थाओं के माध्यम से दस्तावेजों के पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे लोगों को अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलेगी तथा सेवाओं की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

# योग दिवस पर पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी, भाजपा ने बनाई कार्ययोजना

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर भारतीय जनता पार्टी की जिला पदाधिकारियों की बैठक औरा चौरी स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में योग दिवस को जनभागीदारी के साथ व्यापक स्तर पर मनाने तथा विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं अभियानों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिला पदाधिकारियों को विभिन्न मंडलों में योग दिवस कार्यक्रमों के संचालन एवं समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई जिसमें जिला मंत्री डा हेमंत मिश्रा को लार मंडल, अभिषेक जायसवाल को सलेमपुर, शमसुद्दीन अहमद को मझौली, हकीम सिंह को लार रोड, अजय कुमार दुबे को भाटपार रानी, हरिचरण कुशवाहा को पड़री, राजकुमार शाही को घांटी,



भानु सिंह को बनकटा तथा अजय शाही को रामपुर मंडल की जिम्मेदारी दी गई। इसी प्रकार बैकुण्ठपुर मंडल में गोविंद चौरसिया, बरियारपुर में विधायक सुरेंद्र चौरसिया, भटनी में गंगा सिंह कुशवाहा, पथरदेवा में रामाशीष प्रसाद, तरकुलवा में रविंद्र किशोर कौशल, महुआडीह में शिवकुमार राजभर, देसही देवरिया में पवन कुमार मिश्रा, रुद्रपुर नगर में रामशंकर निषाद, रामलक्षण में बबीता चौहान, पकड़ी में राजन सोनकर तथा रुद्रपुर देहात में महेश मणि को जिम्मेदारी प्रदान की गई।

बैठक में बरहज नगर के लिए संजय सिंह एडवोकेट, भागलपुर के लिए सतीश जायसवाल, भलुअनी के लिए जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, बरहज देहात के लिए प्रवीण प्रताप मल्ल, देवरिया नगर के लिए निर्मला गौतम, देवरिया देहात के लिए रामाज्ञा चौहान, बैतालपुर के लिए श्रीनिवास मणि तथा गौरी बाजार के लिए अरुण कुमार सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई।

# तहसील प्रशासन के हठधर्मिता से अधिवक्ताओं का धरना जारी



अवधनामा संवाददाता

**रुद्रपुर-देवरिया।** तहसील एवं जिला प्रशासन के हठधर्मिता से अधिवक्ताओं का धरना आज छठे दिन भी जारी रहा। तहसील समाधान दिवस में आए हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामशंकर ने धरना स्थल पर पहुंचकर अधिवक्ताओं से वार्ता करना गंवारा नहीं समझा जिससे अधिवक्ता और अधिक उग्र हो गए और तहसील प्रशासन और जिला प्रशासन दोनों के विरुद्ध नारेबाजी की। मौके की नजाकत को देखते हुए और अधिवक्ताओं के आक्रोश को देखते हैं अपर जिलाधिकारी राम शंकर थोड़ी देर बाद पुनः धरना स्थल पर वापस आए और अधिवक्ताओं से वार्ता की एवं उनसे ज्ञापन लिया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामेश्वर मणि ने बताया कि प्रशासन का रवैया बेहद ही निराशाजनक और हठधर्मितापूर्ण है। सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की बजाय टाल-मटोल नीति अपनाई जा रही है। जबकि हम लोगों की जितनी भी मांगे हैं वह जनहित से जुड़ा हुआ मुद्दा है। इस अवसर पर महामंत्री विनोद पाठक, सुधांशु मौलि ओझा, आनंद शंकर मणि, अनिल, विकास त्रिपाठी, विश्व विजय, सतपाल यादव, शशि भूषण, गोपीनाथ आदि अधिवक्ता उपस्थिति रहे।

# दलितों और अल्पसंख्यकों की मजबूत आवाज बनकर उभरे राहुल गांधी

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** महानगर कांग्रेस के भूड़े का चौराहा स्थित कैम्प कार्यालय पर देश की लोकसभा मे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन पार्टी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान केक काटकर राहुल गांधी के समर्थन में नारेबाजी की और क्षेत्र में लोगों को मिष्ठान का वितरण किया गया। कांग्रेसियों ने राहुल गांधी की दीर्घायु की कामना के साथ कहा कि राहुल गांधी गरीबों, युवाओं, अल्पसंख्यकों, दलितों वे कमजोर तबके के जननायक बनकर उभरे हैं।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री हाजी इकराम कुरैशी ने कहा राहुल गांधी ने केंद्र की तानाशाह सरकार के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंक दिया है। वह नफरत के माहौल में एकता, मुहब्बत का संदेश दे रहे हैं। वह युवाओं की दिल की धड़कन बन गए हैं और बेरोजागारी और महंगाई के खिलाफ लगातार आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दलितों,



■ कांग्रेस ने पूर्व मंत्री इकराम कुरैशी के नेतृत्व में मनाया कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जन्म दिवस

अल्पसंख्यकों, कमजोरों, किसान, मजदूर, सरकारी कर्मी की आवाज बन गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता उनके संघर्ष मे कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ा है और उन्हे देश प्रधानमंत्री का बनाने संकल्प लेता है। इस मौके पर कांग्रेस को और मजबूत करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में नजाकत ठेकेदार,अरशद परवेज, मुशाहिद चौधरी, पार्षद कमर सलीम, पार्षद अफसर, पार्षद रेहान खान, पार्षद मौअज्जम अली, कबीर अहमद, अजीम उद्दीन, शानू शम्सी, शादान, कार्यालय सचिव रिजवान रईस, अहमद अयाज, जमीर अंसारी, बब्बन खान, दानिश कुरैशी, अनुराग शर्मा, अशोक कपूर, नेम सिंह, अफसर खान, शहजाद खां, जहीर, बन्ने पहलवान, सुहैल परवेज, सुहैल अंसारी, समीर, मजहर खान, इस्तेकार, सुखविंदर सिंह, गौसिया खान, शमशेर खान, अब्दुल रऊफ, नदीम उर्फ गुड्डन आदि उपस्थित रहे।

# नियम विरुद्ध चल रहे वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने की कार्रवाई

**उरई (जालौन)।** परिवहन विभाग द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए अवैध रुप से संचालित व परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध जनपद के विभिन्न मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के दौरान परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाले 06 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई। सुरेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान वाहन चालकों को चेतावनी दी गयी कि वे अपने वाहनों के समस्त दस्तावेज (जैसे-परमिट, फिटनेस, बीमा, कर जमा का प्रमाण, पंजीयन प्रमाण पत्र आदि) दुरुस्त रखें व तय क्षमता के अनुसार ही सवारियाँ बैठायें तथायात्रियों की सुरक्षा के मानकों का पूरा ध्यान रखें। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा गया कि वाहन चालक उक्त नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया जाएगा तो उपरोक्त वाहन के परमिट निरस्तीकरण की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल का सीएमएस ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. एच.के. मिश्रा ने शनिवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं उपचार व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर भर्ती मरीजों का हालचाल जाना तथा उन्हें उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली।

सीएमएस ने मरीजों के परिजनों से संवाद कर अस्पताल की व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, उपचार प्रक्रिया तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों को बेहतर और समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. मिश्रा ने वार्डों में साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने अस्पताल



परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से अपने दायित्वों के प्रति पूरी निष्ठा और सजगता के साथ कार्य करने का आह्वान किया तथा कहा कि मरीजों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। सीएमएस ने स्पष्ट किया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की।

## संक्षिप्त समाचार

### क्यूआर कोड से अब मोबाइल पर दर्ज होगी शिकायत

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से जालौन तहसील प्रशासन ने एक अभिनव डिजिटल पहल की शुरुआत की है। उपजिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही के निर्देशन में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर क्यूआर कोड आधारित शिकायत व्यवस्था लागू की गई है, जिसके माध्यम से नागरिक अब अपने मोबाइल फोन से क्यूआर कोड स्कैन कर सीधे प्रशासन तक अपनी शिकायत, सुझाव अथवा समस्या पहुंचा सकेंगे। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच संवाद को अधिक सरल और सुलभ बनाना है। अब लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। क्यूआर कोड स्कैन करते ही संबंधित शिकायत पोर्टल खुल जाएगा, जहां नागरिक अपनी समस्या दर्ज कर सकेंगे।

### जिलाबदर श्यामू को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक जालौन, अपर पुलिस अधीक्षक जालौन एवं क्षेत्राधिकारी जालौन के निर्देशन में चलाए जा रहे रात्रि गश्त एवं चेकिंग अभियान के दौरान कोतवाली जालौन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली। पुलिस ने जिलाबदर घोषित को जनपद की सीमा में प्रवेश करने पर गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सहाव से औरेखी पुल मार्ग पर कार्रवाई करते हुए श्यामू पुत्र बसोरे निवासी मोहल्ला हिर्देशाह, कस्बा एवं थाना जालौन को गिरफ्तार किया। अभियुक्त को पूर्व में उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के तहत वाद संख्या 908/2023 में 30 अप्रैल 2026 से छह माह के लिए जिलाबदर किया गया था। पुलिस जांच में पाया गया कि अभियुक्त जिलाबदर की शर्तों का उल्लंघन कर जनपद जालौन की सीमा में मौजूद था।



# भव्य कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**चंदौली।** चहनियां क्षेत्र के ग्राम सभा मजिदहां में पूर्व प्रधान बब्बू सिंह के नेतृत्व में भगवान श्रीराम-सीता एवं माता दुर्गा मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को वैदिक रीति-रिवाजों के साथ जलभरावन कार्यक्रम से हुआ। तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन निकली भव्य कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ पड़ी।

प्रातः 11 बजे बलुआ घाट से 108 कन्याओं ने मां गंगा का पवित्र जल कलशों में भरकर भव्य कलश यात्रा निकाली। पूर्व प्रधान बब्बू सिंह के नेतृत्व में निकली इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा एवं ग्रामीण शामिल हुए। 'जय श्रीराम', 'जय माता दी' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। महोत्सव को लेकर गांव में विशेष सजावट, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं के स्वागत की व्यापक तैयारियां की गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बब्बू सिंह के प्रयासों एवं मार्गदर्शन में आयोजित यह धार्मिक आयोजन गांव के इतिहास का एक यादगार महोत्सव साबित होगा।

पूर्व प्रधान बब्बू सिंह ने बताया कि रविवार को रामायण पाठ, हवन-पूजन, यज्ञ एवं विभिन्न वैदिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। वहीं 22 जून को विद्वान आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्रीराम-सीता, रामदरबार एवं माता दुर्गा की प्रतिमाओं की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत सोमवार को दोपहर एक बजे से विशाल भंडारे (प्रसाद वितरण) का आयोजन किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के आगमन तक निरंतर चलता रहेगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# 28 जून से शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान

**उरई (जालौन)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में आगामी पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम, आशा बहुओं एवं शिक्षकों की प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अभियान से जुड़े सभी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सीएचसी जालौन के चिकित्सा अधीक्षक डॉ.केडी गुप्ता व डॉ सहन बिहारी गुप्ता ने संयुक्त रुप से बताया कि 28 जून रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। पहले दिन नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 31 बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई जाएगी। इसके बाद अगले पांच दिनों तक टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाने का कार्य करेंगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 9260 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# इमाम बाड़ा हुर्मत शाह से बरामद हुआ चार मोहर्रम का मातमी जुलूस

अवधनामा संवाददाता

**अमरोहा।** चार मोहर्रम का जुलूस अपनी कदीमी रिवायतों के अनुसार मौहल्ला मच्छरट्टा, स्थित इमामबाड़ा हुर्मत शाह से बरामद हुआ। जुलूस के दौरान या हुसैन की सदा से माहौल गमगीन हो गया। जुलूस में सबसे आगे ऊँट चल रहे थे जिन पर छोटे बच्चे काले कपड़े पहने हुये या हुसैन की सदा बुलंद कर रहे थे। इसके पीछे आराईश चल रही थी। रौशन चैकी में मातमी धुन बजाई जा रही थी। इसके पीछ हुसैनी बाजा, अलम, तख्त व दुलदुल उसके पीछे हुसैन के चाहने वाले जायरीन नंगे पैर, नंगे सिर शहीदे कर्बला हुसैन का नारा लगाते हुऐ चल रहे थे। जुलूस उठते समय तबारक अली व हमनवा मर्सिया पढ़ा। जुलूस में दुलदुल घोड़ा जिस पर पड़ी चादर को चूमते हैं, अकीदत में अपने घर ले जाते हैं। इस पर लगभग



■ वारिसे अम्बिया हुसैन-हुसैन-हुसैन

16 किलो चांदी के जेवर होते हैं।

जुलूस मंडी चौब, दरबारे कलां, अहमद नगर,कटकुई, कली पकड़ी, लकड़ा, हक्कानी, नौबत खाना, जाफ़री, पचदरा, काजीजादा, मजापोता, कोट, दानिशमंदान, बगला, शफातपोता, होते हुआ कटरा, गुजरी से होकर मच्छरट्टा पर जाकर समाप्त हुआ। ज़िला मजिस्ट्रेट, अमरोहा द्वारा मोहर्रम कार्यक्रम आयोजन हेतु तदर्थ कमेटी के सदस्य ज़िया एजाज़, लियाक़त अली, बाकर रज़ा नक़वी,नदीम नकवी, शहज़ाद रज़ा, क़ासिम जैदी ने जुलूस को शांति पूर्वक निकलवाया। जुलूस का संचालन अन्जुमन रज़ा काराने हुसैनी ने किया। रज़ाकारान काईद गुलाम सज्जाद, खुर्शीद हैदर जैदी,इमदाद आब्दी,डॉ0 चन्दन नकवी, वसीम जैदी, मौहम्मद हैदर, सिराज ग़ालिब, हुसैनी, नजीर हैदर आदि।

# नूरियो सराय में शबीहे ताबूत हबीब इब्ने मजाहिर बरामद



अवधनामा संवाददाता

**संभल।** मोहर्रम के चौथे दिन कर्बला के बहत्तर शहीदों की याद में मजलिसो मातम का सिलसिला सुबह से देर रात तक बदस्तूर जारी रहा नूरियो सराय में शबीहे ताबूत हबीब इब्ने मजाहिर बरामद किया गया। माहे मोहर्रम के चौथे दिन मौहल्ला नूरियो सराय हुसैन खां सराय मियां सराय स्थित इमाम बारगाहो में कर्बला के मैदान में शहीद हुए हज़रत इमाम हुसैन और उनके बहत्तर साथियों की शहादत के शोक में सुबह से लेकर देर रात तक मजलिसो का सिलसिला बदस्तूर जारी रहा मजलिसो में अज़ादार शामिल रहे महिलाओं ने घरों में मजलिस ओ मातम करके बीबी फातिमा जहरा की खिदमत में उनके बेटे हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम का पुरसा पेश किया नूरियो सराय स्थित इमाम बारगाह बाबुल हवाईज में मजलिस के बाद शबीहे ताबूत बरामद किया गया जिसमें अज़ादारो ने मातम व नोहा ख्वानी की इससे पहले मौलाना मोहम्मद अब्बास ने मजलिस को खिताब किया मौलाना ने मजलिस में मौजूद लोगों से हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के बताए संदेशों पर चल कर अजादारी में शिरकत करें।

# मेहनत और उचित मार्गदर्शन के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं

■ चौ. इन्दल सिंह महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हुये छात्र-छात्राओं का सम्मान

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के चौधरी इंदल सिंह महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं सरकारी सेवाओं में चयनित छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के डायरेक्टर रॉबिन सिंह यादव तथा डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने चयनित छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।शनिवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में नितिन यादव, अजय प्रताप सिंह, अंशुल पाल, रितिक यादव, अमन शर्मा, शिवम यादव, सोनू यादव, पियूष राजपूत, प्रांशु राजपूत और मोहित कुमार, निकता गुप्ता को सम्मानित करनें के उपरान्त डायरेक्टर रॉबिन सिंह यादव ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, लगन और अनुशासन के बल पर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि मेहनत और उचित मार्गदर्शन के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। डा. अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी तथा वे भविष्य में समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के प्रबंधक संजय कुमार यादव ने कहा कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहा है। छात्रों की यह उपलब्धि पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये प्रतिभाशाली विद्यार्थी भविष्य में समाज और राष्ट्र की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। समारोह में मोहित पाठक, अमित शर्मा, अमित राजपूत, बृजेश शाक्य, डॉ. योगेश शर्मा, अजय कुशवाहा, मोहम्मद राशिद खान, मोहम्मद जीशान, मुजस्सिम हुसैन, अमन सविता, आकाश एवं शिवा सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं सहयोगी उपस्थित रहे।

## वैवाहिक विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान कर पुनः मिलाया गया

**आजमगढ़।** थाना कोतवाली परिसर स्थित परिवार परामर्श प्रकोष्ठ/नई किरण की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कुल 06 पत्रावलियों में दोनों पक्षों को नोटिस एवं दूरभाष के माध्यम से सूचित कर मीडिएशन हेतु बुलाया गया, जिनमें से 05 पत्रावलियों में दोनों पक्ष उपस्थित हुए। प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए आपसी संवाद एवं परामर्श के माध्यम से मतभेद दूर कराने का प्रयास किया गया। मीडिएशन के दौरान अथक प्रयासों एवं प्रभावी काउंसलिंग के फलस्वरूप 02 प्रकरणों में पति-पत्नी एवं उनके परिजनों के मध्य आपसी सहमति से समझौता कराया गया तथा दोनों परिवारों को पुनः साथ रहने के लिए राजी किया गया। 01 प्रकरण में कम दान-दहेज की मांग एवं पारिवारिक प्रताड़ना से संबंधित विवाद तथा 01 अन्य प्रकरण में पति द्वारा शराब के सेवन के उपरांत मारपीट एवं मानसिक प्रताड़ना से संबंधित शिकायत पर सुनवाई की गई। 02 पत्रावलियों का निस्तारण अन्य कारणों से किया गया। शेष प्रकरणों में अगली तिथि नियत कर दोनों पक्षों को पुनः उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया।

# शिकायतों का उच्च गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करें

■ डीएम-एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस सुनी 199 शिकायतें, 19 मौके पर हुई निस्तारित, अन्य के लिये किया निर्देशित

**अवधनामा संवाददाता**



तहसील दिवस में पीड़ितों की शिकायतें सुनते डीएम व एसपी।

**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा तहसील छिबरामऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व संबंधित कुल 199 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 19 प्रकरणों का मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। शेष 180 प्रकरणों के संबंध में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों का पारदर्शी, समयबद्ध एवं संतोषजनक निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

शनिवार को तहसील छिबरामऊ में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चकमार्ग, विद्युत आपूर्ति, नाली-खड़ंजा निर्माण सहित किसी भी जनसमस्या के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करें और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं निराश्रित महिला पेंशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र लाभार्थी वंचित न रहने पाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रातः 10 बजे तक अनिवार्य रूप से अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर आमजन की समस्याएं सुनें तथा उनका समयबद्ध समाधान करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से निस्तारण किया जाए और निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनता दर्शन एवं जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर उच्च गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, उपजिलाधिकारी छिबरामऊ ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी, तहसीलदार अबनीश कुमार सहित अन्य जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या के प्रकरण में वांछित सास गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना सरायमीर-घटना का विवरण-दिनांक 15.06.2026 को वादी द्वारा थाना सरायमीर पर प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया कि उसकी पुत्री का विवाह वर्ष 2025 में मो0 सैफ निवासी राजापुर सिकरौर, थाना सरायमीर, जनपद आजमगढ़ के साथ हुआ था। विवाह के उपरांत पति, सास, ननद तथा अन्य परिजनों द्वारा दहेज में ?05 लाख की अतिरिक्त मांग को लेकर लगातार उत्पीड़न, मारपीट एवं प्रताड़ना की जा रही थी। आरोप है कि उक्त मांग पूरी न होने पर दिनांक 09.06.2026 को पीड़िता की हत्या कर दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सरायमीर पर मु0अ0सं0 155/2026 धारा 85/61(2)/80(2) बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम बनाम पति मो0 सैफ, सास शबा, ननद सोमायला, हदीसून एवं तनवीर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। उ0नि0 प्रशान्त सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर गढ़वा मोड़ क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्ता शबा पत्नी मो0 जावेद निवासी राजापुर सिकरौर, थाना सरायमीर को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## आनंद विहार दिल्ली एक्सप्रेस के नियमित चलने की घोषणा

**आजमगढ़।** मऊ आनंद विहार दिल्ली एक्सप्रेस के नियमित चलने की घोषणा से हर्षित भारत रक्षा दल परिवार द्वारा आज इस ट्रेन के आजमगढ़ स्टेशन पर पहुंचने पर ट्रेन के ड्राइवर को मिठाई खिलाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । इस कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भारत रक्षा दल के जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश ने कहा कि आजमगढ़ से दिल्ली के लिए यात्रियों की संख्या बहुत ज्यादा है कैफियत एक्सप्रेस अकेले यात्रियों को ले जा पाने में असमर्थ है, महीना तक इंतजार करने के बाद भी लोगों को टिकट नहीं मिलता जिससे लोग प्राइवेट साधनों से जाने के लिए मजबूर होते हैं ,दिल्ली जाने के लिए इस ट्रेन के प्रतिदिन चलने से लोगों को कुछ राहत मिलेगी इस घोषणा का हम स्वागत करते हैं, लेकिन साथ ही हम यह मांग उठाएंगे कैफियत एक्सप्रेस की तरह से इस ट्रेन को भी आजमगढ़ से दिल्ली के लिए चलाया जाए ताकि यात्रियों को टिकट आसानी से प्राप्त हो सके आजमगढ़ में रेल सुविधा बढ़ाने के लिए संगठन द्वारा विगत कई वर्षों से रेलवे मंत्रालय रेलवे व विभाग को ज्ञापन /मांग पत्र प्रेषित किया जा रहा है।

# नो-वेंडिंग जोन में पाये जाने पर होगी चालानी कार्रवाई

■ नो-वेंडिंग जोन से हटाए गए 19 पथ विक्रेता, वेंडिंग जोन में किया गया प्रतिस्थापित

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और स्ट्रीट वेंडिंग एक्ट के प्रभावी अनुपालन के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत मुख्य तिराहे के आसपास स्थित नो-वेंडिंग जोन में खड़े 19 पथ विक्रेताओं को हटाकर फर्रुखाबाद रोड स्थित वेंडिंग जोन संख्या-3 में स्थान प्रदान किया गया।

शनिवार को पालिका प्रशासन ने सभी पथ विक्रेताओं को निर्देशित किया कि वे निर्धारित वेंडिंग जोन में ही अपनी ठेली एवं रेहड़ी लगाएं। चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में कोई भी विक्रेता तिराहे या अन्य नो-वेंडिंग जोन क्षेत्रों में अतिक्रमण करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने बताया कि नगर पालिका स्ट्रीट वेंडिंग एक्ट के अनुपालन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि नियमित रूप से नो-वेंडिंग जोन का निरीक्षण किया जाएगा और पथ विक्रेताओं को निर्धारित वेंडिंग जोन में ही प्रतिस्थापित कराया जाएगा। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने यह भी बताया कि फल एवं अन्य पथ विक्रेताओं को वेंडिंग जोन में स्थापित किए जाने से मुख्य तिराहे पर लगने वाले जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि नगर में यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए सोमवार को विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत तिराहे के आसपास खड़े ऑटो और ई-रिक्शा को निर्धारित पार्किंग स्थल पर शिफ्ट कराया जाएगा। इस दौरान पालिका कर्मचारी आकाश कुमार, अशोक कुमार, राजन बाबू एवं सुधांशु सक्सेना सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## एमबीबीएस छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के झलवा स्थित यूनाइटेड मेडिसिटी मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में शनिवार सुबह एक एमबीबीएस छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी पहचान सृष्टि मिश्रा (22) पुत्री अनुराग मिश्रा के रूप में हुई है। वह मध्य प्रदेश की रहने वाली थी। मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस फोर्थ ईयर की छात्रा थी। घटना की सूचना मिलते ही कॉलेज परिसर में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में छात्र हॉस्टल के बाहर जुट गए।

पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह करीब आठ बजे सूचना मिली कि छात्रा की अचानक तबीयत बिगड़ गई है। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा की मौत की खबर फैलते ही कॉलेज प्रशासन और छात्रों में शोक की लहर दौड़ गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार छात्रा हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। उसकी तबीयत खराब होने की सूचना मिलने पर उसे इलाज के लिए ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

# पुलिस कर्मियों के लिए आवासीय इकाइयों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन व शिलान्यास सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** पुलिस कर्मियों के आवासीय एवं कल्याणकारी सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज दिनांक 19.06.2026 को थाना कंधरापुर परिसर में टाइप-बी के 32 नग आवास (जी+3) के 02 ब्लॉकों के निर्माण कार्य हेतु भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री मधुवन कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री शुभम तोदी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर थाना कंधरापुर के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उक्त परियोजना के अंतर्गत थाना कंधरापुर परिसर में टाइप-बी श्रेणी के कुल 32 आधुनिक आवासीय इकाइयों (जी+3) के 02 ब्लॉकों का निर्माण कराया जाएगा। यह आवासीय परिसर पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों को बेहतर एवं सुविधाजनक आवासीय वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। परियोजना के लिए ?11.39 करोड़ (लगभग) की स्वीकृत धनराशि प्रदान की गई है, जबकि ?5.69 करोड़ (लगभग) की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। निर्माण कार्य का शुभारम्भ दिनांक 19.06.2026 से किया गया है तथा इसे 20.12.2027 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्माणाधीन प्रत्येक आवास में 02 बेडरूम, ड्राइंग रूम, डाइनिंग हॉल, किचन, 02 बालकनी, सामान्य शौचालय/बाथरूम, मास्टर बेडरूम से संबद्ध अटैच शौचालय/बाथरूम एवं ड्रेसिंग रूम जैसी आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। उक्त निर्माण कार्य की कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड, निर्माण इकाई वाराणसी है, जो निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप परियोजना को पूर्ण करेगी।

# शोपीस बनी पानी की टंकी उठाई स्थायी समाधान की मांग

■ चार दिनों से कुशलपुर्वा सहित पांच ग्रामों में गहराया पेयजल संकट

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ब्लॉक तालग्राम की ग्राम पंचायत तालग्राम देहात के गांव कुशलपुरवा स्थित पानी की टंकी पिछले चार दिनों से बंद पड़ी है, जिससे क्षेत्र के पांच गांवों में जलापूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। पेयजल संकट के चलते ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

विदित हो कि 6 जून को ग्रामीणों ने पानी की टंकी पर पहुंचकर धरना-प्रदर्शन किया था और जलापूर्ति बहाल न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। इसके बाद 8 जून को समाचार प्रकाशित होने पर विभाग हरकत में आया और दो दिनों के भीतर पानी की आपूर्ति शुरू करा दी गई थी। हालांकि, कुछ ही दिनों बाद टंकी फिर खराब हो गई और जलापूर्ति दोबारा बाधित हो गई। टंकी ऑपरेटर देवेंद्र शाक्य ने बताया कि टंकी का स्टार्टर अचानक जल गया था, जिसकी सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को दे दी गई थी। सूचना मिलते ही विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे और खराब स्टार्टर को मरम्मत के लिए ले गए। ग्रामीण नरेश सिंह ठाकुर, बबलू, बलवीर, गौरव, अंकित चक और रघुवीर समेत अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि टंकी की मरम्मत केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। उनका कहना है कि हर बार कुछ दिनों के लिए व्यवस्था दुरुस्त की जाती है, लेकिन जल्द ही समस्या फिर खड़ी हो जाती है। इससे लोगों का विभाग पर भरोसा कम होता जा रहा है। ग्राम प्रधान तोताराम शर्मा (बब्बा) ने बताया कि इस संबंध में जल निगम अधिकारियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार टंकी का स्टार्टर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके स्थान पर नया स्टार्टर मंगवाया गया है। जल निगम के अवर अभियंता ए.के. राव ने बताया कि जलापूर्ति बाधित होने की सूचना मिलते ही कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया था। खराब स्टार्टर को मरम्मत के लिए कानपुर भेजा गया, लेकिन वह ठीक नहीं हो सका। अब नया स्टार्टर उपलब्ध कराया जा रहा है और जल्द ही जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी। ग्रामीणों ने विभाग से स्थायी समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र जलापूर्ति शुरू नहीं हुई तो वे फिर से आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# भागवत कथा समाज में नैतिक मूल्यों को मजबूत करती है : सुगम दुवे

■ व्यापारी नेता ने किया भागवताचार्य का सम्मान, पंचम दिवस पर उमड़े श्रद्धालु

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कथा पंडाल में भक्तिभाव और आध्यात्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा के दौरान उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष बीज एवं कीटनाशक एसोसिएशन सुगम दुवे ने कथा व्यास पंडित सतीश कृष्ण तिवारी का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और धर्म के प्रति आस्था को मजबूत करने का कार्य करती है। कथा के माध्यम से लोगों को जीवन जीने की सही दिशा और मानव कल्याण का संदेश प्राप्त होता है। भागवताचार्य ने कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं एवं धर्म, भक्ति और सदाचार के महत्व का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत का श्रवण व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है तथा उसे आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग पर अग्रसर करता है। कथा स्थल पर आमोद तिवारी, अंशू तिवारी, अखिलेश तिवारी, अरुण तिवारी, मनोज तिवारी, दीपू तिवारी, पारुल तिवारी, डॉ. धर्मेंद्र अग्निहोत्री, प्रभात तिवारी, राहुल तिवारी सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## योग क्रियाओं का अभ्यास

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के अवसर पर प्रातःकाल पुलिस लाइन में योग सप्ताह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में योगगुरु देवविजय यादव द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। योगगुरु द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ एवं स्वस्थ रहने हेतु नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ एवं ऊर्जावान बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम कर एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच को भी बढ़ाता है। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने योग के महत्व को समझते हुए नियमित योग करने का संकल्प लिया।

# भाषा विश्वविद्यालय के एआई आविष्कार को मिला पेटेंट प्रकाशन

■ अंग्रेज़ी सीखने के लिए विकसित हुई एआई आधारित तकनीक

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग की प्रभारी तथा सहायक आचार्य डॉ. रुचिता सुजय चौधरी सहित 12 अन्य आवेदकों द्वारा विकसित अभिनव आविष्कार 'व्यक्तिगत अंग्रेज़ी पठन एवं लेखन कौशल अनुकूलन हेतु अनुकूली अधिगम तकनीकों पर आधारित कृत्रिम बुद्धिमत्ता रूपरेखा' का प्रकाशन भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा पेटेंट ऑफिस जर्नल संख्या 25/2026, दिनांक 19 जून 2026 में किया गया है। यह प्रस्तावित आविष्कार अंग्रेज़ी भाषा के पठन एवं लेखन कौशल को प्रत्येक शिक्षार्थी की आवश्यकता के अनुरूप विकसित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित एक उन्नत प्रणाली प्रस्तुत करता है। इसमें ट्रांसफॉर्मर आधारित अनुकूली अधिगम मॉडल का उपयोग किया गया है, जो शिक्षार्थियों की पठन-बोध क्षमता, शब्दावली के प्रयोग, व्याकरणिक शुद्धता, वाक्य निर्माण तथा लेखन की तार्किकता और सुसंगतता का विश्लेषण कर उन्हें व्यक्तिगत शिक्षण सुझाव प्रदान करता है। यह प्रणाली शिक्षार्थी के प्रदर्शन और प्रगति के आधार पर अध्ययन सामग्री, लेखन अभ्यास, व्याकरण संबंधी गतिविधियों तथा शब्दावली विकास कार्यक्रमों को स्वतः अनुकूलित करती है। साथ ही, स्वचालित लेखन मूल्यांकन तथा त्वरित प्रतिपुष्टि (फीडबैक) की सुविधा शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, सहभागितापूर्ण और परिणामोन्मुख बनाती है। यह आविष्कार पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों की सीमाओं को कम करते हुए अंग्रेज़ी भाषा दक्षता में वृद्धि, शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं प्राकृतिक भाषा संसाधन तकनीकों के माध्यम से स्मार्ट एवं अनुकूली शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा। यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणाली विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, ऑनलाइन शिक्षण मंचों तथा भाषा प्रशिक्षण संस्थानों में अंग्रेज़ी भाषा शिक्षण को अधिक प्रभावी और शिक्षार्थी-केंद्रित बनाने में उपयोगी सिद्ध होगी।

# राहुल गांधी का मना जन्मदिन

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय आजमगढ़ में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह उर्फ मुन्ना राय ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष कौशल कुमार सिंह उर्फ़ मुन्ना राय ने कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया तथा उनके स्वस्थ, दीर्घायु और सफल जीवन की कामना की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मुन्ना राय ने कहा कि राहुल गांधी देश में लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों को लगातार उठाकर जनता की आवाज बनने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी युवाओं, किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों के लिए संघर्ष का प्रतीक हैं तथा उनके विचार करोड़ों लोगों को प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा देशहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान मिठाइयां वितरित की गई और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। जन्मदिवस समारोह में शहर कांग्रेस अध्यक्ष रियाजुल हसन, तेज बहादुर यादव, चंद्रपाल सिंह यादव,गिरीश चतुर्वेदी, अंसार अहमद, बेलाल बेग,संतोष सिंह, रामअवध प्रेमी, राम विलास , कैप्टन अशोक, मुन्नू यादव,प्रेमा चौहान, कावेरी दुबे, मीना देवी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सी.एम.एस. में योगा मीट का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 'अन्तर-विद्यालयी योगा मीट' का भव्य आयोजन आज सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस द्वारा विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस योगा मीट में प्रतिभागी छात्रों ने विभिन्न योगासनों एवं यौगिक क्रियाओं में अपनी महारत का जोरदार प्रदर्शन किया तो वहीं दूसरी ओर देश की सांस्कृतिक विरासत को विश्व के कोने-कोने में पहुँचाने के साथ ही समस्त जनमानस को योग की महत्ता से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रतिभागी छात्रों व योग प्रेमियों को सम्बोधित करते हुए सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या श्रीमती निशा पाण्डेय ने कहा कि योग हमारी महान साँस्कृतिक विरासत का एक अंग है जिसे सारे विश्व समुदाय ने अपनाया और सराहा है। वर्तमान जीवन शैली को देखते हुए यौगिक क्रियाओं से भावी को अवगत कराना हम सबका परम दायित्व है ताकि एक स्वस्थ एवं समृद्ध समाज की स्थापना संभव हो सके। योगा मीट के अन्तर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में 300 से अधिक छात्रों ने सीनियर वर्ग, जूनियर वर्ग एवं प्राइमरी वर्ग के अन्तर्गत यौगिक क्रियाओं में अपने हुनर का जोरदार प्रदर्शन का निर्णायक मंडल समेत उपस्थित दर्शकों व योग प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वीरभद्रासन, चक्र बंधासन, वज्रासन, पदम सर्वांगासन, भुजंगासन, धनुराषन, गरुणासना, बकासन, एक पाद चक्रासन, योग निद्रासन, मत्यासन, त्रिकोणासन एवं ऊष्ट्रासन आदि विभिन्न योग क्रियाओं में छात्रों की प्रतिभा व महारत देखते ही बनती थी। प्रख्यात योग प्रशिक्षकों ने प्रतियोगिताओं में निर्णायकों की भूमिका निभाई एवं प्रतियोगिताओं के उपरान्त विजयी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने बताया कि इससे पहले, सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के छात्रों ने के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित संयुक्त राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में बड़े उत्साह से प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्रों ने मनमोहक योग गीत एवं योग नृत्य की प्रस्तुति से उत्तम स्वास्थ्य, शान्ति एवं एकता का संदेश दिया। सी.एम.एस. छात्रों के इस आत्मविश्वास एवं तालमेल से भरपूर प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा और तालियां बजाकर छात्रों का उत्साह बढ़ाया। इस समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्रों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों ने सामूहिक योग में प्रतिभाग कर शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व को रेखांकित किया।

# वर्कआउट से पहले या बाद में क्या खाएं ?
## ये टेस्टी नो बेक एनर्जी बाइट्स हैं हर सवाल का जवाब

वर्कआउट से पहले या बाद में खाने के लिए एक हेल्दी और टेस्टी विकल्प ढूंढ रहे हैं? यह नो-बेक एनर्जी बाइट्स रेसिपी तुरंत ऊर्जा प्रदान करती है, जो ओट्स, पीनट बटर और सीड्स जैसे पौष्टिक तत्वों से भरपूर है और मिनटों में तैयार हो जाती है।

वर्कआउट करने वालों के लिए सबसे बड़ा सवाल यही होता है कि एक्सरसाइज से पहले क्या खाएं और बाद में क्या। वहीं, जब अचानक कुछ मीठा खाने का मन करता है, तब भी हेल्दी ऑप्शन ढूंढना मुश्किल हो जाता है।

अगर आप भी ऐसी ही परेशानी से जूझते हैं, तो ये आसान और टेस्टी नो बेक एनर्जी बाइट्स आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकते हैं। इन्हें बनाने में गैस या ओवन की जरूरत नहीं पड़ती और ये कुछ ही मिनटों में तैयार हो जाते हैं।

**किन चीजों की होगी जरूरत?**



1 बाउल पीनट बटर, 1 बाउल ओट्स, थोड़ा सा चॉकलेट चिप्स, थोड़ा सा कद्दूकस किया हुआ नारियल, थोड़ा सा पिसा हुआ फ्लैक्स सीड और थोड़ा सा शहद। अगर आपके पास फ्लैक्स सीड नहीं है, तो आप अपनी पसंद के दूसरे बीज भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**कैसे बनाएं नो बेक एनर्जी बाइट्स?**

सबसे पहले एक बड़े बाउल में पीनट बटर, ओट्स, चॉकलेट चिप्स, कद्दूकस किया हुआ नारियल, फ्लैक्स सीड और शहद डालें। अब इन सभी चीजों को अच्छी तरह मिला लें ताकि एक गाढ़ा मिक्चर तैयार हो जाए। इसके बाद इस मिश्रण से छोटे-छोटे बॉल्स बना लें। बस, आपके नो बेक एनर्जी बाइट्स तैयार हैं।

**इन्हें कब खा सकते हैं?**

इन एनर्जी बाइट्स को आप वर्कआउट से पहले खा सकते हैं। वर्कआउट के बाद खा सकते हैं। जब भी मीठा खाने की इच्छा हो, तब खा सकते हैं। शाम के हेल्दी स्नैक के तौर पर भी खा सकते हैं।

**क्यों हैं ये अच्छा ऑप्शन?**

इन एनर्जी बाइट्स में ओट्स, पीनट बटर और बीजों की अच्छाई होती है, जो शरीर को ऊर्जा देने में मदद करते हैं। साथ ही, शहद और चॉकलेट चिप्स इन्हें स्वादिष्ट भी बनाते हैं। <

## भिंडी कढ़ी रेसिपी:
# स्वाद और सेहत का परफेक्ट कॉम्बो है भिंडी कढ़ी, यह आसान रेसिपी देखें

अगर आप भी एक ही तरह की कढ़ी खा-खाकर बोर हो चुके हैं और कुछ नया और रिफ्रेशिंग खाने का मन है। तो आज हम आपको भिंडी की कढ़ी बनाने की बेहद आसान रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

कढ़ी-चावल का नाम सुनते ही लगभग हर किसी के मुंह में पानी आ जाता है। अक्सर घरों में बेसन के पकौड़े वाली या फिर आलू वाली कढ़ी बनाई जाती है। लेकिन क्या आपने कभी भिंडी की कढ़ी खाई है। बता दें कि भिंडी की कढ़ी न सिर्फ खाने में बेहद स्वादिष्ट लगती है, बल्कि सेहज के लिहाज से भी यह बेहतरीन होती है। दही-बेसन का खट्टा-क्रीमी टेक्सचर और भिंडी का क्रंची स्वाद मिलकर इस डिश को टेस्टी और खास बना देते हैं।

ऐसे में अगर आप भी एक ही तरह की कढ़ी खा-खाकर बोर हो चुके हैं और कुछ नया और रिफ्रेशिंग खाने का मन है। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भिंडी की कढ़ी बनाने की बेहद आसान रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

**सामग्री**

भिंडी- 200 ग्राम
बेसन- 3 बड़े चम्मच
दही- 1 कप
तेल या घी- 2 से 3 बड़े चम्मच
राई- 1/2 छोटा चम्मच
जीरा- 1/2 छोटा चम्मच
मेथी दाना- 1/2 छोटा चम्मच
हींग- एक चुटकी
हरी मिर्च- 2
कढ़ी पत्ता- 10-12
हल्दी पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच
अदरक-लहसुन का पेस्ट- 1 छोटा चम्मच
लाल मिर्च पाउडर- 1 छोटा चम्मच
बारीक कटा हरा धनिया
नमक- स्वादानुसार

**बनाने की विधि**

कटी हुई भिंडी को एक पैन में 1 चम्मच तेल डालकर कम से कम 4-5 मिनट तक मीडियम आंच पर भूनें। इससे भिंडी का चिपचिपापन खत्म हो जाएगा और यह हल्की क्रिस्पी हो जाएगी। जब यह सुनहरी हो जाए, तो इसको प्लेट में निकालकर अलग रख लें।

अब एक बड़े बर्तन में बेसन और दही को तब तक फेंटें जब तक कि बेसन की सारी गुठलियां खत्म न हो जाएं। फिर इसमें लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर और करीब 3 कप पानी डालकर पतला और स्मूथ पेस्ट बनाकर तैयार कर लें।

फिर एक कढ़ाही में दो चम्मच तेल डालकर गर्म करने के लिए रख



दें। अब इसमें मेथी दाना, राई, जीरा और हींग डाले। जब यह मसाले चटकने लगें, तो इसमें हरी मिर्च, कढ़ी पत्ता और अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर भूनें।

इसके बाद गैस को धीमा कर दें और बेसन-दही का तैयार घोल कढ़ाही में डाल दें। घोल डालते समय इसको लगातार चलाते रहें, जिससे कि दही फटे नहीं। कढ़ी में उबाल आने तक इसको चलाएं। जब उबाल आ जाए, तो आंच को एकदम धीमा कर दें और इसको 15-20 मिनट तक पकने दें।

जब कढ़ी अच्छे से पक जाए और थोड़ा गाढ़ी होने लगे। तो इसमें फ्राई की हुई भिंडी और नमक डाल दें। अब इसको फिर 5 से 7 मिनट तक पकने दें। इससे भिंडी कढ़ी के फ्लेवर्स को सोख लेगी।

फिर आप चाहें तो ऊपर से तड़का लगा सकती हैं। इसके लिए एक चम्मच घी में थोड़ी सी सूखी लाल मिर्च और कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर डालकर तड़का लगा दें। इस तरह से भिंडी कढ़ी बनकर तैयार है। इसको चावल और रोटी के साथ सर्व करें।

# होम गार्डन टिप्स: मानसून में खुलेगी फूलों का कूड़ा, बस लगा लें ये पौधे



मॉनसून में अपनी बालकनी को हरा-भरा बनाने के लिए जीनिया, बाल्सम, गेंदा और गुड़हल जैसे फूलों वाले पौधे लगाना एक बेहतरीन विकल्प है। ये पौधे न केवल बारिश के मौसम में तेजी से बढ़ते हैं, बल्कि इनके रंग-बिरंगे फूल आपके घर को एक आकर्षक और खुशनुमा लुक भी देते हैं।

मॉनसून सीजन में आने में अब ज्यादा समय बचा नहीं है। बारिश की बौछार की गर्मी से राहत देता है। बरसात के समय चारों तरफ वातावरण बेहद खुशनुमा होता है। ऐसे में आपके घर में लगे पौधे और भी खूबसूरत हो जाते हैं।

अगर आप भी मॉनसून में अपने घर की बालकनी को पौधों से सजाना चाहते है, तो आप इन फूलों के पौधे जरुर लगाएं। बरसात के मौसम में कुछ ऐसे पौधे भी जिन्हें आप घर में लगाएंगे, तो आपकी बालकनी बहुत ज्यादा अट्रैक्टिव बन जाएगी। आइए आपको बताते हैं कुछे ऐसे खास पौधे जो आप अपने घर पर लगा सकते हैं।

**जीनिया**

मॉनसून के समय आप अपने घर पर जीनिया का पौधा लगा सकते हैं। जीनिया पौधा दिखने में काफी ब्राइट कलर्स के होते हैं। इनमें लगे लाल, नारंगी, पीला, सफेद और बैंगनी जैसे फूल काफी प्यारे लगते हैं। इन फूलों को धूप काफी पसंद होती है और इसे आप बीज से भी लगा सकते हैं। आप चाहे तो इस पौधे को इसकी कलम से भी लगा सकते हैं। एक 8 से 10 इंच के गमले में कम से कम दो जीनिया के पौधे लगा सकते हैं। इसको गमले में लगा दोंगे, तो दो अलग रंगों के फूल खिलते नजर आएंगे और बालकनी भी बहुत सुंदर लगती है।

**बाल्सम**

बरसात के मौसम में अपने गार्डन को सुंदर बनाने के लिए बाल्सम पौधा सबसे अच्छा माना जाता है। यह छायादार बालकनी और गमलों के लिए बेहद उपयुक्त पौधा है। इस पौधा को आप मॉनसून में लगवा सकते हैं और इसकी ज्यादा देखभाल करने की कोई जरुरत नहीं है। असल में बाल्सम एक ऐसा पौधा है, जो नम, छायादार परिस्थितियों में अच्छी तरह पनपता है। इसी कारण से इस पौधे को मॉनसून में बढ़ने वाले पौधों में से एक माना जाता है। इसके रंग-बिरंगे बालकनी को और ज्यादा खूबसूरत दिखाते हैं।

**गेंदा**

गेंदा एक ऐसा लोकप्रिय फूलदार पौधा है जो बरसात के मौसम में विशेष रूप से खूब फलता-फूलता है। हालांकि यह सालभर फूल देता रहता है, लेकिन मॉनसून के दौरान इसमें अधिक संख्या में रंग-बिरंगे फूल खिलते हैं, जिससे बालकनी और बगीचे की सुंदरता कई गुना बढ़ जाती है। इसके अलावा, इसकी खुशबू और गुणों के कारण इसे बरसात में आने वाले कई प्रकार के कीड़ों को दूर रखने के लिए भी लगाया जाता है।

गेंदे में भी कई रंग और वैरायटी पाई जाती है और आप इसे मॉनसून में बीज से आसानी से ऊगा सकते हैं। इसके बीजों को गमले में डालकर बालकनी में रख दें और ये बारिश के पानी से बहुत जल्दी बढ़ने लगता है और इसमें बहुत से फूल खिलने लगते हैं।

**गुड़हल**

गुड़हल का पौधा आप किसी भी मौसम में लगा सकते हैं, लेकिन इसे बरसात के समय लगना सही होता है। इसके लाल फूल काफी सुंदर लगते हैं। इस मौसम में गुड़हल के पौधा को आप दो तरीके से लगा सकते हैं, इसे आप कटिंग से लगाएं या फिर कम से कम 6 इंच डाल की जरुरत होगी। आप इसी से नया पौधा ऊगा सकते हैं और बालकानी को खूबसूरत बना सकते हैं।

गुड़हल का नया पौधा तैयार करने के लिए सबसे पहले एक साफ बर्तन में पानी भरें। इसके बाद गुड़हल की स्वस्थ कलम को इस तरह पानी में रखें कि उसका निचला हिस्सा पानी में डूबा रहे। बर्तन को ऐसी जगह रखें जहां सीधी धूप न आए और हल्की रोशनी मिलती रहे। लगभग 10 से 15 दिनों के भीतर कलम में नई जड़ें विकसित होने लगती हैं, जिसके बाद इसे मिट्टी में लगाकर आसानी से पौधे के रूप में उगाया जा सकता है।

# वीक को यादगार मनाने के लिए, घर पर बनाएं चॉकलेट कप केक, रिश्तों में घुलेगी मिठास

अपनी-अपनी तरह से हफ्ते भर चलने वाली परीक्षा को पास करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। प्यार के इस खास पर्व पर अपने रिश्ते में मिठास का प्यार डलना चाहते हैं, तो आप घर पर चॉकलेट कप केक जरुर बनाएं। इसे बनाना काफी आसान है, जो इसको एक बार खाएगा, इसको बार-बार खाना पसंद करेगा। आइए आपको वैलेंटाइन स्पेशल टेस्टी चॉकलेट कप केक की रेसिपी बताते हैं।



***चॉकलेट कप केक बनाने के लिए सामग्री***

- 1/2 कटोरी कंडेन्स्ड मिल्क
- 2 चम्मच चीनी का बूरा
- 1/4 चम्मच चीनी पाउडर
- 1/2 चम्मच बेकिंग सोडा
- 1/2 चम्मच वनिला एसेंस
- 1 चम्मच कोको पाउडर
- 1/4 कटोरी रिफाइंड ऑयल
- 1 कटोरी मैदा
- 1/2 गिलास दूध
- 1 चम्मच आइसिंग शुगर सिरप
- 1 चम्मच स्प्रिंकल्स

***चॉकलेट कप केक बनाने की विधि***

सबसे पहले आप एक बर्तन में कंडेन्स्ड मिल्क डालकार उसमें चीनी का बूरा, बेकिंग सोडा, वनिला एसेंस और कोको पाउडर डालकर अच्छे से मिलाएं। फिर आप इसमें रिफाइंड ऑयल, मैजा और दूध डालकर अच्छे से सभी चीजों को मिला लें। अब कप केक के तैयार बैटर को मफिन मोल्ड में डालकर 200 डिग्री सेंटीग्रेड पर 18 से 20 मिनट तक बेक करें। फिर आप कटर से मफिन को काटकर ऊपर से आइसिंग शुगर और स्प्रिंकल्स से सजा लें और आपका स्वादिष्ट वैलेंटाइन स्पेशल चॉकलेट कप केक तैयार है।

# अब नहीं फटेगा पराठा बनाते समय इन जरुरी टिप्स को फॉलो करें, फूले-फूले बनेंगे पराठें

सर्दियों के दौरान आलू और गोभी का पराठा खूब खाया जाता है। सुबह-सुबह नाश्ते में कई घरों में पराठें जरुर बनते हैं। कई लोगों को पराठा खाने का शौक भी होता है। लेकिन जब पराठें बनाते हैं तो स्टाफिंग के कारण वो फटने लगते हैं। लेकिन अब आप इन टिप्स को फॉलो करेंगी तो आपके पराठें एकदम में परफेक्ट बनेंगे। चलिए आपको इन टिप्स के बारे में बताते हैं।



***नहीं फटेगा आपका पराठा***

- सबसे पहले जरुरी है कि सही तरह से आटा गूंदना, जिससे बेलते समय आपके पराठें का स्टाफ नहीं फटेगा। इसके अलावा आटा गूंदते समय उसमें एक चम्मच बेसन और चम्मच घी मिला लें। इसके बाद गुनगुने पानी से आटा को गूंदें, जिससे आटा मुलायम होगा और परांठा भी नहीं फटेगा।
- ऐसे कई लोग है जो आटा गूंदने के तुरंत बाद परांठा बनाना शुरु कर देते हैं, जिसके कारण परांठा अच्छा नहीं बन पाता है। आटा गूंदने के बाद कम से कम 10 से 15 मिनट तक इसे ढककर रख दें। ऐसा करने से ग्लूटन सेट होता और आपका परांठा भी स्वादिष्ट बनेगा।
- पराठें के लिए स्टाफ तैयार करते समय सब्जियों से अतिरिक्त पानी निकाल लें। उबले आलू से नमी कम करने के लिए उसे फ्रिज में रख दें। जैसा कि गोभी, मूली और मेथी जैसी सब्जियों को निचोड़कर पानी निकाल लीजिए।
- जब आप पराठें बनाएं तो डबल लेयर वाला बनाएं। रोटी बेलकर आधे हिस्से पर स्टाफिंग रखें और फिर रोटी को बीच से मोड़ दें। आधे हिस्से पर भरानवन लगाकर रोटी को दोबारा मोड़ें और तिकोना आकार दें। फिर पराठे को बेलकर तवे पर सेंक लीजिए।
- भरावन कम होने पर पराठें में कोई स्वाद नहीं रहता है, इसलिए ज्यादा भरावन होने से पराठा बेलना मुश्किल हो जाता है जिस कारण से पराठा फटने लगता है। यदि आप टेस्टी और खूबसूरत भरावन परांठा बनाना चाहती है, तो ऐसे में भरावन की मात्रा का ध्यान रखें।

## लग्जरी होम डेकोर
# बिना महंगे खर्चे के लिविंग रूम चमकाएं, 5 कॉर्नर टेबल डिजाइन देंगे प्रीमियम लुक

कई बार छोटे-छोटे डेकोर एलिमेंट्स भी आपके घर की पूरी वाइब को ही चेंज कर देते हैं। सही डिजाइन की कॉर्नर टेबल न सिर्फ आपके लिविंग रूम को स्टाइलिश बनाती है, बल्कि आपके लिविंग रूम को 5 स्टार होटल जैसा प्रीमियम लुक दे सकती है।

हर किसी की चाहत होती है कि उनका लिविंग रूम सलीकेदार, खूबसूरत और थोड़ा सा लग्जरी फील देने वाला हो। इसके लिए जरूरी नहीं है कि आप लिविंग रूम में महंगे फर्नीचर रखें या फिर कुछ बड़े बदलाव करें। कई बार छोटे-छोटे डेकोर एलिमेंट्स भी आपके घर की पूरी वाइब को ही चेंज कर देते हैं। ऐसा ही एक खास एलिमेंट कॉर्नर टेबल है। सही डिजाइन की कॉर्नर टेबल न सिर्फ आपके लिविंग रूम को स्टाइलिश बनाती है, बल्कि आपके लिविंग रूम को 5 स्टार होटल जैसा प्रीमियम लुक दे सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको लिविंग रूम को क्लासी और एलिगेंट बनाने के लिए लेटेस्ट कॉर्नर टेबल डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं।

**आर्म ट्रे कॉर्नर टेबल डिजाइन**

आजकल आर्म ट्रे कॉर्नर टेबल काफी ट्रेंड में है। इसका डिजाइन फंक्शनल और बेहद स्मार्ट होता है, जिसमें एक छोटी ट्रे जैसी सतह होती है। आप इस पर चाय या कॉफी का कप, बुक या छोटा डेकोर आइटम आसानी से रख सकती हैं। खासतौर पर इस तरह की टेबल आर्मचेयर या सोफा के पास अच्छी लगती हैं। यह जगह में आसानी से फिट हो जाती है और आपके लिविंग रूम को एक मॉर्डन और स्लीक लुक देती है। कुछ आर्म ट्रे कॉर्नर टेबल सोफे पर ही सेट हो जाती है।

**सी-शेप्ड कॉर्नर टेबल डिजाइन**

यह उन लोगों के लिए परफेक्ट है, जो कम स्पेस में ही ज्यादा यूटिलाइज करना चाहते हैं। इसका डिजाइन ऐसा होता है कि इसको आप सोफे के नीचे तक स्लाइड कर सकती हैं। इसको इस्तेमाल करना बेहद आसान है। यह टेबल लैपटॉप रखने, स्नैक्स रखने या डेकोरेटिव आइटम्स सजाने के लिए बेहतर होती है।

**राउंड शेप कॉर्नर टेबल डिजाइन**

लिविंग रूम में सॉफ्ट और क्लासी लुक पाने के लिए राउंड शेप कॉर्नर टेबल एक बेहतरीन ऑप्शन है। इसके गोल किनारे इसको सेफ और विजुअली अपीलिंग बनाते हैं। आप इस पर कैंडल, फूलों का गुलदस्ता या शोपीस रखकर अपने लिविंग रूम को खूबसूरत बना सकती हैं। खासतौर पर यह डिजाइन छोटे लिविंग रूम के लिए परफेक्ट है।



**सिमेट्रिक कॉर्नर टेबल विद बुक शेल्फ डिजाइन**

अगर आप स्टाइल के अलावा स्टोरेज भी चाहती हैं, तो आपके लिए सिमेट्रिक कॉर्नर टेबल विद बुक शेल्फ डिजाइन परफेक्ट है। इसमें टेबल के साथ साइड या फिर नीचे में छोटे-छोटे शेल्फ होते हैं। जहां पर आप मैगजीन, किताबें या डेकोरेटिव आइटम्स रख सकती हैं। यह आपके लिविंग रूम को ऑर्गनाइज्ड रखता है, बल्कि इसको प्रीमियम लुक भी देता है। जोकि 5 स्टार होटल्स में देखने को मिलता है।

**कॉर्नर टेबल विद लैम्प शेड**

अगर आप अपने लिविंग रूम में वॉर्म और कोजी बनाना चाहती हैं, तो आपको कॉर्नर टेबल के साथ लैम्प शेड का कॉम्बिनेशन जरूर ट्राई करना चाहिए। कॉर्नर टेबल विद लैम्प शेड में आपको लैंप शेड एसेंबल किया हुआ मिलेगा। इस तरह की कॉर्नर टेबल में एक से बढ़कर एक डिजाइन देखने को मिलेंगी।

# एक बार घर पर बना लें कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स
## सब बार-बार खाने के लिए मांगेंगे, नोट करें आसान विधि

भारत में इन दिनों कोरियन खाने का ट्रेंड खूब बढ़ गया है। आजकल सोशल मीडिया पर भी कोरियन खाने की रेसिपीज वायरल होती रहती हैं। कोरियन स्पाइसी नूडल्स को ज्यादातर लोग खाना पसंद करते हैं क्योंकि ये खाने में काफी अलग और बेहद टेस्टी है। यदि आप ने भी कोरियन डिशेज नहीं खाई हैं, तो आप घर आसानी से कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स बना सकते हैं। इसे बनाना काफी आसान है, चलिए आपको रेसिपी बताते हैं।



***कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स बनाने के लिए आपको चाहिए***

- चार उबले मसले हुए आलू
- चार बड़े चम्मच कॉर्नफ्लोर
- एक बड़ा चम्मच तेल
- चार से पांच लहसुन की कटी हुई कलियां
- दो बड़े चम्मच सोया सॉस
- एक बड़ा चम्मच कटा हुआ हरा धनिया
- आधा बड़ा चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर
- आधा छोटा चम्मच सफेद तिल
- एक से डेढ लीटर पानी

***कैसे बनाएं कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स***

इसे बनाने के लिए चिली पोटैटो बॉल्स बनाने के लिए सबसे पहले कुछ आलू लें और इसे अच्छे से धो लें। फिर इन आलू को अच्छे से उबाल लीजिए। उबालने के बाद इन आलू को मसले लें। अब 4 बड़े चम्मच कॉर्नफ्लोर आटा मसले आलू में डाल दीजिए और इसे अच्छे से मिलाएं। आलू का आटा आपका तैयार है। इस आटे का छोटा-छोटा हिस्सा लें और बॉल्स तैयार कर लें। अब एक पैन में एक लीटर पानी और एक बड़ा चम्मच तेल डालें और इसमें आलू के बॉल्स डालें। फिर इसे कम से कम 10 मिनट तक उबालें। अब इन उबले आलू में धनिया पत्ती. चार लहसुव की कटी हुई कलियां, जो बड़े चम्मच सोया सॉस, आधा बड़ा चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर, सफेद तिल और आधा कप गर्म तेल डालें। सभी को अच्छे से मिलाएं और कोरियाई चिली पोटैटो बॉल्स का मजा लें।

# चेहरे पर ग्लिसरीन लगाना पड़ सकता है भारी, इस्तेमाल करने से पहले जरूर करें पैच टेस्ट

ग्लिसरीन हमारी त्वचा के लिए काफी फायदेमंद मानी जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कई बार यह त्वचा के लिए नुकसानदायक भी हो सकती है। अधिकतर लोग खूबसूरती बढ़ाने के लिए ग्लिसरीन का इस्तेमाल करते हैं। ग्लिसरीन एंटी-एजिंग के तौर पर काम करती है। इससे मुंहासे कम होते हैं और ब्लैकहेड्स दूर होते हैं। लेकिन ग्लिसरीन के तमाम सारे फायदों के साथ कई नुकसान भी होते हैं। कई बार इसके इस्तेमाल से जलन, एलर्जी और सूजन आदि की समस्या हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ग्लिसरीन लगाने से क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं।

त्वचा का लाल होना

कई बार त्वचा पर ग्लिसरीन सूट नहीं करती है, तो त्वचा लाल होने लगती है। ऐसे में आपको अगर ग्लिसरीन सूट नहीं करती है या फिर एलर्जी है, तो आपको फेस पर इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। क्योंकि ऐसी स्थिति में ग्लिसरीन लगाने से त्वचा लाल हो सकती है। इसलिए जब फेस पर पिंपल्स हों, तो आपको फेस पर ग्लिसरीन नहीं लगाना चाहिए।

चेहरे पर चकत्ते होना

त्वचा पर ग्लिसरीन लगाने से कई बार फेस पर चकत्ते की समस्या हो सकती है। कई बार ग्लिसरीन लगाने से पिंपल्स की समस्या हो जाती है। या फिर दाने का खतरा बढ़ सकता है। इस परेशानी से बचने के लिए आपको ग्लिसरीन का इस्तेमाल करने से पहले थोड़ा सा हाथ पर पैच टेस्ट करके जरूर देखें।

सूजन की समस्या

बता दें कि त्वचा पर ग्लिसरीन लगाने से सूजन की समस्या हो सकती है। कई बार त्वचा पर ग्लिसरीन लगाने से इसमें मौजूद तत्व त्वचा पर सूजन ला सकते हैं। ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए आपको ग्लिसरीन का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करना चाहिए।

# अनईवन स्किन टोन से खराब हो रही चेहरे की सुंदरता, इस फेसपैक से मिलेगी ग्लोइंग स्किन

अनईवन स्किन टोन एक कॉमन समस्या है। लेकिन यह आपके फेस की सुंदरता को बिगाड़ने का काम कर सकती है। इस तरह की स्किन होने पर त्वचा कहीं ज्यादा डार्क हो जाती है, तो कहीं पर लाइट रहती है। इस समस्या से निपटने के लिए आप घरेलू फेसपैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे चेहरे की सुंदरता खराब हो जाती है। ऐसे में इस समस्या से निपटने के लिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक फेसपैक के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसको अप्लाई करने से आपको अनईवन स्किन टोन से छुटकारा मिल सकता है।



***ऐसे बनाएं ये फेसपैक***

इस फेसपैक को बनाने के लिए आप सबसे पहले चावन को पानी में डालकर अच्छे से उबाल लें। जब चावल पक जाएं, तो इसको ठंडा होने के लिए रख दें और साथ ही इसका पानी भी ब्लेंड कर लें। ब्लेंड करने के बाद गाढ़ा पेस्ट बनाएं। फिर इसको एक कटोरी निकालें और एक टमाटर का गूदा चावल के पेस्ट में मिलाएं। फिर इसमें एक चम्मच शहद मिलाएं और अच्छे से मिक्स करें। इस तरह से आपका फेसपैक बनकर तैयार हो जाएगा।

***ऐसे करें अप्लाई***

इस फेस पैक को अप्लाई करने के लिए सबसे पहले चेहरे को अच्छे से साफ कर लें। आप फेस को साफ करने के लिए फेसवॉश का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। या फिर किसी अच्छे क्लींजर से चेहरे को साफ कर सकते हैं। वहीं अगर आप अपने चेहरे पर केमिकल वाले प्रोडक्ट्स नहीं लगाते हैं, तो सबसे पहले चेहरे को पानी से धोएं और थपथपाकर सुखाएं। फिर थोड़े से दूध में रुई डिप करके अपने पूरे फेस पर रुई अच्छे से फेरकर चेहरे को साफ करें। अब साफ चेहरे पर फेसपैक अप्लाई करें और इसको लगाने के कम से कम 15 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें।

***ऐसे हटाएं फेसपैक***

जब यह फेसपैक अच्छे से सूख जाएं, तो सबसे पहले अपने हाथों को गीला करें और फिर सर्कुलर मोशन चेहरे की मसाज करते हुए इस पैक को साफ करना है। आखिरी में चेहरे को पानी से अच्छे से धोएं और फिर फेस पर गुलाब जल अप्लाई करें।

# 20 साल पुराने पवनराजे निम्बालकर हत्याकांड में बड़ा फैसला

**निम्बालकर**

**3 जून 2006 को कांग्रेस नेता पवनराजे निम्बालकर और उनके ड्राइवर समद काजी मुंबई से उस्मानाबाद, जो अब धाराशिव कहलाता है, जा रहे थे।**



**मुंबई** महाराष्ट्र के चर्चित पवनराजे निम्बालकर हत्याकांड में मुंबई की विशेष सीबीआई अदालत ने पूर्व गृह मंत्री पद्मसिंह पाटिल समेत आठ आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष साजिश की पूरी कड़ी साबित नहीं कर सका और सरकारी गवाह पारसमल जैन की गवाही भरोसेमंद नहीं पाई गई। वर्ष 2006 में कांग्रेस नेता पवनराजे निम्बालकर और उनके ड्राइवर की हत्या कर दी गई थी। महाराष्ट्र की राजनीति के चर्चित पवनराजे निम्बालकर हत्याकांड में करीब दो दशक बाद बड़ा फैसला आया है। मुंबई की विशेष सीबीआई अदालत ने पूर्व महाराष्ट्र गृह मंत्री पद्मसिंह पाटिल और सात अन्य आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष साजिश की पूरी कड़ी साबित करने में विफल रहा। वर्ष 2006 में कांग्रेस नेता पवनराजे निम्बालकर और उनके ड्राइवर समद काजी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले को महाराष्ट्र की सबसे चर्चित राजनीतिक हत्याओं में से एक माना जाता है। 20 साल तक चली जांच और सुनवाई के बाद आए इस फैसले ने एक बार फिर इस मामले को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। विशेष सीबीआई अदालत के न्यायाधीश सत्यनारायण नवंदर ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ साजिश की पूरी श्रृंखला स्थापित नहीं कर पाया। अदालत ने विशेष रूप से आरोपी से सरकारी गवाह बने पारसमल जैन की गवाही पर सवाल उठाए। अभियोजन पक्ष का मामला काफी हद तक जैन की गवाही पर आधारित था। हालांकि अदालत ने उनकी गवाही को संदिग्ध मानते हुए स्वीकार नहीं किया। अदालत का मानना था कि उपलब्ध साक्ष्य आरोपियों के खिलाफ आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। इसी आधार पर पद्मसिंह पाटिल समेत सभी आठ आरोपियों को बरी कर दिया गया। 3 जून 2006 को कांग्रेस नेता पवनराजे निम्बालकर और उनके ड्राइवर समद काजी मुंबई से उस्मानाबाद, जो अब धाराशिव कहलाता है, जा रहे थे। इसी दौरान नवी मुंबई के कलंबोली इलाके में उनकी कार को रोककर हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाई। इस हमले में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। शुरुआत में मामले की जांच नवी मुंबई पुलिस और राज्य सीआईडी ने की थी। बाद में पवनराजे की पत्नी ने जांच पर असंतोष जताया, जिसके बाद बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2008 में मामला सीबीआई को सौंप दिया।

सीबीआई के अनुसार पद्मसिंह पाटिल इस मामले के मुख्य आरोपी थे। जांच एजेंसी का आरोप था कि राजनीतिक और कारोबारी प्रतिद्वंद्विता के कारण उन्होंने अपने रिश्तेदार पवनराजे निम्बालकर की हत्या की साजिश रची थी। सीबीआई ने दावा किया था कि हत्या के लिए सुपारी दी गई थी और इसके लिए धनराशि भी उपलब्ध कराई गई थी। जून 2009 में सीबीआई ने पद्मसिंह पाटिल को गिरफ्तार किया था। हालांकि उसी वर्ष सितंबर में उन्हें अलीबाग की सत्र अदालत से जमानत मिल गई थी।

इस मामले में पारसमल जैन की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण मानी गई। जांच एजेंसी के अनुसार जैन ने शुरुआत में हत्या की सुपारी स्वीकार की थी। बाद में उन्हें माफी देकर सरकारी गवाह बनाया गया। अभियोजन पक्ष ने उनकी गवाही के आधार पर पूरी साजिश को साबित करने की कोशिश की। लेकिन अदालत ने कहा कि उनकी गवाही भरोसेमंद नहीं है और उससे घटनाओं की श्रृंखला स्पष्ट रूप से स्थापित नहीं होती। यही कारण रहा कि अभियोजन पक्ष का मामला कमजोर पड़ गया और अदालत ने आरोपियों को संदेह का लाभ दे दिया।

मामले की सुनवाई के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे का नाम भी सामने आया था। पारसमल जैन के बयान में दावा किया गया था

## केंद्रीय मंत्री के बेटे को पॉक्सो मामले में सात दिन की अंतरिम जमानत



**हैदराबाद।** पॉक्सो विशेष अदालत ने केंद्रीय मंत्री बंदी संजय के बेटे बंदी साई भागीरथ को सात दिन की अंतरिम जमानत दी है। भागीरथ पर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है और वे न्यायिक हिरासत में थे। उनके वकील ने पुलिस हिरासत का विरोध करते हुए पूछताछ के दौरान कई सुरक्षा उपायों की मांग की थी।

हैदराबाद के मलकाजगिरि स्थित बाल यौन उत्पीड़न संरक्षण (पॉक्सो) विशेष न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री बंदी संजय के बेटे बंदी साई भागीरथ को सात दिनों के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। आरोपी पर बशीर बाग पुलिस स्टेशन में दर्ज पॉक्सो मामले में आरोप हैं। यह जानकारी सूत्रों के अनुसार है। सूत्रों के अनुसार, अदालत ने भागीरथ को अंतिम परीक्षा में उपस्थित होने और परीक्षा देने में सक्षम बनाने के लिए अस्थायी जमानत दी है। सूत्रों ने आगे बताया कि अंतरिम जमानत सात दिनों तक सीमित है और अदालत द्वारा लगाई गई शर्तों के अधीन है। बंदी साई भागीरथ को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज एक कथित मामले के संबंध में 29 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसके जवाब में, बंदी साई भागीरथ का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने पुलिस की याचिका का कड़ा विरोध किया और इसे तत्काल खारिज करने की मांग करते हुए एक विस्तृत जवाबी याचिका दायर की।

एक प्रेस नोट के अनुसार, 'न्यायालय के समक्ष यह निवेदन किया गया कि उठाई गई आपत्तियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, अगर न्यायालय पुलिस हिरासत की अनुमति देने के लिए इच्छुक हो, तो तेलंगाना उच्च न्यायालय द्वारा आपराधिक पुनरीक्षण याचिका संख्या 165/2022 में जारी निर्देशों के अनुसार उचित सुरक्षा उपाय और सुरक्षात्मक निर्देश लागू किए जाएं।' वकील ने अनुरोध किया कि पूछताछ केवल सुबह 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे के बीच ही की जाए और भागीरथ को प्रतिदिन शाम 7:00 बजे तक चेरलापल्ली स्थित केंद्रीय कारागार के अधीक्षक की हिरासत में वापस सौंप दिया जाए।

अन्य सुरक्षा उपायों में पूछताछ से पहले और बाद में जेल के चिकित्सा अधिकारियों की ओर से आरोपी की चिकित्सा जांच शामिल थी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वकील ने यह भी अनुरोध किया कि पूछताछ पूरी होने के तुरंत बाद या अदालत द्वारा निर्धारित तिथि पर आरोपी को संबंधित अदालत के समक्ष पेश किया जाए। उनके वकील, एडवोकेट करुणासागर के अनुसार, भागीरथ ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जिसके बाद मानक जांच प्रक्रियाएं शुरू की गईं। करुणासागर ने कहा कि भागीरथ ने पूछताछ में पूरा सहयोग दिया और विश्वास जताया कि न्यायिक प्रक्रिया आगे बढ़ने पर उनके मुवक्किल को सभी आरोपों से बरी कर दिया जाएगा और वे निर्दोष साबित होंगे।

## टीएमसी नेता जहांगीर खान की पत्नी गिरफ्तार, पुलिस पर हुए हमले की मास्टरमाइंड होने का दावा



**कोलकाता।** फाल्टा पुलिस थाने पर हमले और टीएमसी नेता जहांगीर खान को छुड़ाने की साजिश के मामले में पुलिस ने उनकी पत्नी रेजिना बीबी को गिरफ्तार कर लिया। वह तीन दिन से फरार थी। पुलिस के अनुसार, हमले की योजना रेजिना ने बनाई थी। पश्चिम बंगाल पुलिस को शनिवार को बड़ी सफलता मिली। तीन दिनों से फरार चल रही तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता जहांगीर खान की पत्नी रेजिना बीबी को गिरफ्तार कर लिया गया। रेजिना बीबी पर फाल्टा पुलिस थाने पर हमले की कोशिश की मुख्य साजिशकर्ता होने का आरोप है। पुलिस पहले ही जहांगीर खान को गिरफ्तार कर चुकी है। अब रेजिना बीबी की गिरफ्तारी के बाद उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023, आर्म्स एक्ट, 1959 और एक्सप्लोसिव्स एक्ट, 1884 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उसे दक्षिण 24 परगना की जिला अदालत में पेश करेगी।

राज्य पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों ने टीएमसी कार्यकर्ताओं द्वारा फाल्टा पुलिस थाने पर हमले और जहांगीर खान को छुड़ाने की कोशिश के मामले में भारत-नेपाल सीमा के निकट स्थित एक ठिकाने से रेजिना बीबी को गिरफ्तार किया। रेजिना बीबी की गिरफ्तारी के साथ ही अब इस मामले में कुल 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि फाल्टा पुलिस थाने पर हमले की योजना सोमवार को एक गुप्त स्थान पर आयोजित बैठक में बनाई गई थी। आरोप है कि यह बैठक रेजिना बीबी ने बुलाई थी। जिला पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, 'बैठक में तय किया गया था कि समर्थक फाल्टा पुलिस थाने से करीब तीन किलोमीटर दूर एक निर्धारित स्थान पर एकत्र होंगे। इसके बाद वे अचानक और संगठित तरीके से पुलिस थाने पर धावा बोलकर जहांगीर खान को छुड़ाने का प्रयास करेंगे।' शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा था कि उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया है कि वे पुलिस स्टेशन पर हमले में शामिल लोगों की संपत्तियों की पहचान करें। उन्हें जब्त करें, उनकी नीलामी करें और नीलामी से मिली रकम से सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई करें।

## अष्टलक्ष्मी ने वैश्विक मानचित्र पर बनाई मजबूत



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत के आठ राज्य 'अष्टलक्ष्मी' के रूप में वैश्विक पहचान बना चुके हैं। उन्होंने क्षेत्र में ऑर्गेनिक खेती, आधुनिक बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी में हुई प्रगति का जिक्र किया।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर भारत अब वैश्विक स्तर के कई खास स्थलों का घर बन चुका है, जो सतत और समावेशी विकास का उदाहरण पेश कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में वित्त मंत्री ने कहा कि 'अष्टलक्ष्मी (अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा) अब वैश्विक मानचित्र पर मजबूती से अपनी पहचान बना चुकी है। उन्होंने कहा कि दुनिया के पहले 100 प्रतिशत ऑर्गेनिक राज्य से लेकर दुनिया की सबसे लंबी दो-लेन सुरंग और सबसे ऊंचे गर्डर रेल पुल तक, पूर्वोत्तर क्षेत्र ने कई वैश्विक उपलब्धियां हासिल की हैं।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भी एक एक्स पोस्ट में कहा कि पूर्वोत्तर के आठ राज्य कभी विकास की मुख्यधारा से काफी दूर माने जाते थे।

लेकिन आज ये राज्य भारत की विकास यात्रा के नए इंजन के रूप में उभर रहे हैं, जो समृद्धि, शक्ति और अपार संभावनाओं से भरे हुए हैं।

एक आधिकारिक फैक्ट शीट के अनुसार, पिछले 12 वर्षों में पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास परिदृश्य में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिला है। यह परिवर्तन लगातार नीतिगत समर्थन, बुनियादी ढांचे के विस्तार और समावेशी विकास कार्यक्रमों के कारण संभव हुआ है। सड़क, रेल, हवाई और डिजिटल कनेक्टिविटी में सुधार ने क्षेत्र की भौगोलिक दूरी और अलगाव को कम किया है। साथ ही इससे क्षेत्रीय एकीकरण और आर्थिक पहुंच को भी मजबूती मिली है।

इसी दौरान स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता, आवास, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा तक लोगों की पहुंच में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इन बदलावों का असर शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है और लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है। फैक्ट शीट में कहा गया है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र अब भारत की स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन यात्रा और 'एक्ट ईस्ट' नीति का महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा है। यह बदलाव जलविद्युत परियोजनाओं, गैस बुनियादी ढांचे और सीमा-पार कनेक्टिविटी में किए गए निवेश की बदौलत संभव हुआ है। इन सभी प्रयासों ने 'अष्टलक्ष्मी को विकसित भारत के भीतर सतत और समावेशी विकास के एक मॉडल के रूप में स्थापित किया है।

वर्ष 2014 से लगातार मिल रहे नीतिगत समर्थन के मार्गदर्शन में यह विकास यात्रा आगे बढ़ी है। इसमें विकास को पर्यावरणीय संवेदनशीलता, संसाधनों के कुशल उपयोग और दीर्घकालिक स्थिरता के साथ संतुलित किया गया है। पूर्वोत्तर भारत अब अवसरों और अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव के नए प्रवेश द्वार के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

आज अष्टलक्ष्मी एक ऐसे क्षेत्र का प्रतीक बन चुकी है, जो पहले से अधिक जुड़ा हुआ, अधिक मजबूत और भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर तरीके से तैयार है।

### कैडर समीक्षा को लेकर सीएसएस फोरम की पीएमओ से हस्तक्षेप की मांग

**नई दिल्ली।** भारत सरकार की प्रशासनिक रीढ़ मानी जाने वाली केंद्रीय सचिवालय सेवा की कैडर समीक्षा अभी तक लंबित है। फोरम का मत है कि समयबद्ध कैडर समीक्षा प्रभावी जनशक्ति नियोजन, प्रशासनिक दक्षता, निष्पक्ष कैरियर प्रगति तथा विकसित भारत ञ्च2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है। केंद्रीय सचिवालय सेवा (सीएसएस) फोरम ने प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा को एक प्रतिनिधित्व भेजकर केंद्रीय सचिवालय सेवा की लंबित चौथी कैडर समीक्षा को शीघ्र अंतिम रूप दिलाने के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। यह कैडर समीक्षा वर्ष 2018 में देय थी, लेकिन आठ वर्ष से यह फाइल लंबित है। इसके चलते सीएसएस अधिकारियों के पदोन्नति के अवसर प्रभावित हुए हैं।

## नेतन्याहू से दूरी बना रहे ट्रंप: रुबियो ने लेबनान के राष्ट्रपति को दिया सुरक्षा का भरोसा



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन को सुरक्षा और स्थिरता का भरोसा दिया है। आउन ने इस्राइली सैन्य कार्रवाई रोकने और व्यापक संघर्ष विराम की जरूरत पर जोर दिया। अगले सप्ताह वाशिंगटन में लेबनान, अमेरिका और इस्राइल के बीच वार्ता प्रस्तावित है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका ने लेबनान को खुला समर्थन देकर नई कूटनीतिक चर्चा छेड़ दी है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन से फोन पर बातचीत कर देश की सुरक्षा, स्थिरता और संप्रभुता के प्रति वाशिंगटन की प्रतिबद्धता दोहराई। यह बातचीत ऐसे समय हुई है जब लेबनान इस्राइल की सैन्य कार्रवाइयों को रोकने की मांग कर रहा है। ऐसे में कुछ जानकार इसे ट्रंप प्रशासन की क्षेत्रीय रणनीति के अहम संकेत के रूप में देख रहे हैं, हालांकि अमेरिका ने सार्वजनिक रूप से इस्राइल से दूरी बनाने जैसी कोई बात नहीं कही है। मार्को रुबियो ने राष्ट्रपति जोसेफ आउन से बातचीत में कहा कि अमेरिका लेबनान की सुरक्षा और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लेबनान सरकार का अधिकार देश के सभी हिस्सों में प्रभावी ढंग से स्थापित होना चाहिए। साथ ही अमेरिका ने लेबनान की सेना और अन्य वैध सुरक्षा संस्थाओं को अपना समर्थन जारी रखने का भरोसा भी दिया। यह संदेश ऐसे समय आया है जब लेबनान अपनी सीमाओं पर बढ़ते तनाव और सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। जोसेफ आउन ने अमेरिका के समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि लेबनान की धरती पर इस्राइली सैन्य कार्रवाई रुकनी चाहिए। उन्होंने व्यापक संघर्ष विराम को बेहद जरूरी बताया। आउन के मुताबिक, अगले सप्ताह वाशिंगटन में प्रस्तावित लेबनानी-अमेरिकी-इस्राइली वार्ता की सफलता के लिए पहले जमीन पर शांति कायम होना आवश्यक है।

### ट्रंप की नई शाही सवारी: हजारों करोड़ से तैयार हुआ उड़ता हुआ आलीशान होटल

**अमेरिका।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नए एयर फोर्स वन विमान का अनावरण किया, जो पहले कतर के स्वामित्व वाला बोइंग 747 था और अब अमेरिकी राष्ट्रपति के उपयोग के लिए बदला गया है। नए विमान में क्या अलग है, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को नए एयर फोर्स वन विमान का अनावरण किया। यह पहले कतर के स्वामित्व वाला विशाल विमान था और अब इसे अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक विमान के रूप में रूपांतरित किया गया है। नए विमान में पुराने एयर फोर्स वन की हल्के नीले रंग वाली पारंपरिक डिजाइन को हटाकर नया लुक दिया गया है। इसके निचले हिस्से को नेवी ब्लू रंग में रंगा गया है, जिसके ऊपर लाल पट्टी बनाई गई है। विमान के बाएं हिस्से पर राष्ट्रपति का प्रतीक चिन्ह लगाया गया है। जबकि पीछे के हिस्से पर बड़ा अमेरिकी ध्वज बना है।

## बम धमाकों से थर्राया पाकिस्तान: घायलों को अस्पताल ले जाते समय फिर हुआ रिमोट कंट्रोल से विस्फोट



**इस्लामाबाद** पाकिस्तान के बन्नू जिले में शनिवार को हुए दो सिलसिलेवार रिमोट कंट्रोल बम विस्फोटों में सात लोगों की मौत हो गई। पहला हमला एक यात्री वाहन पर किया गया, जबकि दूसरा धमाका घायलों को अस्पताल ले जाते समय हुआ। दोनों वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना की निंदा की। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में शनिवार को हुए दो सिलसिलेवार विस्फोटों ने एक बार फिर देश में बढ़ते आतंकवाद की गंभीर तस्वीर सामने रख दी। आतंकियों ने पहले एक यात्री वाहन को निशाना बनाया। इसके बाद जब घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा था, तब दूसरा विस्फोट कर दिया गया। इन दोनों हमलों में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने इसे रिमोट कंट्रोल से किए गए आतंकी हमले करार दिया है। घटना के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

पुलिस के अनुसार पहला विस्फोट बन्नू जिले के फांग मूसा खेल इलाके में हुआ। एक निजी डैटसन वाहन यात्रियों को लेकर डोमेल की ओर जा रहा था, तभी उसे रिमोट कंट्रोल बम से निशाना बनाया गया। धमाका इतना शक्तिशाली था कि वाहन पूरी तरह तबाह हो गया। इस विस्फोट में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कई अन्य लोग घायल भी हुए। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की।

पहले हमले में घायल हुए लोगों को अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी लगभग एक किलोमीटर दूर दूसरा विस्फोट हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह हमला भी एक वाहन को निशाना बनाकर किया गया। दूसरे धमाके में दो लोगों की मौत हो गई और वाहन पूरी तरह नष्ट हो गया। लगातार दो विस्फोट होने से इलाके में दहशत फैल गई। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि हमलावरों ने बचाव कार्य को भी निशाना बनाने की योजना बनाई थी।

घटना के तुरंत बाद रेस्क्यू 1122 की टीमों को मौके पर भेजा गया। मृतकों के शव और घायलों को डोमेल ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र तथा खलीफा गुल नवाज टीचिंग अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू कर दिया। अधिकारियों को आशंका थी कि इलाके में और भी विस्फोटक उपकरण हो सकते हैं। इसी कारण पूरे क्षेत्र की गहन जांच की गई। सुरक्षा एजेंसियां हमले के पीछे जिम्मेदार तत्वों की पहचान करने में जुटी हैं।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने हमले की कड़ी निंदा की और निर्दोष नागरिकों की मौत पर गहरा दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। राष्ट्रपति ने कहा कि आतंकियों को समर्थन, शरण और आर्थिक मदद देने वाले तत्वों के खिलाफ भी कार्रवाई जरूरी है। वहीं प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी घटना की निंदा करते हुए मृतकों के लिए शोक व्यक्त किया।

### नेतन्याहू से दूरी बना रहे ट्रंप?: रुबियो ने लेबनान के राष्ट्रपति को दिया सुरक्षा का भरोसा

**वॉशिंगटन** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन को सुरक्षा और स्थिरता का भरोसा दिया है। आउन ने इस्राइली सैन्य कार्रवाई रोकने और व्यापक संघर्ष विराम की जरूरत पर जोर दिया। अगले सप्ताह वाशिंगटन में लेबनान, अमेरिका और इस्राइल के बीच वार्ता प्रस्तावित है। आइए, विस्तार से समझते हैं...पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका ने लेबनान को खुला समर्थन देकर नई कूटनीतिक चर्चा छेड़ दी है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन से फोन पर बातचीत कर देश की सुरक्षा, स्थिरता और संप्रभुता के प्रति वाशिंगटन की प्रतिबद्धता दोहराई। यह बातचीत ऐसे समय हुई है जब लेबनान इस्राइल की सैन्य कार्रवाइयों को रोकने की मांग कर रहा है।

## भारत के खिलाफ सड़कों पर क्यों आए लोग? भीड़ ने फूंका अमित शाह का पुतला, उच्चायोग



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में जमात-ए-इस्लामी और उसके सहयोगी संगठनों ने भारत विरोधी प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अमित शाह का पुतला फूंका और भारतीय उच्चायोग की ओर मार्च निकालने की कोशिश की, जिसे पुलिस ने रोक दिया। प्रदर्शनकारी भारत-बांग्लादेश सीमा पर कथित 'पुश-इन' और गोलीबारी की घटनाओं का विरोध कर रहे हैं।

बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियों ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। राजधानी ढाका में कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी और उसके सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं ने भारत के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका और भारतीय उच्चायोग की ओर मार्च निकालने की कोशिश की। हालांकि पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। इस घटना ने भारत-बांग्लादेश संबंधों और बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। खास बात यह है कि शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से भारत विरोधी प्रदर्शनों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। जमात-ए-इस्लामी और उसके नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन ने भारत के खिलाफ नया अभियान शुरू किया है। इस गठबंधन का दावा है कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर कथित 'पुश-इन' और सीमा पर गोलीबारी की घटनाओं के विरोध में यह आंदोलन चलाया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पिछले कुछ महीनों में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिकों को जबरन सीमा पार धकेलने की कोशिश हुई है। इसके अलावा सीमा पर कथित गोलीबारी की घटनाओं को भी आंदोलन का प्रमुख मुद्दा बनाया गया है। इन्हीं आरोपों के आधार पर देशभर में विरोध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ढाका में 'बांग्लादेश आजाद पार्टी' के बैनर तले मशाल जुलूस निकाला गया। प्रदर्शनकारी भारतीय उच्चायोग की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन पुलिस ने गुलशन-1 इलाके में उन्हें रोक दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैठकर विरोध जताया और भारत विरोधी नारे लगाए। इसी दौरान अमित शाह का पुतला भी जलाया गया। विरोध प्रदर्शन में कई राजनीतिक और धार्मिक संगठनों के नेता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान भारत की कथित 'दादागीरी' और सीमा संबंधी मुद्दों को लेकर भाषण दिए गए।

बांग्लादेश आजाद पार्टी एक नया राजनीतिक मंच है, जिसकी शुरुआत इसी वर्ष अप्रैल में की गई थी। पार्टी का घोषित उद्देश्य न्याय और निष्पक्षता पर आधारित व्यवस्था स्थापित करना और कथित भारतीय प्रभाव से मुक्त बांग्लादेश का निर्माण करना बताया गया है। हालिया विरोध प्रदर्शनों में इस संगठन ने प्रमुख भूमिका निभाई है। पार्टी के नेताओं ने कहा कि वे देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़े मुद्दों को लेकर आंदोलन जारी रखेंगे।

## अमेरिका-ईरान वार्ता की तैयारी तेज: स्विट्जरलैंड में परमाणु समझौते पर हो सकती है बातचीत



**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच नए परमाणु समझौते को लेकर स्विट्जरलैंड में वार्ता की तैयारी तेज हो गई है। अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ वहां पहुंच रहे हैं, जबकि ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के भी शामिल होने की संभावना है। लेबनान में इस्राइल-हिजबुल्लाह संघर्ष विराम को वार्ता की सफलता के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। 14 सूत्रीय समझौते में प्रतिबंधों में ढील, होर्मुज मार्ग और परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत शामिल है। पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की नई उम्मीद दिखाई दे रही है। दोनों देशों के बीच हाल ही में हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद अब स्विट्जरलैंड में नई वार्ता की तैयारी तेज हो गई है। अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ स्विट्जरलैंड रवाना हो चुके हैं, जहां दोनों देशों के बीच संभावित परमाणु समझौते को लेकर बातचीत हो सकती है। ऐसे समय में जब क्षेत्र में सैन्य तनाव कम करने की कोशिशें चल रही हैं, यह वार्ता पश्चिम एशिया की राजनीति और वैश्विक सुरक्षा के लिए काफी अहम मानी जा रही है।

अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित वार्ता का पहला दौर स्विट्जरलैंड में होने की उम्मीद है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार और दामाद जेरेड कुशनर भी वार्ता से पहले स्विट्जरलैंड पहुंच चुके हैं। शुरुआत में बातचीत शुक्रवार से शुरू होनी थी, लेकिन लेबनान में इस्राइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी संघर्ष के कारण इसे टाल दिया गया। हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच संघर्ष विराम लागू होने के बाद बातचीत का रास्ता फिर खुलता दिखाई दे रहा है। फिलहाल वार्ता की नई तारीख का औपचारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन कूटनीतिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं।

ईरान ने साफ संकेत दिए हैं कि लेबनान की स्थिति उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची भी स्विट्जरलैंड जाने की तैयारी में हैं, लेकिन उनका दौरा क्षेत्रीय हालात पर निर्भर करेगा। मध्यस्थ देशों के सूत्रों के अनुसार अराघची ने कई देशों के विदेश मंत्रियों से कहा है कि लेबनान में संघर्ष विराम की सफलता ही अमेरिका-ईरान वार्ता के भविष्य को तय करेगी।

# शिकायत निस्तारण में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न होने पाए : डीएम

- तहसील केराकत सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह की उपस्थिति में तहसील केराकत सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्राम हुरहुरी, तहसील केराकत निवासी रामअसरे मौर्य द्वारा भूमि की पैमाइश कराकर अवैध कब्जा मुक्त कराए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। शिकायतकर्ता द्वारा अवगत कराया गया कि सहखातेदार द्वारा भूमि पर कब्जा कर निर्माण कर लिया गया है तथा कई बार आवेदन देने के बावजूद पैमाइश नहीं कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी केराकत को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम तरियारी निवासी सुरेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा चकमार्ग की भूमि पर अतिक्रमण हटवाने, सीमांकन कराकर मार्ग निर्माण सुनिश्चित कराने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि सरकारी चकमार्ग पर अवैध कब्जा होने के कारण आवागमन बाधित है जिसपर जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी केराकत को टीम गठित कर मामले की जांच करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद, पैमाइश, अतिक्रमण, राजस्व एवं अन्य विभागों से संबंधित विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण पूर्ण पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं समयबद्धता के साथ किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न होने पाए। जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व संबंधी प्रकरणों में संयुक्त रूप से मौके पर जाकर जांच करें तथा विवादित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करें। आईजीआरएस एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण किया जाए। साथ ही न्यायालयों के आदेशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कराया जाए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर 428 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर ही 30 का निस्तारित करा दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 गंगाराम गौतम, उपजिलाधिकारी केराकत, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीएम किसान सम्मन निधि कृषक बन्धुओ के लिए वरदान है जय प्रकाश



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** विकासखंड रामपुर सभागार में पीएम किसान उत्सव दिवस के रुप में शनिवार को मनाया गया। बता दें कि शनिवार को प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त तारकेश्वर, हुगली पश्चिम बंगाल से जारी किया गया जिसकी लाइव स्ट्रीमिंग पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में विकासखंड रामपुर के सभागार में खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में दिखाया गया । उत्सव दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में देवी शंकर दुबे (नाजा गुरु) व विशिष्ट अतिथि बड़े लाल पटेल जीतापुर प्रधान उपस्थित रहे लाइव स्ट्रीमिंग में सहायक विकास अधिकारी क़ृषि धर्मेंद्र कुमार सिंह, स. वि.अधिकारी कृषि रक्षा मिंटू प्रजापति, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अश्वनी कुमार, जे. ई.एम. आई विनोद कुमार, बी ओ पी आर डी शुभम मौर्य उपस्थित रहे कार्यक्रम में विषय वस्तु विशेषज्ञ जय प्रकाश गुप्ता ने कहा कि पीएम किसान सम्मन निधि योजना इस समय कृषक बन्धुओ के लिए वरदान साबित होगा जो खरीफ की बुवाई,बीज व खाद के काम में उपयोग होगा कार्यक्रम में तकनीकी सहायक जिलाजीत यादव जोखन राम अनिल कुमार वर्मा बी टी एम बलविंदर कुमार सिंह एटीएम जयप्रकाश पटेल ग्राम प्रधान नरहरपुर सेवा लाल यादव ग्राम प्रधान दुबेपुर सहित कपिल यादव, सेवा लाल यादव, कृष्ण कुमार मिश्रा,धीरज उपाध्याय सहित सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

# स्मैक लगाकर जेल भेजना... दो लोगों का ऑडियो वायरल

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** स्मैक लगाकर जेल भेजने की बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया है। कथित तौर पर यह ऑडियो दो पुलिसकर्मियों का बताया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि दोनों पुलिसकर्मी जनपदीय नारकोटिक्स टास्क फोर्स से संबंधित हैं। हालांकि टीम के प्रभारी ने इस ऑडियो में अपनी टीम के किसी सदस्य की आवाज होने से इंकार किया है। फिलहाल यह ऑडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। 57 सेकेंड का यह ऑडियो शनिवार सुबह वायरल हुआ। इसमें जिन दो लोगों के बीच बातचीत सुनाई पड़ती है, उनमें से एक किसी व्यक्ति को अगले दिन उठाने (पकड़ने) और दारागंज थाने में दाखिल करने की बात कहता सुनाई पड़ता है। वह यह भी कहता है कि जिसे उठाना है, उसकी लोकेशन वह खुद देगा। कहता है कि जिसे पकड़ना है, वह पिस्टल लगाए रहता है, ऐसे में जैसे ही वह दिखाई दे, मुझे सूचना देना। आगे दूसरा व्यक्ति यह कहता है कि कम से कम 150 ग्राम स्मैक हो। अब पहला व्यक्ति कहता है कि 150 ग्राम स्मैक की कीमत कितनी होती है, यह तुम भी जानते हो। वह यह भी कहता है कि स्मैक जो देने वाला है, वह रो रहा है। व्यवस्था की जाएगी। ऑडियो में आगे दूसरा व्यक्ति कहता है कि तो पूरी टीम व्यवस्था कीजिए, कम से कम 150 ग्राम होनी चाहिए। इस बारे में जनपदीय नारकोटिक्स टास्क फोर्स प्रभारी सुरेश गिरि से बात की। उन्होंने कहा कि यह ऑडियो किसका है, इसके बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। ऑडियो से उनकी टीम का कोई संबंध नहीं है। ज्ञात हो कि प्रदेश में अवैध पदार्थो (नशीली दवाओं) की तस्करी रोकने और ड्रग माफियाओं पर नकेल कसने के लिए एक विशेष पुलिस इकाई एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) का गठन किया गया है। इसी क्रम में प्रयागराज जनपदीय नारकोटिक्स टास्क फोर्स भी बनाई गई है। इसका काम जनपद स्तर पर नारकोटिक्स की श्रेणी में आने वाले पदार्थों की तस्करी रोकना और इसमें लिप्त लोगों पर कार्रवाई करना है।

# स्वयं सहायता समूहों के बैंक खाते खोलने पर जोर

- ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में हुई चर्चा

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** बक्शा विकास खंड सभागार में शनिवार को ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति (BLBC) की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता एडीओ आरडी संजय श्रीवास्तव ने की। बैठक में बैंकिंग और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

एडीओ आरडी संजय श्रीवास्तव ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार सभी राशन कार्डधारक परिवारों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाना है। उन्होंने इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बैंक शाखाओं के सक्रिय सहयोग को अनिवार्य बताया। श्रीवास्तव ने स्थानीय बैंक शाखाओं द्वारा अपेक्षित सहयोग न मिलने पर चिंता व्यक्त की। अग्रणी जिला प्रबंधक हर्षमान कुमार ने इस विषय को गंभीरता से लिया। उन्होंने सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया कि स्वयं सहायता समूहों के बैंक खाते खोलने की प्रक्रिया को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। कुमार ने समूहों को जल्द से जल्द बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने पर जोर दिया। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड (KCC), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कैश क्रेडिट लिंकेज, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना और प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना सहित विभिन्न विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर ट्रेनर कमलेश यादव, ब्लॉक मिशन प्रबंधक अंकुर मालवीय, जहिंद्र यादव, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक और सभी बैंक सखियाँ उपस्थित थीं।

# डंपर ने फल विक्रेता को कुचला, मौत

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में बेकाबू डंपर ने ठेला लेकर जा रहे बुजुर्ग को कुचल दिया। मौके पर ही बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन समेत फरार हो गया। आक्रोशित परिजनों ने सड़क पर शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। समाचार लिखे जाने तक शव पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा जा सका था। पुलिस परिजनों को समझाने में जुटी रही।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के बंधवा गांव निवासी तेज बहादुर पटेल (52) पुत्र राम अचल पटेल रोज की तरह शनिवार अलसुबह करीब 4 बजे अपना ठेला लेकर मेजा रोड स्थित नवीन सब्जी मंडी जा रहे थे। मेजा रोड बाजार के पास रामपुर गांव के सामने पीछे से आए तेज रफ्तार बेकाबू डंपर ने उन्हें बुरी तरह कुचल दिया। हादसे में तेज बहादुर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर रोते-बिलखते परिजन पहुंचे और सड़क पर शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि हादसा भटौती क्रशर प्लांट की गाड़ी से हुआ है। परिजन प्लांट के कर्मचारियों को बुलाने, वाहन पकड़ने और मुआवजे की मांग पर अड़े रहे।

सूचना पर एसएसआई कमलेश गिरी, दरोगा हरिओम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# दो किशोरियों की डूबने से मौत

- शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नहोरा (पनहरिया पुरवा) में नहाते समय नदी में डूबने से हुई दो किशोरियों की मौत की घटना से गांव में शोक का माहौल है। घटना की जानकारी मिलते ही महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह शनिवार को मुंबई से सीधे गांव पहुंचे और मृतक परिवारों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।

इस दौरान उन्होंने उपजिलाधिकारी सुनील भारती से बात कर पीड़ित परिवार को शासन स्तर से मिलने वाली सभी आवश्यक सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराने की बात कही। जानकारी के अनुसार, नहोरा गांव के प्रधान त्रिषिराज यादव ने बताया कि पनहरिया पुरवा की रहने वाली करीब 15 से 18 वर्ष उम्र की छह सहेलियां दोपहर करीब साढ़े 12 बजे घर से लगभग एक किलोमीटर दूर शिव मंदिर के पास जलालपुर घाट पर स्नान करने गई थीं। नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से पिंकी उर्फ गुड़िया (16 वर्ष), पुत्री भोला नाथ और शिवांगी (17 वर्ष), पुत्री भईया लाल डूब गई, जिससे दोनों की मौत हो गई। सहेलियों को बचाने के प्रयास में गुंजा पुत्री पारसनाथ गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका उपचार चल रहा है। कृपाशंकर सिंह ने घायल गुंजा के परिजनों से मुलाकात कर उसकी आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए बीएड की पढ़ाई का पूरा खर्च उठाने की बात कही। उन्होंने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। घटना के बाद गांव में शोक व्याप्त है।

# मुबारकपुर विधानसभा से बसपा प्रत्याशी के नाम की घोषणा



अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर/आजमगढ़।** मुबारकपुर विधान सभा के मोहल्ला हैदराबाद में कपूरा शाह दीवान के बाग में सायं छह बजे से देर रात दस बजे तक एक दिवसीय बसपा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें मंच से मुख्य अतिथि आजमगढ़, अयोध्या, लखनऊ और प्रयागराज मण्डल बसपा प्रभारी एवं पूर्व एमएलसी दिनेश चन्द्रा ने मुबारकपुर बसपा प्रत्याशी का नाम की घोषणा किया। विधानसभा मुबारकपुर से मुबारकपुर निवासी नेत्र सर्जन डॉक्टर महबूब आजम को प्रत्याशी घोषित किया गया है। बसपा कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में बसपा सुप्रीमो बहन मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दोहराया तथा मुबारकपुर से बसपा प्रत्याशी डाक्टर महबूब आजम को जिता कर विधानसभा में भेजने को हुंकार भरी। मुबारकपुर में कपूरा शाह दीवान क बाग में आयोजित एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि आजमगढ़ सहित विभिन्न मण्डलों के प्रभारी एवं पूर्व एमएलसी दिनेश चन्द्रा ने कहा कि मुबारकपुर से बसपा सुप्रीमो बहन मायावती ने डाक्टर महबूब आजम के नाम पर भरोसा जताया है। आगामी विधानसभा चुनाव की बूथ स्तर सेक्टर प्रभारी और सभी लोग अभी से मेहनत करे और डाक्टर महबूब आजम को जिता कर मुबारकपुर की सीट बहन मायावती की झोली में डाल दें।

# ग्राम सभा भूमि कब्जा मामले की जांच के आदेश

- 50 एकड़ भूमि पर फर्जी प्रविष्टियों की होगी जांच
- डीएम ने गठित की 6 सदस्यीय जांच समिति
- ग्राम समाज भूमि कब्जे पर प्रशासन सख्त

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जन-सुनवाई के दौरान तहसील करहल के ग्राम गम्भीरा नि. अंकित कुमार द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने ग्रामसभा एवं सुरक्षित श्रेणी की भूमि पर कथित फर्जी प्रविष्टियां कर कब्जा किए जाने के गंभीर प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं, शिकायतकर्ता ने लिखित शिकायत में बताया कि ग्राम कनकपुर स्थित गाटा संख्या-08, 91, 102 की लगभग 50 एकड़ से अधिक भूमि पर कथित रूप से नीता कुमारी, ज्ञानेश चन्द्र एवं कमलेश द्वारा खतौनी 1390 लगायत 1395 फसली पर फर्जी आदेश अंकित कराकर अपना नाम दर्ज करा लिया है, सुरक्षित श्रेणी के गाटा संख्या-91, जो चकमार्ग के रूप में दर्ज है, तथा खाद के गड्ढों हेतु आरक्षित गाटा संख्या-4 पर भी रनवीर सिंह सहित अन्य व्यक्तियों द्वारा कथित रूप से फर्जी आदेशों के आधार पर अवैध एवं अनियमित रूप से कब्जा किए जाने की शिकायत की।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में उप जिलाधिकारी करहल, डिप्टी कलेक्टर ध्रुव शुक्ला, एस.ओ.सी. चकबंदी, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण खंड तृतीय, उप निबन्धक करहल की 06 सदस्यीय जांच समिति गठित कर पूरे मामले की गहन जांच कर 15 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होने कहा कि उपलब्ध अभिलेखों के प्रारंभिक परीक्षण में तहसील करहल के ग्राम कनकपुर में स्थित ग्राम सभा की लगभग 50 एकड़ से अधिक भूमि पर फर्जी प्रविष्टियां कराकर कब्जा किए जाने का प्रथम दृष्टया संदेह प्रतीत हो रहा है, इसलिए पूरे मामले की निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक जांच कराई जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत यदि शिकायत सही पाई जाती है तो अवैध रूप से भूमि पर कब्जा करने वाले व्यक्तियों तथा अनाधिकृत एवं फर्जी प्रविष्टियां दर्ज कराने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी साथ ही ग्राम सभा एवं सुरक्षित श्रेणी की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की आवश्यक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होने कहा कि अनाधिकृत रूप से नाम दर्ज कराकर उक्त भूमि पर प्लाटिंग की जा रही है साथ ही कुछ भूमि का बैनामा नेशनल हाईवे में कर लगभग रू. 23 लाख की धनराशि अवैध तरीके से हासिल की गयी है। जिलाधिकारी ने उप निबन्धक करहल को निर्देशित किया है कि उक्त गाटा संख्याओं में से किसी भी गाटे की भूमि का बैनामा बिना जिला प्रशासन की अनुमति के न किया जाये।

उन्होने कहा कि सार्वजनिक एवं ग्राम समाज की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा अथवा अभिलेखों में हेरा-फेरी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी तथा ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# डिप्टी सीएम ने संभ्रांत लोगों से आवास पर जाकर किया संवाद



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने संभ्रांत लोगों से उनके आवास जाकर संवाद स्थापित किया। डिप्टी सीएम सबसे पहले वरिष्ठ पत्रकार आलोक मालवीय के मालवीय नगर स्थित आवास गए। उसके बाद मुट्ठीगंज स्थित पार्षद नीरज गुप्ता के आवास पर उन्होंने लोगों से भेंट कर संवाद किया। तत्पश्चात डिप्टी सीएम अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी अभिन्न श्याम गुप्ता के एलनगंज, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय ओम के बँधा रोड व संजय शुक्ला के सलोरी स्थित आवास गये और संभ्रांत लोगों से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा परिचर्चा की। इसके बाद डिप्टी सीएम फाफामऊ स्थित विनीता अस्पताल सभागार पहुंचे जहां शिवकुटी मंडल के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं बूथ अध्यक्षों से संवाद करते हुए उनसे 2027 के लिए पूरी सजगता से तैयार रहने का आह्वाहन किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ल, काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, प्रभा शंकर पांडेय, कमलेश गौतम, अमरनाथ यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह, सुरेंद्र चौधरी, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, अनुज कुशवाहा, कुंज बिहारी मिश्रा, आनंद सोनकर, प्रमोद मोदी, विक्रम भदौरिया, रमेश पासी, मनोज कुशवाहा, विजय श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा, पवन श्रीवास्तव, अरुण पटेल, सचिन जायसवाल, उमेश तिवारी, प्रवीण भारती, विजय द्विवेदी, सुजीत कुशवाहा, राजेश मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# सरकार का उद्देश्य आम नागरिकों को समयबद्ध व पारदर्शी सेवाएं मिले : दयाशंकर

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद विकास को आज एक नई रफ्तार मिली है। जनपदवासियों को अब परिवहन सेवाओं के लिए और अधिक आधुनिक, पारदर्शी तथा सुविधाजनक व्यवस्था मिलने जा रही है। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और डिजिटल सुशासन की सोच को आगे बढ़ाते हुए आज आजमगढ़ में नवनिर्मित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय यानी आरटीओ भवन का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि एमएलसी विक्रांत सिंह 'रिशु' ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ फीता काटकर नए भवन का लोकार्पण किया गया। नवनिर्मित आरटीओ भवन को आधुनिक तकनीक और जनसुविधाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। अब ड्राइविंग लाइसेंस, लर्निंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, टैक्सेशन और अन्य परिवहन संबंधी सेवाएं अधिक व्यवस्थित तरीके से एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। इससे न केवल आम नागरिकों को राहत मिलेगी बल्कि सेवाओं के निस्तारण में भी पारदर्शिता और गति आएगी। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और तकनीक आधारित बनाया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि आम नागरिकों को बिना किसी परेशानी के समयबद्ध और पारदर्शी सेवाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि नया आरटीओ भवन आजमगढ़ के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इससे पूर्वांचल क्षेत्र के लाखों लोगों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके साथ ही भारत स्काउट एवं गाइड के कैडेट्स को सम्मानित कर उनकी सेवा भावना, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण में योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इस पहल को जनहित में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर आरटीओ प्रशासन अश्वनी सिंह रजपूत, आरटीओ प्रवर्तन सुनील दत्त यादव, आरटीओ प्रवर्तन विष्णु दत्त मिश्रा, एआरटीओ प्रशासन अतुल कुमार यादव, सम्माननीय निरीक्षक प्राविधिक प्रमोद कुमार गौतम, प्रधान सहायक शेख श्रीवास्तव, अमित कुमार तथा रियाज अहमद फारूकी सहित परिवहन विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ट्रांसपोर्टर के घर के सामने बमबाजी, इलाके में दहशत

**प्रयागराज।** नैनी थाना क्षेत्र नंदन तालाब स्थित शिव नगर में शनिवार सुबह एक ट्रांसपोर्टर के घर के सामने बमबाजी की घटना से इलाके में दहशत फैल गई। धमाके की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नंदन तालाब स्थित शिव नगर निवासी मनोज कुमार मिश्र उर्फ मोनू मिश्र ट्रांसपोर्टर हैं। मनोज ने बताया कि वह शुक्रवार रात अयोध्या से प्रयागराज लौटे थे। शनिवार सुबह उनका पूरा परिवार घर में मौजूद था। इसी दौरान उनके मकान के सामने स्थित बाउंड्रीवाल से घिरे खाली प्लॉट के अंदर अचानक जोरदार धमाका हुआ।

आवाज सुनकर वह और उनके परिजन बाहर निकले। मौके पर पहुंचने पर बाउंड्री की दीवार के पास विस्फोट के निशान मिले और जमीन पर बम के टुकड़े भी पड़े थे। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और साक्ष्य जुटाए। मामले में नैनी कोतवाली में तहरीर दी गई है।

# करणी सेना के अध्यक्ष भी हल्के आदमी : केशव मौर्य

अवधनामा संवाददाता

- राजभर का सपा टूटने का दावा गलत, भाजपा को उनके सांसदों की जरूरत नहीं
- चुनाव हारने के बाद जो दशा टीएमसी की हुई वही इनकी (सपा) भी होगी

**प्रयागराज।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अलीगढ़ में करणी सेना के अध्यक्ष के दिए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि ये इतने हल्के लोग हैं कि उन्हें यह भी ध्यान नहीं रहता कि कब क्या बोलना चाहिए और क्या नहीं। ऐसे लोगों के बारे में क्या ही कहा जाए। डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने मंत्री ओपी राजभर के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि सपा टूटेगी और उसके सांसद भाजपा में शामिल होंगे। डिप्टी सीएम ने प्रयागराज में शनिवार को कहा कि राजभर की बातों में कोई दम नहीं। भाजपा के पास संघर्षशील कार्यकर्ता हैं। हमें समाजवादी जैसी खराब पार्टी के लोगों की जरूरत नहीं है।

दरअसल, मंत्री राजभर पिछले 3 दिनों में 8 बार सपा के टूटने का दावा कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि अखिलेश के चाचा रामगोपाल यादव ने अमित शाह को पर्ची सौंप दी है। उनसे कहा है कि इतने सांसदों को आप पार्टी में ले लीजिए। वहीं, गुरुवार को केशव मौर्य ने भी कहा था कि सपा के 25 से 26 सांसद भाजपा में आने के लिए तैयार हैं।

उधर शुक्रवार को सूरजपाल सिंह अम्मू ने में कहा था कि भाजपा के लोग बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। कहते हैं कि नितिन गडकरी ने बहुत काम किया, सड़कें बहुत सुंदर बनवाई हैं। हमें भी कई बार लगने लगा था कि ऐश्वर्या राय और हेमा मालिनी के गाल की तरह सड़कें चिकनी हो गई हैं। लेकिन, अलीगढ़ की सड़कें डिप्टी सीएम केशव मौर्य के गाल की तरह खुरदरी हो गई हैं।

दो दिवसीय प्रयागराज प्रवास पर शनिवार को जनपद पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों से संवाद के दौरान कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे अधिक समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में पीएम मोदी ने रिकॉर्ड बनाने का



काम किया है और ये भाजपा के मेहनती कार्यकर्ताओं की वजह से संभव हुआ। इसका श्रेय देश की जनता और कार्यकर्ताओं को जाता है। विश्व योग दिवस पर डिप्टी सीएम ने कहा कि अपने शरीर के लिए समय अवश्य निकालें। पूरी दुनिया में लगभग 200 देशों में विश्व योग दिवस मनाया जाता है। ये देश के लिए उपलब्धि की बात है और ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संभव हुआ है। 2027 के चुनाव को लेकर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए कहा कि हम लोगों को पूरा ध्यान इस बात पर ध्यान देना है कि प्रयागराज कि सभी 12 सीटों को कैसे जीतें। यदि सभी सीटें जीतने में सफल रहे तो 2017 का रिकॉर्ड टूट जाएगा। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में सभी 19 सीटों को जीतेंगे और सपा बसपा कांग्रेस की जमानत जब्त हो जाएगी ऐसा वातावरण वहां बना हुआ है क्योंकि डबल इंजन की सरकार में बुंदेलखंड में विकास के अभूतपूर्व उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि भारत के अंदर ऐसा कोई दूसरा नेता नहीं जिसे 33 देशों का सर्वोच्च सम्मान मिला हो और पीएम मोदी ने उसे देश को समर्पित किया।

उन्होंने कहा कि जो दशा आज टीएमसी की है वही इनका भी होगा। जो दल टूट रहे हैं ये उनके अहंकार का परिणाम है। जो दल परिवारवाद के आधार पर चलते हैं उनका यही हाल होता है। देश के 85 प्रतिशत भूभाग पर भाजपा एनडीए की सरकार है। कर्नाटक व तेलंगाना में भी हम जीतेंगे। वर्तमान और आने वाला समय भाजपा का है। डबल इंजन सरकार और ताकत से वापस आये इसके लिए अपने अपने मंडलों शक्ति केंद्रों बूथों पर मेहनत करें। हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के मार्ग पर चल रही है।

# केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने किया भारत बिल्डकॉन 2026 का दौरा

**नई दिल्ली।** भारत के बिल्डिंग मटेरियल्स, कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों की प्रमुख प्रदर्शनी भारत बिल्डकॉन 2026 के तीसरे दिन भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने प्रदर्शनी का दौरा किया। नई दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस प्रदर्शनी के दौरान उन्होंने प्रदर्शकों, उद्योग जगत के अग्रणी प्रतिनिधियों, निर्माताओं और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से मुलाकात की तथा भारतीय कंपनियों द्वारा प्रदर्शित नवीनतम नवाचारों और क्षमताओं का अवलोकन किया। कार्यक्रम के पैमाने और उसे मिले जबरदस्त प्रतिसाद से प्रभावित होकर मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत बिल्डकॉन उद्योग जगत के लिए एक अत्यंत सफल और प्रभावशाली मंच बनकर उभरा है। उन्होंने कहा, 'भारत बिल्डकॉन 2026 को असाधारण सफलता मिली है। विशेष रूप से उत्साहजनक बात यह है कि प्रदर्शनी के केवल पहले दो दिनों में ही जितने आगंतुक आए हैं, वह संख्या पिछले संस्करण की कुल फुटफॉल से भी अधिक है। यह भारत के बिल्डिंग मटेरियल्स और कंस्ट्रक्शन इकोसिस्टम की बढ़ती ताकत तथा

**विनिर्माण**

**कैपेक्सिल के चेयरमैन श्री निलेश जेतपरिया ने कहा, 'भारत तेजी से दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण विनिर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर बाजारों में से एक बन रहा है।**

घरेलू और वैश्विक बाजारों में भारतीय निर्माताओं के लिए उपलब्ध विशाल अवसरों को दर्शाता है।'

इस प्रदर्शनी में 90 से अधिक देशों के खरीदारों तथा भारत के 100 से अधिक शहरों से आए आर्किटेक्ट्स, बिल्डर्स, डेवलपर्स, वितरकों और उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया है, जिससे यह बिल्डिंग मटेरियल्स क्षेत्र के लिए सबसे बड़े बिजनेस नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म्स में से एक बन गया है। सिरेमिक एवं स्टोन, हार्डवेयर, सीमेंट एवं स्टील, प्लाइवुड एवं लैमिनेट्स, फर्नीचर, बाथवेयर




तथा अन्य निर्माण उत्पादों सहित 24 प्रमुख श्रेणियों को कवर करते हुए भारत बिल्डकॉन ने तेजी से उद्योग की एक प्रमुख प्रदर्शनी के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है।

अंतरराष्ट्रीय भागीदारी में हो रही वृद्धि पर प्रकाश डालते हुए भारत बिल्डकॉन के निदेशक विशाल आचार्य ने कहा, '90 से अधिक देशों के खरीदारों की उपस्थिति भारत की विनिर्माण क्षमताओं में बढ़ते वैश्विक विश्वास को दर्शाती है। भारत बिल्डकॉन भारतीय कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से सीधे जुड़ने, निर्यात के अवसर तलाशने और दीर्घकालिक व्यावसायिक साझेदारियां विकसित करने का अवसर प्रदान कर रहा है। ऐसे मंच भारत को बिल्डिंग मटेरियल्स और कंस्ट्रक्शन उत्पादों के वैश्विक सोर्सिंग हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।'

घरेलू उद्योग पर प्रदर्शनी के प्रभाव को रेखांकित करते हुए भारत बिल्डकॉन के निदेशक जितेंद्र कथीरिया ने कहा, 'भारत के 100 से अधिक शहरों से आए प्रतिभागियों और आगंतुकों ने भारत बिल्डकॉन को वास्तव में एक राष्ट्रीय व्यावसायिक मंच बना दिया है। यह प्रदर्शनी निर्माताओं और निर्यातकों से लेकर वितरकों, आर्किटेक्ट्स, कॉन्ट्रैक्टर्स और प्रोजेक्ट डेवलपर्स तक पूरी वैल्यू चेन के लिए नए अवसर पैदा कर रही है। यहां हो रही व्यावसायिक गतिविधियों का लाभ उद्योग के प्रत्येक वर्ग को मिल रहा है। पहले तीन दिनों में मिला प्रतिसाद ही भारत के बिल्डिंग मटेरियल्स क्षेत्र की विशाल विकास क्षमता को दर्शाता है। कैपेक्सिल के चेयरमैन श्री निलेश जेतपरिया ने कहा, 'भारत तेजी से दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण विनिर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर बाजारों में से एक बन रहा है। भारत बिल्डकॉन जैसे मंच निर्यात को बढ़ावा देने और वैश्विक व्यापार में भारत की भागीदारी को मजबूत करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और भारतीय निर्माताओं को एक ही मंच पर ला रहा है, जिससे व्यापार वृद्धि को गति मिल रही है और मेक इन इंडिया तथा आत्मनिर्भर भारत के विजन को मजबूती मिल रही है।'

भारत बिल्डकॉन के निदेशक श्री विजय अघारा ने कहा, 'भारत बिल्डकॉन को मिले अभूतपूर्व प्रतिसाद ने यह साबित कर दिया है कि उद्योग को एक एकीकृत राष्ट्रीय मंच की आवश्यकता थी।

## महाकुंभ के विराट प्रबंधन को दस्तावेजी स्वरूप देने वाली पुस्तक का हुआ विमोचन




**लखनऊ।** महाकुंभ 2025 में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व भागीदारी के दौरान हुए सटीक प्रबंधन, प्रशासनिक समन्वय और व्यवस्था के संचालन को किताब की शक्ल दी गई है। 'महाकुंभ 2025, श्रद्धालु 66 करोड़ के पार' किताब का शनिवार को होटल ताज में विमोचन किया गया। इस अवसर पर पटना हाई कोर्ट के जज संजय कुमार सिंह समेत विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहे। प्रयागराज निवासी डॉ. गोविंद कुमार सक्सेना द्वारा लिखी गई इस पुस्तक में महाकुंभ को केवल एक धार्मिक आयोजन के रूप में नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति, प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक सहभागिता के अद्भुत संगम के रूप में प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक में महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, तकनीकी उपयोग तथा विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने कहा कि महाकुंभ भारत की सनातन परंपरा, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है। ऐसे ऐतिहासिक आयोजनों का प्रामाणिक दस्तावेजीकरण आने वाली पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण संदर्भ सामग्री का कार्य करता है। उन्होंने पुस्तक के माध्यम से महाकुंभ के विभिन्न आयामों को संकलित किए जाने की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध कवि तथा लॉ प्रोफेसर डॉ. श्लेष गौतम द्वारा किया गया। इसके अलावा अध्यक्षीय अतिथि एवं आयुक्त, लखनऊ मंडल विजय विश्वास पंत, अति विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव (न्याय) एवं विधिक परामर्शी उदय प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व संपादक रतन मणि लाल समेत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पंचदशनाम जूना अखाड़ा, महाशक्ति पीठ कल्याणपुर, कानपुर के अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर श्री मां योग योगेश्वरी यति जी और मानद अतिथि एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता हिमांशु शेखर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षीय अतिथि, आयुक्त, लखनऊ मंडल, श्री विजय विश्वास पंत (आईएएस) ने कहा, 'महाकुंभ 2025 से यह सिद्ध हुआ कि जब सुशासन, टेक्नोलॉजी और जनसहयोग एक साथ कार्य करते हैं तो असंभव लगने वाले लक्ष्य भी सफलतापूर्वक प्राप्त किए जा सकते हैं। करोड़ों श्रद्धालुओं के सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित अनुभव के पीछे हजारों कर्मियों और विभिन्न विभागों का साझा प्रयास था। डॉ. गोविंद कुमार सक्सेना ने अपनी पुस्तक में महाकुंभ के व्यवस्थागत, सामाजिक और आध्यात्मिक पक्षों को एक साथ प्रस्तुत करते हुए इस ऐतिहासिक आयोजन की स्मृतियों को संरक्षित करने का सराहनीय कार्य किया है।

## प्याज किसानों के लिए बड़ा फैसला, सरकार ने खरीद कीमत बढ़ाकर 16.50 रुपये की



**नई दिल्ली।** महंगाई और बाजार के उतार-चढ़ाव के बीच सरकार ने प्याज किसानों को राहत देने केस लिए एक बड़ा कदम उठाया है। शनिवार से सरकार ने अपने 'बफर स्टॉक' के लिए प्याज की खरीद दर को बढ़ाकर 16.50 रुपये प्रति किलो कर दिया है। हालांकि, देश के सबसे बड़े प्याज उत्पादक राज्य महाराष्ट्र के किसान इस बढ़ोतरी से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं और वे 30 रुपये प्रति किलो के भाव की मांग कर रहे हैं।

सरकार ने बाजार में कीमतों को स्थिर रखने के लिए बनाए जाने वाले बफर स्टॉक की खरीद दर को 15.80 रुपये से बढ़ाकर 16.50 रुपये प्रति किलो (1,650 रुपये प्रति क्विंटल) कर दिया है। यह नई दर शनिवार (13 जून, 2026) से लागू हो गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों की आमदनी को बढ़ाना और उन्हें बेहतर रिटर्न देना है।

# बड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भी एफएसएसएआई के मानकों पर फेल

**मुंबई।** क्या आप भी 'क्विक डिलीवरी' के चक्कर में घर बैठे धड़ल्ले से ऑनलाइन किराना मंगा रहे हैं? अगर हां, तो यह रिपोर्ट आपकी सेहत और उपभोक्ता अधिकारों के लिए एक बड़ा 'अलर्ट' है। सहूलियत की आड़ में कहीं आपके घर ऐसा पैकेटबंद खाना तो नहीं आ रहा, जिसके खराब होने का समय बिल्कुल करीब है? हाल ही में लोकल सर्किल द्वारा किए गए एक चौंकाने वाले सर्वे में खुलासा हुआ है कि ऑनलाइन किराना खरीदने वाले 48% ग्राहकों को इन ऐप्स पर उत्पादों की 'बेस्ट बिफोर' या एक्सपायरी डेट नजर ही नहीं आती है। इससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि देश के 8 सबसे बड़े ऑनलाइन किराना प्लेटफार्म्स में से 5 ऐप फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) और 'लीगल मेट्रोलॉजी' के सख्त नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। ब्लिंकिट, जेप्टो और स्विगी इंस्टामार्ट जैसे लोकप्रिय ऐप्स भी नियमों का पालन न करने वालों की इस सूची में शामिल हैं। आइए, आसान भाषा में



समझते हैं कि ई-कॉमर्स कंपनियां एक्सपायरी डेट छिपाने का यह खेल कैसे खेल रही हैं, सरकारी नियम इस पर क्या कहते हैं, और एक ग्राहक के तौर पर आपको कितना सतर्क रहने की जरूरत है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने हाल ही में ऑनलाइन बेचे जाने वाले खाद्य उत्पादों की जांच की है, जिसमें पाया गया कि अधिकतर खाने-पीने के पैकेज्ड फूड उत्पादों में एक्सपायरी तारिख या फिर बेस्ट बिफोर की तारिख दिखती ही नहीं है। नियामक इस पर सख्ती करते हुए कई कदम उठा रहा है। लोकल सर्किल के एक सर्वे से पता चलता है कि, 48 प्रतिशत भारतीय उपभोक्ता जो ऑनलाइन किराना की खरीदारी करते हैं उनका कहना है कि उन्हें ऑनलाइन किराना खरीदारी करते समय इन प्लेटफॉर्म पर उत्पादों पर बेस्ट बिफोर की डेट (खाने-पीने की चीजों पर तारीख लिखी जाती है, जिसके अंत के बाद उत्पाद इस्तेमाल करने लायक नहीं रहता है) नहीं दिखाई देती हैं। सर्वे में यह भी पाया गया है कि 8 में से 5 ऑनलाइन किराना प्लेटफॉर्म अभी भी इन नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि केंद्र सरकार ने एफएसएसएआई के जरिए ऑनलाइन बिकने वाले फूड उत्पादों पर सख्ती करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। जिसके तहत 'फ़ूड सेफ़्टी एक्ट' को लागू किया गया है। जिसके अनुसार ऑनलाइन बिक्री के लिए लिस्ट किए गए प्रोडक्ट्स की 'शेल्फ़ लाइफ़' (इस्तेमाल की समय-सीमा) कम से कम 30% बची होनी चाहिए। वहीं लीगल मेट्रोलॉजी पैकेज्ड कमोडिटी नियम 2017 के संशोधन में ऐसा करना अनिवार्य है। लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज्ड कमोडिटीज) अमेंडमेंट रूल्स, 2017 के तहत, ई-कॉमर्स साइट्स/ऐप्स पर लिस्ट किए गए इंसानों के खाने-पीने के सभी पैकेज्ड उत्पादों पर डिजिटल बिक्री के समय साफ-साफ 'बेस्ट बिफोर' या 'यूज़ बाय' (इस्तेमाल की आखिरी तारीख) की तारीखें लिखी हो और जिसमें दिन, महीना और साल भी लिखा गया है, वो दिखाई जानी चाहिए।

## एलजी ने अपने 'एआई होम' विज़न की झलक दिखाते हुए भविष्य के स्मार्ट घरों का रोडमैप पेश किया

LG Electronics ने अपने 'एआई होम' विज़न की झलक दिखाते हुए भविष्य के स्मार्ट घरों का रोडमैप पेश किया है। कंपनी का कहना है कि उसका नया 'अफेक्शनेट इंटेलिजेंस' आधारित इकोसिस्टम घरों को इतना स्मार्ट बनाएगा कि वे लोगों की ज़रूरतों को पहले से समझकर काम कर सकें और बिना किसी हस्तक्षेप के रोजमर्रा के काम आसान बना सकें। एलजी के मुताबिक, यह 'एआई होम' तीन मुख्य स्तंभों पर आधारित है– एआई-संचालित उपकरण, थिनक्यू एआई ऑर्केस्ट्रेशन और स्मार्ट होम रोबोट्स। इन तकनीकों के जरिए घर के उपकरण न केवल आपस में जुड़े रहेंगे, बल्कि उपयोगकर्ता की आदतों को समझकर खुद निर्णय भी ले सकेंगे। उदाहरण के तौर पर, स्मार्ट रेफ्रिजरेटर भोजन की ताजगी बनाए रखने के साथ बिजली की खपत कम करने के लिए खुद कूलिंग एडजस्ट करेगा। वहीं वॉशिंग मशीन उपयोग के पैटर्न के हिसाब से अपनी सेटिंग्स बदल सकेगी। कंपनी का 'थिनक्यू एआई यूनिवर्स' इस पूरे सिस्टम का केंद्रीय प्लेटफॉर्म होगा, जो घर के सभी उपकरणों, सेवाओं और स्थानों के बीच तालमेल बिठाएगा। इसके जरिए उपभोक्ता सामान्य बातचीत के माध्यम से अपने घर को नियंत्रित कर सकेंगे। Yong Min Hwang ने कहा कि भारत में बढ़ती आमदनी, तेजी से शहरीकरण और प्रीमियम प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को देखते हुए कंपनी एआई आधारित होम अप्लायंसेज के विस्तार पर फोकस कर रही है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर निक इंडिया और I.I.M.U.N. ने स्पार्क ए चेंज फाउंडेशन में बच्चों के साथ मनाया योग उत्सव



**लखनऊ।** कौन कहता है कि स्वास्थ्य और फिटनेस मजेदार नहीं हो सकते? अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर निक इंडिया ने योग को मनोरंजन और उत्साह के साथ जोड़ते हुए I.I.M.U.N. (इंडियाज़ इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस) के साथ साझेदारी की। दुनिया के सबसे बड़े युवा-नेतृत्व वाले संगठनों में से एक ढ्ढ.ढ्ढ.रू.ह्र. के सहयोग से स्पार्क ए चेंज फाउंडेशन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और परिवारों को योग के महत्व से परिचित कराना था। निक इंडिया और I.I.M.U.N. ने मिलकर बच्चों एवं उनके परिवारों के लिए एक इंटरैक्टिव योग सत्र का आयोजन किया, जिसका संचालन योग प्रशिक्षक रजनी पवार ने किया। इस सत्र के दौरान प्रतिभागियों को सरल योगासन, स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज और श्वास संबंधी तकनीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सक्रिय जीवनशैली अपनाने और स्वस्थ आदतों को मजेदार तरीके से सीखने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम को और भी रोमांचक बनाने के लिए निक इंडिया के लोकप्रिय किरदार 'बिट्टू' (बिट्टू भनेबाज़) और 'हैप्पी' (भूत बंधु) भी मौजूद रहे। दोनों प्रिय किरदारों ने बच्चों के साथ विभिन्न योगासन किए, उनका उत्साह बढ़ाया और उन्हें पूरे कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक हिस्सा 'योगा पोज़ चैलेंज' रहा, जिसमें बच्चों ने समय सीमा के भीतर विभिन्न योग मुद्राओं को दोहराकर अपनी योग क्षमता का प्रदर्शन किया। बिट्टू और हैप्पी के साथ इस चुनौती में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे पूरे वातावरण में ऊर्जा, उत्साह और योग दिवस की भावना जीवंत हो उठी। निक इंडिया के साथ इस साझेदारी पर I.I.M.U.N. के प्रवक्ता ने कहा, 'I.I.M.U.N. में हमारा विश्वास है कि युवाओं का समग्र विकास मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों पर समान रूप से निर्भर करता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के इस विशेष अवसर पर निक इंडिया के साथ साझेदारी कर स्पार्क ए चेंज फाउंडेशन में बच्चों और परिवारों के लिए एक प्रेरणादायक एवं मनोरंजक अनुभव प्रस्तुत करते हुए हमें अत्यंत खुशी हो रही है।

## कैंपस एक्टिववियर ने लॉन्च किया 'एलन बाय कैंपस'



**लखनऊ।** भारत के लीडिंग स्पोर्ट्स और एथलीजर फुटवियर ब्रांड्स में से एक, कैंपस एक्टिववियर ने तेजी से बढ़ती नियो-कैजुअल फुटवियर कैटेगरी में एंट्री करते हुए अपना नया कलेक्शन 'एलन बाय कैंपस' लॉन्च किया है। यह कलेक्शन आज के उन मॉडर्न पुरुषों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो स्टाइल, कंफर्ट और वर्सेटिलिटी का एक परफेक्ट कॉम्बिनेशन चाहते हैं। इस लॉन्च के साथ ही ब्रांड ने अपना नया कैंपेन 'मोस्ट एलीगेंट मैन इन टाउन' भी पेश किया है, जिसमें मशहूर एक्टर जिम सर्भ लीड रोल में नजर आ रहे हैं।यह लॉन्च कैंपस एक्टिववियर के पोर्टफोलियो को सिर्फ स्पोर्ट्स और एथलीजर कैटेगरी तक सीमित न रखकर, कस्टमर्स की बदलती पसंद और लाइफस्टाइल की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह कलेक्शन ट्रेडिशनल फॉर्मल फुटवियर की जगह एक बेहद स्टाइलिश और कंफर्टेबल ऑप्शन देता है। इस रेंज में आकर्षक डिजाइन और रोजमर्रा की उपयोगिता का बेहतरीन फ्यूजन देखने को मिलता है, जो इसे ऑफिस, बिजनेस मीटिंग्स, डिनर और वीकेंड आउटिंग्स जैसे हर मौके के लिए परफेक्ट बनाता है।कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड के होल टाइम डायरेक्टर और सीईओ, निखिल अग्रवाल ने इस मौके पर कहा, 'एलन बाय कैंपस हमारे पोर्टफोलियो के विकास में एक बड़ा कदम है और यह कस्टमर्स की जरूरतों को इनोवेशन के जरिए पूरा करने की हमारी स्ट्रेटजी को दिखाता है। नियो-कैजुअल कैटेगरी के बढ़ते क्रेज के बीच, एलन उन कस्टमर्स के लिए एक प्रीमियम और वर्सेटाइल चॉइस बनकर उभरेगा जो कुछ नया और बेहतर ट्राई करना चाहते हैं। 'एलन बाय कैंपस' कलेक्शन में कैजुअल शूज़, लोफर्स, डर्बी शूज़, मोकासिन्स और ब्रोग्स की एक वाइड रेंज शामिल है,

# सुरों और आत्मीयता के रंगों से सराबोर हुई 'राग रंग' की तीसरी संगीतमय संध्या




**लखनऊ।** संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने वाली एक सशक्त अभिव्यक्ति है। इसी सोच को साकार करते हुए संगीत प्रेमियों के मंच 'राग रंग' ने अपने तीसरे संगीतमय कार्यक्रम का भव्य आयोजन गोमती नगर स्थित उर्दू अकादमी में किया, जिसमें शहर के अनेक संगीत प्रेमियों और कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रोताओं का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक मधुर गीतों और सुरमयी प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बाँधा कि पूरा वातावरण संगीत के रंगों से सराबोर हो उठा। मंच पर प्रस्तुत प्रत्येक कलाकार ने अपनी गायकी से यह सिद्ध किया कि संगीत केवल एक कला नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति और आत्मसंतुष्टि का माध्यम है। इस अवसर पर 'राग रंग' की यात्रा को याद करते हुए बताया गया कि संस्था की औपचारिक शुरुआत लगभग एक वर्ष पूर्व हुई थी, जबकि इसकी परिकल्पना को साकार करने में तीन से चार वर्षों का सतत प्रयास, अध्ययन और समर्पण लगा। संस्था के एडमिन अनूप सिन्हा, सचिव मनोज कपूर, डायरेक्टर देवेंद्र मेंघी एवं राग रंग परिवार के अन्य सदस्यों के अथक प्रयासों से शुरू हुई यह पहल आज संगीत प्रेमियों के एक बड़े परिवार का रूप ले चुकी है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि 'राग रंग' की सबसे बड़ी विशेषता इसकी आत्मीयता है। यहाँ संगीत प्रतिस्पर्धा का विषय नहीं, बल्कि सहभागिता, मित्रता और सांस्कृतिक जुड़ाव का माध्यम है। इस मंच से जुड़े सदस्य अपने व्यस्त जीवन से समय निकालकर संगीत साधना और आपसी मेल-मिलाप के लिए एकत्रित होते हैं तथा सुरों के माध्यम से सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करते हैं। इस संगीतमय संध्या में डॉ. राजेश श्रीवास्तव, सीमा विरमानी, मनोज कपूर, गौरव श्रीवास्तव, अनुश्रुता सिन्हा, हिमांशु वर्मा, पूनम दीनानाथ, शिखा अबरोल, संजय अबरोल, सिद्धार्थ शुक्ला, अनूप सिन्हा तथा आनंद कृष्ण ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## हैबिल्ड ने बनाया 10वां विश्व रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 से पहले, भारत का आदत-निर्माण वेलनेस प्लेटफ़ॉर्म हैबिल्ड ने अपना 10वां विश्व रिकॉर्ड हासिल किया है। सिर्फ़ एक सप्ताह में 1 करोड़ से अधिक लोग इसके योग आंदोलन से जुड़े, जिससे यह दुनिया के सबसे बड़े सामुदायिक वेलनेस अभियानों में से एक बन गया है।यह उपलब्धि हैबिल्ड की राष्ट्रव्यापी पहल 'हर घर योगा. हर दिन होगा.' के तहत हासिल की गई, जो लोगों को योग को साल में सिर्फ़ एक दिन तक सीमित रखने के बजाय रोज़ाना की आदत बनाने के लिए प्रेरित करती है। इस साल के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' के अनुरूप, यह पहल इस बात पर ज़ोर देती है कि रोज़ाना योग अभ्यास लंबे समय तक शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और स्वस्थ उम्र बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।इस आंदोलन में अभूतपूर्व भागीदारी देखने को मिली, जिसमें एक ही दिन में 20 लाख से अधिक लोग जुड़े। आईआईटी एलुमनस, सरकार द्वारा प्रमाणित योग विशेषज्ञ और हैबिल्ड के सह-संस्थापक सौरभ बोथरा द्वारा स्थापित इस प्लेटफ़ॉर्म ने दुनिया के सबसे बड़े वेलनेस समुदायों में से एक का निर्माण किया है। यह समुदाय इस विश्वास पर आधारित है कि स्थायी परिवर्तन तीव्रता से नहीं, बल्कि निरंतरता से आता है। उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, हैबिल्ड के सह-संस्थापक सौरभ बोथरा ने कहा: 'हमारा 10वां विश्व रिकॉर्ड हासिल करना सिर्फ़ संख्याओं के बारे में नहीं है; यह उस बढ़ते आंदोलन का प्रतिबिंब है जिसमें लोग पूर्णता के बजाय निरंतरता को चुन रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हमें योग के महत्व की याद दिलाता है, लेकिन असली बदलाव तब होता है जब योग हमारी रोज़ाना की ज़िंदगी का हिस्सा बन जाता है। 'हर घर योगा. हर दिन होगा.' के ज़रिए हम लाखों लोगों को ऐसी आदतें बनाने में मदद कर रहे हैं जो लंबे समय तक स्वास्थ्य, वेलनेस और स्वस्थ उम्र बढ़ने का समर्थन करती हैं।

## स्वस्थ मां, स्वस्थ बचपन : आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से घर-घर पहुंचेगा योग का संदेश

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सशक्त बनाने की दिशा में आईसीडीएस लखनऊ और सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट ने 'मां एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए योग' नामक विशेष पुस्तिका का विमोचन किया। विकास भवन स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुस्तिका का लोकार्पण जिला कार्यक्रम अधिकारी, लखनऊ श्री श्रेयस मौर्य द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम 'सेहतमंद आदतें' (हेल्दी हैबिट्स) प्रोग्राम के अंतर्गत चलाया जा रहा है जिसे वैश्विक हेल्थकेयर कंपनी एबॉट का सहयोग प्राप्त है। सेहतमंद आदतें (हेल्थी हैबिट्स) प्रोग्राम के अंतर्गत माताओं, बच्चों और किशोरियों के समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई यह पुस्तिका गर्भवती महिलाओं, शिशु की देखभाल करने वाली माताओं, किशोरियों तथा 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए सुरक्षित, वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक योग अभ्यासों पर आधारित एक




सरल और उपयोगी संसाधन है। इस अवसर पर सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट के लखनऊ स्थित प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर श्री आशीष शुक्ला संस्था के अन्य प्रतिनिधियों के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान योग को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और समग्र विकास से जोड़ते हुए इसके लाभों को घर-घर तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया। पुस्तक का विमोचन करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी, आईसीडीएस लखनऊ, श्रेयस मौर्य ने कहा, 'योग हमारे देश की प्राचीन विरासत होने के साथ-साथ स्वस्थ और संतुलित जीवन का एक प्रभावी साधन भी है। 'मां एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए योग' पुस्तिका के माध्यम से हम योग के लाभों को आंगनवाड़ी केंद्रों के जरिए समुदाय के अंतिम छोर तक पहुंचाना चाहते हैं। यह पुस्तिका गर्भवती महिलाओं, शिशु की देखभाल करने वाली माताओं, किशोरियों और बच्चों के लिए एक उपयोगी संसाधन साबित होगी तथा 'पोषण 2.0' के उद्देश्यों को गति प्रदान करने में सहायक होगी।' कार्यक्रम के संबंध में सोनाली खान, मैनेजिंग ट्रस्टी, सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट ने कहा, 'बच्चों के जीवन के शुरुआती वर्ष उनके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास की मजबूत नींव रखते हैं। योग न केवल स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देता है, बल्कि बच्चों और परिवारों में सकारात्मक आदतों, अनुशासन और आत्मविश्वास के विकास का भी प्रभावी माध्यम है। आईसीडीएस लखनऊ के साथ मिलकर तैयार की गई यह पुस्तिका परिवारों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और समुदायों को योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करेगी। हमें विश्वास है कि यह प्रयास मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने और एक स्वस्थ एवं सशक्त भविष्य के निर्माण में सार्थक योगदान देगा।' पुस्तिका में गर्भावस्था के विभिन्न चरणों के लिए सुरक्षित योगासन, प्रसवोत्तर योग, किशोरियों के लिए प्राणायाम एवं श्वास संबंधी अभ्यास तथा 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए खेल-आधारित योग गतिविधियों को सरल भाषा और आकर्षक चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। साथ ही आवश्यक सावधानियों, निषेधों तथा स्वास्थ्य संबंधी सुझावों को भी शामिल किया गया है, ताकि लाभार्थी सुरक्षित एवं सही तरीके से योग का अभ्यास कर सकें। इस पहल के तहत पुस्तिका की प्रतियां लखनऊ जिले के सभी 450 आंगनवाड़ी केंद्रों तक पहुंचाई जाएंगी।

## जल्द लॉन्च होगा सैमसंग गैलेक्सी एम47 5जी



**गुरुग्राम।** सैमसंग इंडिया ने अपने लोकप्रिय गैलेक्सी एम सीरीज पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए नए स्मार्टफोन गैलेक्सी एम47 5जी के आगामी लॉन्च की घोषणा की है। साल 2019 में पहली बार पेश की गई यह सीरीज पूरी तरह से 'मेड इन इंडिया' और 'मेड फॉर इंडिया' के मूलमंत्र पर आधारित है, जिसे विशेष रूप से भारतीय उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है।युवा उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया गैलेक्सी एम47 5जी, आधुनिक शैली और दमदार हार्डवेयर का एक बेहतरीन संयोजन पेश करता है। यह स्मार्टफोन जितना स्टाइलिश है, प्रदर्शन के मामले में उतना ही सक्षम भी है। गैलेक्सी एम47 5जी में सुपरफास्ट परफॉर्मेंस और स्लीक डिज़ाइन का बेजोड़ संगम देखने को मिलेगा। यह स्मार्टफोन एक शक्तिशाली प्रोसेसर, तेज़ रैम और बड़े स्टोरेज से लैस होगा, जो रोजमर्रा के सामान्य कार्यों से लेकर भारी उपयोग के दौरान भी बिना किसी रुकावट के स्मूथ परफॉर्मेंस सुनिश्चित करेगा। गैलेक्सी एम47 5जी अपने सेगमेंट के सबसे दमदार फीचर्स के साथ भारतीय बाजार में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो उपभोक्ताओं के लिए तकनीक की नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। गैलेक्सी एम47 5जी के इस आगामी लॉन्च के साथ सैमसंग का उद्देश्य भारतीय स्मार्टफोन बाजार में अपने नेतृत्व को और अधिक सुदृढ़ और मजबूत बनाना है।

# जमुआन में तीन करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

**सांसद विजय दुबे व विधायक मोहन वर्मा ने जनता को समर्पित की सड़कें, ग्रामीण विकास को मिलेगी नई गति**

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** मोतीचक ब्लॉक के ग्राम सभा जमुआन में शनिवार को लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दुबे एवं विशिष्ट अतिथि विधायक मोहन वर्मा रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने बटन दबाकर विभिन्न सीसी सड़कों एवं जनहितकारी विकास कार्यों का लोकार्पण किया।


विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते सांसद व विधायक

लोकार्पित परियोजनाओं में जमुआन, सोनिया, अरकपुर, परसा लोहझार, नारायणपुर, खैरेटवा, पकड़ी, चिलुआ, बेलोनिया, मिश्रौली, घोड़ादेउर तथा सुम्हाटायर सहित कई ग्राम सभाओं में निर्मित सड़कों के कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं से हजारों ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी। सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांवों के विकास को नई दिशा मिली है और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में व्यापक कार्य हुए हैं। विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हाटा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। लोकार्पण के बाद सांसद और विधायक ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्रामीणों ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा मोतीचक मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल कनौजिया, संजय सिंह, अखिलेश दास गुप्ता, रवीश सिंह, मार्कण्डेय मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुंशी सिंह, मंडल उपाध्यक्ष अर्जुन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस मे 75 शिकायतो में मौके पर 06 का किया गया निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती ।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार रूधौली तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अध्यक्षता उप जिलाधिकारी मनोज प्रकाश ने की। तहसील दिवस में क्षेत्र के नागरिको द्वारा शिकायते एवं समस्या प्रस्तुत की गयी। उप जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होने अधिकारियों से कहा कि प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर जॉच कर निस्तारण किया जाय तथा शिकायतकर्ताओं को संतुष्ट किया जाय। समाधान दिवस के दौरान 75 शिकायतें प्राप्त हुयी। मौके पर 06 शिकायतों को निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# किशोर की संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु फोरेंसिक टीम ने खंगाला घटनास्थल

- **तीन दिन पहले हैदराबाद से गांव लौटा था 17 वर्षीय राजा**
- **दादा से कहासुनी के बाद हुई घटना, रिपोर्ट के इंतजार में पुलिस**

अवधनामा संवाददाता

**सेवरही, कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत सपही टड़वा के भरवा टोली में एक 17 वर्षीय किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। घटनास्थल की बारीकी से पड़ताल के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया।

जानकारी के अनुसार उक्त ग्रामसभा के भरवा टोली निवासी राजा गुप्ता तीन दिन पहले हैदराबाद से अपने घर आया था। मृतक के पिता राजेश गुप्ता दो भाइयों में छोटे हैं तथा रोजगार के सिलसिले में अन्य प्रान्त में मजदूरी करते हैं। बड़े भाई रामसकल गुप्ता परिवार सहित घर पर ही रहते हैं। परिवार की परिस्थितियां भी काफी कठिन रही हैं। मृतक की मां वर्षों पहले अपनी बेटी के साथ परिवार छोड़कर चली गई।घर लौटने के बाद राजा स्थानीय स्तर पर अंडे का कारोबार कर रहा था। मृतक के दादा मोतीलाल गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार की शाम किसी बात को लेकर राजा से उनकी कहासुनी हुई थी। इसके बाद रात में सभी लोग सो गए। शनिवार भोर में जब वह उठे तो राजा टिनशेड के नीचे बांस के सहारे गमछे के फंदे से लटका मिला। तत्काल उसे नीचे उतारकर बचाने का प्रयास करने लगे, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। सूचना पर एसओ आलोक कुमार व हल्का इंचार्ज अंकित सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ? घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसओ आलोक कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम व फोरेंसिक जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।


घटनास्थल की जांच करती फॉरेंसिक टीम

# हरियाली के प्रहरी जितेंद्र यादव की मेहनत को मिला सम्मान

**डीएम ने नर्सरी का किया निरीक्षण, 39 लाख पौधारोपण अभियान को जन आंदोलन बनाने पर जोर**

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के क्षेत्र में चार दशक से सक्रिय वृक्ष मित्र जितेंद्र यादव के कार्यों की जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने सराहना की। शनिवार को विकास खंड निबुआ नौरंगिया की ग्राम पंचायत मठिया धीर पहुंचकर जिलाधिकारी ने उनकी नर्सरी का निरीक्षण किया और पर्यावरण संरक्षण में उनके योगदान को अनुकरणीय बताया।


वृक्षारोपण करते डीएम महेंद्र सिंह तंवर

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नर्सरी में तैयार विभिन्न प्रजातियों के पौधों का अवलोकन किया। इस अवसर पर जितेंद्र यादव ने बताया कि वह पिछले लगभग 40 वर्षों से पौध तैयार करने और वृक्षारोपण के कार्य से जुड़े हैं। अब तक वह करीब 40 हजार पौधे तैयार कर चुके हैं तथा विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे चुके हैं। उन्होंने पोखरों, नदी किनारों, देवस्थानों, सार्वजनिक स्थलों एवं खेल मैदानों में बड़ी संख्या में वृक्ष लगाए हैं, जो आज पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज में ऐसे समर्पित और प्रेरणादायी व्यक्तित्वों की आवश्यकता है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जितेंद्र यादव जैसे अनुभवी वृक्ष मित्रों को विभागीय योजनाओं से प्रभावी ढंग से जोड़ा जाए तथा उनके अनुभव और ज्ञान का उपयोग जनहित में करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में प्रस्तावित लगभग 39 लाख पौधों के वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने में वृक्ष मित्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत भवन परिसर की खाली भूमि पर पीपल का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील करते हुए कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य की आधारशिला भी हैं। अंत में उन्होंने वृक्ष मित्र जितेंद्र यादव को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण : डीएम



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जनपद की चारों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है मुख्यमंत्री द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील गौरीगंज में कुल 100 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 07 का मौके पर निस्तारण कराया गया तहसील मुसाफिरखाना में 34 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 03 का निस्तारण किया गया।

# खरीफ सीजन 2026 : किसानों को जोत के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

**कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्रवाई : जिलाधिकारी**

**कुशीनगर।** खरीफ सीजन-2026 के दौरान किसानों को उनकी जोत एवं फसल की आवश्यकता के अनुरूप समय से उर्वरक उपलब्ध कराने तथा उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी, ओवररेटिंग और तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा है कि यूरिया, डीएपी, एनपीके कॉम्प्लेक्स, एमओपी समेत सभी उर्वरकों की बिक्री निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर ही सुनिश्चित की जाए। निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक बेचने वाले विक्रेताओं के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसानों को उनकी कृषि जोत, फसल एवं आधार कार्ड के अनुसार ही उर्वरकों का वितरण किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि उर्वरकों की बिक्री के साथ किसी भी अन्य उत्पाद की अनिवार्य टैगिंग नहीं की जाएगी। यदि कोई विक्रेता किसानों को अन्य सामान खरीदने के लिए बाध्य करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने उर्वरकों की उपलब्धता, भंडारण, वितरण एवं बिक्री की सतत निगरानी के निर्देश देते हुए कहा कि स्टॉक एवं विक्रय पंजिकाओं का नियमित संधारण सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही पीओएस मशीन के माध्यम से पारदर्शी बिक्री व्यवस्था लागू की जाए। अधिक मात्रा में उर्वरक खरीदने वाले संदिग्ध कृषकों की सूची का परीक्षण कर आवश्यकतानुसार स्थलीय जांच भी कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुपालन तथा उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण की प्रभावी निगरानी के लिए जनपद के सभी विकास खंडों में अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। नामित अधिकारी अपने आवंटित क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण कर प्रतिदिन की स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराएंगे तथा किसी भी प्रकार की शिकायत या अनियमितता मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक समय पर उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस संबंध में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सूचना विभाग का आधिकारिक यूट्यूब चैनल 'सूचना प्रवाह' लॉन्च

अवधनामा ब्यूरो

**सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों की प्रमाणिक जानकारी अब डिजिटल माध्यम से होगी उपलब्ध**

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने डिजिटल संचार को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल 'सूचना प्रवाह' का शुभारंभ किया है। लोक भवन, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सूचना निदेशक विशाल सिंह एवं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने चैनल का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर निर्माता फिल्म अभय कुमार श्रीवास्तव, फिल्म निर्माण प्रबंधक संदीप पांडेय सहित विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। 'सूचना प्रवाह' के माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णयों, उपलब्धियों तथा जनहित से जुड़े कार्यक्रमों की प्रमाणिक और त्वरित जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जाएगी। साथ ही विभाग द्वारा निर्मित वृत्तचित्र, विशेष रिपोर्ट, प्रेरणादायी वीडियो, सरकारी अभियानों और महत्वपूर्ण आयोजनों का नियमित प्रसारण भी इस मंच पर किया जाएगा। सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल मीडिया जनसंचार का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। ऐसे में 'सूचना प्रवाह' सरकार और जनता के बीच संवाद का एक सशक्त सेतु साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस मंच के जरिए नागरिकों को सरकार की योजनाओं, नीतियों और विकास कार्यों की विश्वसनीय जानकारी सरल एवं आकर्षक रूप में उपलब्ध कराई जाएगी। सहायक सूचना निदेशक अशोक कुमार ने कहा कि विभाग आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए जनसंचार के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

## छोटी गंडक में बोरे में बंधा शव मिलने से हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

**मथौली, कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के सिकटिया गांव स्थित छोटी गंडक नदी के रामजानकी मंदिर घाट पर शनिवार दोपहर बोरे में बंधा एक शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। नदी में उतराता शव दिखाई देने पर ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर जांच शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शव कफन में लपेटा गया था और उसे एक लंबे प्लास्टिक के बोरे में रखकर रस्सी से कसकर बांधा गया था।

इतना ही नहीं, शव को पानी में डुबाने के उद्देश्य से रस्सी में ईंट और घड़ा भी बांधा गया था। इसके बावजूद शव नदी की सतह पर आ गया, जिससे पूरे मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने जब बोरा और कफन खोलकर जांच की तो शव की पहचान नहीं हो सकी। प्रथम दृष्टया शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। शव की स्थिति को देखते हुए उसकी शिनाख्त करना भी चुनौती बना हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# फरियादियों की समस्याएं सुन डीएम ने कसा प्रशासनिक शिकंजा, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर

**कप्तानगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 83 शिकायतें प्राप्त, 14 का मौके पर निस्तारण**

अवधनामा संवाददाता


कप्तानगंज में पीड़ितों की फरियाद सुनते डीएम

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** शनिवार को तहसील कप्तानगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने की। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा राजस्व एवं भूमि संबंधी मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 83 शिकायतें एवं प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 14 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 69 प्रकरणों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक 64 प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग से संबंधित रहे, जिनमें से 14 का निस्तारण किया गया तथा 50 मामले लंबित रहे। पुलिस विभाग से संबंधित 4 शिकायतें तथा विकास विभाग से संबंधित 1 शिकायत प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों से संबंधित 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। संयुक्त राजस्व एवं पुलिस, समाज कल्याण, शिक्षा तथा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायतकर्ता की संतुष्टि सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त पुलिस संबंधी शिकायतों का निष्पक्ष एवं त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक प्रकरण की जांच कर शिकायतकर्ताओं को समयबद्ध न्याय दिलाया जाए। भूमि एवं पारिवारिक विवाद जैसे संवेदनशील मामलों में राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## योग दिवस पर कुशीनगर स्पोर्ट्स स्टेडियम बनेगा स्वास्थ्य साधना का केंद्र

**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार, 21 जून 2026 को प्रातः 6 बजे जिला खेल कार्यालय स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम, कुशीनगर में भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योग प्रेमी, खिलाड़ी, विद्यार्थी, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। उप क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित योगाचार्य प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराएंगे। उन्होंने जनपद के सभी योग प्रेमियों, खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। साथ ही सभी खेल संघों के सचिवों एवं विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से खिलाड़ियों और विद्यार्थियों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया गया है। उप क्रीड़ाधिकारी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली विरासत है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य का आधार है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि योग दिवस के इस सामूहिक आयोजन में शामिल होकर स्वस्थ, सशक्त और जागरूक भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं।

## अवैध क्लिनिक में इलाज के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत, परिजनों का हंगामा



**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बांसी घाट के पास संचालित एक निजी क्लिनिक में कथित रूप से इलाज के दौरान शनिवार को जच्चा-बच्चा की मौत होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया और चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार बिहार के पश्चिमी चंपारण जनपद के धनहा थाना क्षेत्र स्थित सिमरिया गांव निवासी राजन देवी (30 वर्ष), पत्नी राजेश यादव, पिछले तीन दिनों से बांसी घाट स्थित योगी क्लिनिक में भर्ती थीं। परिजनों का आरोप है कि क्लिनिक का संचालन सत्येंद्र सिंह नामक एक कथित झोलाछाप चिकित्सक द्वारा किया जा रहा था। बताया जाता है कि प्रसव के बाद नवजात शिशु की तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। इसके कुछ समय बाद प्रसूता की हालत भी गंभीर हो गई। परिजन उन्हें उपचार के लिए खड्डा क्षेत्र के एक अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मृत्यु हो गई। जच्चा-बच्चा दोनों की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजनों ने योगी क्लिनिक के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया तथा संबंधित चिकित्सक पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया।

## वाहनों के फिटनेस सम्बन्धित कार्य मंगलवार, वृहस्पतिवार एवं शनिवार को होगा : एआरटीओ

**बस्ती।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि जनपद बस्ती में वाहनों के फिटनेस सम्बन्धित कार्य सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक), के न होने से प्रभावित रहा है। उक्त के दृष्टिगत सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक), अयोध्या राजीव कुमार को जनपद में फिटनेस से सम्बन्धित कार्य हेतु सम्बद्ध किया गया है। अब से जनपद में वाहनों के फिटनेस सम्बन्धित कार्य मंगलवार, वृहस्पतिवार एवं शनिवार को सम्पादित किये जायेंगे।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष ने सूबे की कानून व्यवस्था पर उठाया सवाल

**पार्टी की ओर से मृतक के परिजनों को दी एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता**

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल शनिवार को अमेठी पहुंचे जहां उन्होंने अमेठी कोतवाली क्षेत्र के दलशाहपुर गांव पहुंचकर जमीनी विवाद में मारे गए बुजुर्ग रामफली पाल के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और पार्टी की ओर से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। प्रदेश अध्यक्ष ने मृतक के पुत्र सुनील पाल उनकी पत्नी घायल बहू बच्चों और अन्य परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। परिजनों ने उन्हें पूरी घटना से अवगत कराया और न्याय की मांग की। गौरतलब है कि बीते बुधवार की रात दलशाहपुर गांव निवासी रामफली पाल और उनके परिवार पर जमीनी विवाद को लेकर पड़ोसियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया था। हमले में रामफली पाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें पहले स्थानीय अस्पताल और बाद में एम्स रायबरेली में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना में परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हुए थे।



प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। अपराधी बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि दलशाहपुर की घटना इसका ताजा उदाहरण है। सरकार अपराध पर नियंत्रण करने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए तथा पीड़ित परिवार को सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीड़ित परिवार को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है और भविष्य में भी पार्टी परिवार के साथ खड़ी रहेगी। इस अवसर पर पार्टी जिला अध्यक्ष राम उदित यादव जिला प्रवक्ता राजेश मिश्रा राम सिंह यादव संग्राम सिंह मनीराम वर्मा अरशद अहमद चौधरी संदीप यादव शुभम पाल विकास पाल चंद्रकांत पाल मुकेश विश्वकर्मा मुजीब अहमद सोनू अंसारी अजय पासी शिव प्रताप यादव गुंजन सिंह रामप्रसाद चंद्रशेखर यादव अजय तिवारी समेत बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की सचिव तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की नोडल अधिकारी डॉ. रोशन जैकब ने हथियागढ़ स्थित प्रयोगशाला भवन आदि का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश शासन के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की सचिव तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की नोडल अधिकारी डॉ. रोशन जैकब द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, प्रयोगशाला भवन, एफ0डी0ए0 भवन, अमौली, हथियागढ़, बस्ती का निरीक्षण में किया गया। लैब से सम्बन्धित सामान/फर्नीचर के बारे मे लैब गार्ड प्रतिनिधि ने बताया कि कुछ सामान आ चुका है, शेष इम्पोर्टेड सामान रास्ते में है। निर्देशित किया गया कि लैब से सम्बन्धित कितने सामान प्रयोगशाला मे पहुचाए गये और कितने सामान अभी बाकी है जिसकी सूची आज ही उपलब्ध कराये जाय। सारा सामान दस दिवस के अन्दर उपलब्ध हो जाये।



निरीक्षण के दौरान प्रयोगशाला में लगी हुयी लिफ्ट बंद पायी गयी। चालू हालत में नही है जिसे अधिशासी अभियन्ता द्वारा आश्वासन दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर संचालित कर दिया जायेगा। प्रयोगशाला के मेन गेट के सामने बंद नाले को शीघ्रअतिशीघ्र संचालित किये जाने का निर्देश दिया गया है ताकि बारिश का पानी भवन परिसर के अन्दर न आ सकें। भूतल पर भवन की बाहरी दीवालों पर लगी खिड़कियों व मेन गेट पर स्टील/एल्युमिनियम की ग्रिल लगाने का कार्य दस दिन के अन्दर लगाने का निर्देश दिया गया। गोरखपुर मण्डल मे संचालित लैब के साइंटिफिक अधिकारी-द्वद्व द्वारा दिनांक 13 मई 2026 की रिपोर्ट में प्रमाणीकरण हेतु लंबित नमूनों की संख्या 237 दर्शायी गयी है। जिसकी नमूना प्राप्ति के सापेक्ष कितने नमूने जांच कर डिस्पैच कर दिया गया है जिसकी अद्यतन रिपोर्ट रविवार शाम तक मुख्यालय को प्रेषित की जाय। उपरोक्त खाद्य प्रयोगशाला/ भवन लगभग 25 करोड़ रू0 की लागत से निर्मित की जा रही है खाद्य प्रयोगशाला के संचालन होने के पश्चात् खाद्य नमूनों की जांच की क्षमता बढ़ जायेगी स्थानीय स्तरी पर व्यापारी गण व कृषकगण अपने उत्पादों की जांच स्थानीय स्तर से ही कराकर उनकी गुणवत्ता सुनिर्शिचत कर सकेगें। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, सहायक आयुक्त (खाद्य) राजेन्द्र सिंह, मुख्यालय प्रभारी प्रयोगशाला व अभिहित अधिकारी उपस्थित रहें।

# डीएम ने पकड़ी दवाओं के स्टॉक में गड़बड़ी

- फार्मासिस्ट के निलंबन व प्रभारी चिकित्साधिकारी को हटाने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता




**शाहजहांपुर।** जनपद में जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने औचक निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जलालाबाद में दवाओं के स्टॉक और वितरण में भारी अंतर मिलने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक मिश्रा को फार्मासिस्ट मोहम्मद इलियास अख्तर को निलंबित करने तथा सीएचसी प्रभारी डॉ. सोमेश अग्निहोत्री को प्रभार से हटाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्हें एक वर्ष तक किसी भी स्वास्थ्य केंद्र का चार्ज न दिए जाने को कहा है। जिलाधिकारी ने 16 जून को सीएचसी जलालाबाद का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान मुख्य गेट पर ताला बंद था। उस समय परिसर में केवल गार्ड रमेश चंद्र, वार्ड बॉय मोहम्मद जीशान और फार्मासिस्ट मोहम्मद इलियास मौजूद थे, जबकि मरीज और उनके तीमारदार स्वास्थ्य केंद्र के बाहर खड़े होकर इंतजार कर रहे थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने दवाओं के स्टॉक और वितरण रजिस्टर का मिलान कराने के निर्देश एसडीएम प्रभात राय को दिए थे। जांच के बाद एसडीएम ने अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी, जिसमें दवाओं के स्टॉक में बड़ा अंतर सामने आया। रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी ने इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए फार्मासिस्ट के निलंबन की संस्तुति की। इसके अलावा स्वास्थ्य केंद्र के संचालन में लापरवाही पाए जाने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सोमेश अग्निहोत्री को पद से हटाने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी ने सीएमओ को एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। उधर सीएमओ डॉ. विवेक मिश्रा ने पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित कर दी है। टीम को शीघ्र जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग में इस कार्रवाई के बाद हड़कंप मचा हुआ है।

## फर्जी वकील बन लाखों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा फर्जी वकील बनकर लोगों से ठगी व धमकी देकर अवैध वसूली करने वाले 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर कुशल नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा स्वंय को वकील बताकर फर्जी तरीके से वसूली करने वाले 01 अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ अंकुश पुत्र वीरेन्द्र निवासी आनन्द नगर ककरऊ कोठी थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को ककरऊ कोठी चौराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 अन्जीश कुमार सिंह, उ0नि0 अंकित कुमार, का0 757 अश्वनी कुमार, रि0का0 582 विशाल कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# हुसैन के साथ एक ईसाई वहेब कलबी ने भी शहादत पेशकी



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** चार मोहर्रम को हुसैनिया तुराबखानी में मौलाना सैयद अतहर अब्बास मुजफ्फरनगर ने पढ़ा कि कर्बला के मैदान में जब हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को चारों तरफ से यजीदी फौज ने घेर लिया था तो उसी रास्ते से एक ईसाई जिसका नाम वहेब कलबी था वह शादी करके मां बीवी को साथ लेकर कर्बला के उसी रास्ते से गुजरा जहां पर हुसैन ठहरे हुए थे वहेब की मां ने हुसैन से पूछा आप कौन हैं कहां के रहने हुसैन ने कहा मैं रसूले खुदा का नवासा हुसैन हूं मुझ से मेरा वतन छोड़ा या गया है इतनी बड़ी फौज मुझे कत्ल करने पर आमादा है वहेब की मां ने बेटे को हुसैन के हवाले किया और मैदान में हुसैन की तरफ से शहादत पेश करने के लिए भेजा वहेब मैदान में आया जंग करते करते जब गिर पड़ा तो जालिमों ने सर काट कर मां की तरफ भेजा मां ने सर उठाकर फिर यजीदी फौज की तरफ भेजा और कहा हम जो राहें खुदा में कुर्बान कर देते हैं उसे वापस नहीं लेते यह जानकारी हैदर अब्बास खान अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन सुल्तानपुर ने दी है।

## बार एसोसिएशन का धरना प्रदर्शन जारी



**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** तहसील में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ई-डिस्ट्रिक, उपनिबंधन विभाग को निजीकरण में दिए जाने के विरोध में छठवें दिन धरना-प्रदर्शन जारी रखा। साथ ही मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। बार अध्यक्ष रमाल सिंह यादव के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने शुक्रवार दोपहर एक बजे मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अनुराधा सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ई-डिस्ट्रिक एवं उपनिबंधन विभाग का निजीकरण में दिए जाने का प्रस्ताव ला रही है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता अपने सभी कार्य से विरत रहेंगे। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा किए गए फैसले को वापस न लेने पर धरना-प्रदर्शन के साथ कलम बंद हड़ताल जारी रहेगी। इस दौरान उपाध्यक्ष लीलाधर वर्मा, सचिव ममता सारस्वत, कोषाध्यक्ष प्रवीन कुमार, सहकोषाध्यक्ष उपेंद्र बघेल, कमलेंद्र उपाध्याय, भंवर सिंह सोलंकी, सुधीर शर्मा, संदीप यादव, सीताराम, मुकेश यादव आदि उपस्थित रहे।

## विधायक टूंडला ने ओखरा में सड़क मार्ग का किया भूमि पूजन

**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** विधानसभा टूंडला के गांव ओखरा में एक सड़क नव निर्माण कार्य का विधिविधान से भूमि पूजन विधायक टूंडला ने किया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी एवं ग्रामीण शामिल रहे। इस दौरान एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेताओं द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। विधायक टूंडला प्रेमपाल सिंह धनगर ने बताया कि टूंडला विधानसभा के गांव ओखरा एक सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया है।

## कॉमन सर्विस सेंटरों पर पीएम किसान उत्सव दिवस का सफल आयोजन

**सुलतानपुर।** भारत सरकार एवं सीएससी एसपीवी के निर्देशानुसार रविवार को जनपद सहित प्रदेशभर के कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) केंद्रों पर पीएम किसान उत्सव दिवस् का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में किसानों ने सीएससी केंद्रों पर एकत्र होकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 23वीं किस्त जारी होने के अवसर के साक्षी बने। इस अवसर पर सीएससी केंद्रों पर किसानों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण प्रदर्शित किया गया। किसानों ने सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र के विकास एवं किसान कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की सराहना की। कार्यक्रम के उपरांत बड़ी संख्या में पात्र किसानों ने अपने बैंक खातों में प्राप्त सम्मान निधि की राशि का डिजिटे वेब के माध्यम से सुरक्षित एवं त्वरित निकासी की। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता और अधिक सुलभ हुई तथा किसानों को बैंक शाखाओं के चक्कर लगाने से राहत मिली।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 27 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

अवधनामा संवाददाता




**फिरोजाबाद।** जनता की समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण सम्भव हो सके, इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज शिकोहाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे की अध्यक्षता में किया गया। जिलाधिकारी ने अध्यक्षता करते हुए जनता की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनने के उपरांत विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निराकरण करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किये। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालय में आता है, इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए। कोई भी फरियादी तहसील दिवस या किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं लौटना चाहिए, पारदर्शिता के आधार पर सभी समस्याओं का समाधान होना चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 112 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें जिलाधिकारी ने मौके पर ही 27 शिकायतों का निस्तारण कराया और बाकी बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधिकतर शिकायतें राजस्व, विद्युत, पुलिस, अवैध कब्जे, जल भराव, राशन, ग्रामीण क्षेत्रों में गन्दगी, जमीनी विवाद व अतिक्रमण आवास, शौचालय आदि की शिकायतें प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, मुख्य चिकित्साधिकारी राम बदन राम, बीएसए, परियोजना निदेशक, उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद डॉ गजेंद्र पाल सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## चोरी हुई मोटरसाइकिल का पुलिस ने किया चालान चोरों की तलाश जारी

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के थाना रोजा क्षेत्र के गांव चकभिटारा निवासी आनंद पुत्र रामसरन की बाइक 21 नवंबर 2025 को अटसलिया के परी नमकीन फैक्टरी के बाहर से चोरी हो गई थी आनंद ने घटना के दूसरे दिन पुलिस पोर्टल पर इसकी शिकायत दर्ज कराई और एक प्रार्थना पत्र के साथ थाना रोजा में मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई लेकिन आनंद की माने तो वह लगातार एक हफ्ते तक थाने पर जाता रहा अंत में पुलिस ने कह दिया आपका मुकदमा दर्ज हो गया है मोटरसाइकिल की तलाश की जा रही है भोला भाला आनंद घर पर शांत बैठ गया इसी बीच 6 जून 2026 को उसके मोबाइल पर मोटरसाइकिल का चालान कटने का मैसेज आया और जब उसने ट्रैफिक पुलिस को मैसेज दिखाते हुए छानबीन की तो पता चला थाना रोजा क्षेत्र में ही उसकी मोटरसाइकिल का थाना रोजा के ही एक दरोगा ने चालान किया है तो आनंद फिर थाने आया और चालान से संबंधित पूरी जानकारी पुलिस को दी तब आनंद को पता चला कि पुलिस ने घटना के समय उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी इसके बाद आनंद से पुलिस ने एक प्रार्थना पत्र लेते हुए मुकदमा दर्ज किया है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य इंजीनियर, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा **(एकल पैकेट प्रणाली)**, जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक 14.07.2026 को 15:00 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 04-DyCE-GSU-LKO-2026-27 दिनांक 19.06.2026 | | |
| निविदा सं. | 04-DyCE-GSU-LKO-2026-27 | | |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के अयोध्या धाम स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या 1 व प्लेटफॉर्म संख्या 2/3 के शेष भाग पर प्लेटफॉर्म कवर (COP) का प्रावधान। | | |
| अनुमानित लागत | ₹222.23 लाख | धरोहर राशि | ₹4,44,500/- |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 30.06.2026 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 14.07.2026 को 15:00 बजे | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 2115/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, नवाबगंज, बाराबंकी।**

पत्रांक :- 445/मु0का0/2026-27 दिनांक- 20/06/2026

**निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद्, नवाबगंज, बाराबंकी के पंजीकृत ठेकेदारों तथा शासनादेश सं0-3890/नौ-5-19-149 सा0/2019 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 के अनुसार एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पालिका निधि/राज्य वित्त में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों की निविदायें दिनांक 08.07.2026 को इस पालिका परिषद् में रखे निविदा बाक्स में अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है उक्त निविदायें दिनांक 08.07.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे निविदादाताओं/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेंगी। समस्त निविदा प्रपत्र दिनांक 06.07.2026 से दिनांक 07.07.2026 तक अपरान्ह 5.00 बजे तक पालिका कार्यालय कोषागार में निर्धारित धनराशि जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। उक्त तिथियों में अवकाश होने की दशा में अगला कार्य दिवस मान्य होगा। समस्त निविदाओं के साथ पृथक-पृथक 10% जमानत धनराशि का एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 या अन्य प्रतिभूत प्रमाण-पत्र जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् नवाबगंज, बाराबंकी के पक्ष में बंधक हो, लगाना अनिवार्य होगा। कार्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि कोई भी अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताये अस्वीकृत/निरस्त कर दें जिसका कोई भी क्लेम निविदादाता का मान्य न होगा। प्रत्येक निविदा के साथ 100.00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र लगाना अनिवार्य होगा। निविदादाताओं को निविदा के साथ जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त नवीनतम् चरित्र प्रमाण-पत्र व हैसियत प्रमाण-पत्र, जी0एस0टी0 प्रमाण-पत्र, पैन कार्ड की छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | व्ययानुमान | धरोहर धनराशि (10%) | टेण्डर शुल्क + 18% GST+ शासनादेश के अनुपालन में टेण्डर मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड दशहराबाग मोहल्ला अयोध्या नगर में फैजाबाद मुख्य मार्ग से नाका मस्जिद होते हुए संजय वर्मा के घर के आगे तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं कवर्ड नाली का निर्माण कार्य। | 997060.00 | 100000.00 | 1005+181 + 250+45 =1481 | 1 माह |

**-: शर्ते :-**

1. किसी भी टेस्टिंग पर आने वाले खर्च का वहन ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
2. निर्माण कार्यों हेतु निविदादाता निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व कार्य एवं कार्य स्थल के बारे में भली-भांति परिचित हो लें।
3. निविदा स्वीकृत होने की दशा में सम्बन्धित ठेकेदार को शीघ्र अतिशीघ्र अनुबन्ध करना होगा।
4. निविदा प्रपत्र के साथ अद्यतन हैसियत व चरित्र प्रमाण-पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा।
5. उ0प्र0 भवन और सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा शर्त विनियमन) नियमावली 2009 के अनुसार कार्य के निर्माण लागत का 1 प्रतिशत की दर से उपकर (सेस) की धनराशि सम्बन्धित बोर्ड को स्थानान्तरित की जायेगी। जिसको समाविष्ट करते हुए निविदादाता अपनी निविदा दर अंकित करें।
6. शासनादेश सं0-14/2024/692/23-7-2024 लोक निर्माण अनुभाग-7 लखनऊ दिनांक 09 अगस्त 2024 के निहित प्राविधानो के अन्तर्गत न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृत (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा करने की बाध्यता होगी।
7. ठेकेदार के नाम निर्माण कार्य स्वीकृत होने की दशा में ठेकेदार को भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम-1996 एवं तत्सम्बन्धित प्रदेश नियमावली-2009 के प्राविधानों के अन्तर्गत श्रमिक व निर्माण स्थल का पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।
8. अनिवार्य शर्त-कार्यादेश में कार्य पूर्ण किये जाने की अवधि में विलम्ब होने पर 1.5 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से बिल से कटौती कर ली जायेगी। यदि समयावधि का दो गुना समय व्यतीत हो जाता है और कार्य पूर्ण नही किया जाता है तो ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जा सकेगी।
9. शासनादेश संख्या-1319/नौ-9-21-45ज/21 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 30 जून 2021 द्वारा जारी नगर पालिका परिषद में निर्माण/विकास कार्यों के क्रियान्वयन हेतु मानक संचालन प्रकिया (एस0ओ0पी0) में दिये गये निर्देशों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद्, नवाबगंज, बाराबंकी।**

**(शीला सिंह)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद्, नवाबगंज, बाराबंकी।**

# साइंस घर में खुशी ने स्मार्ट सिक्योरिटी सिस्टम मॉडल का किया प्रस्तुतिकरण

अवधनामा संवाददाता




**शिकोहाबाद।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में समर में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें 20 वें दिवस पर कक्षा 12 की छात्रा कु खुशी ने अपने स्मार्ट सिक्योरिटी सिस्टम मॉडल के प्रस्तुतिकरण में बताया कि इस मॉडल का निर्माण सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से किया गया है। इसमें सेंसर आधारित तकनीक का उपयोग किया गया है, जो किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अनाधिकृत प्रवेश का पता लगाने में सक्षम है। जब कोई व्यक्ति चोरी करने, किसी वस्तु को नुकसान पहुँचाने या बिना अनुमति किसी स्थान में प्रवेश करने का प्रयास करता है, तो सेंसर उसकी उपस्थिति को तुरंत पहचान लेता है। सेंसर द्वारा संकेत प्राप्त होते ही सिस्टम में लगा बजर स्वतः सक्रिय हो जाता है और तेज आवाज में अलार्म बजाने लगता है। अलार्म की आवाज सुनकर आसपास के लोग सतर्क हो जाते हैं तथा समय रहते उचित कार्रवाई की जा सकती है। इससे चोरी, घुसपैठ और अन्य अवांछित घटनाओं को रोकने में सहायता मिलती है। यह मॉडल घरों, दुकानों, विद्यालयों, कार्यालयों, गोदामों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है। कम लागत में तैयार किया गया यह मॉडल आधुनिक सुरक्षा प्रणालियों की कार्यप्रणाली को सरल रूप में प्रदर्शित करता है तथा तकनीक के माध्यम से समाज में सुरक्षा बढ़ाने का संदेश देता है। यह विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, नवाचार क्षमता तथा तकनीकी ज्ञान को भी दर्शाता है। अश्वनी कुमार जैन ने खुशी के स्मार्ट सिक्योरिटी सिस्टम मॉडल के रचनात्मक एवं कलात्मक प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण कर रहे हैं। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## आमने-सामने बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत, दो गंभीर घायल

**बल्दीराय/सुलतानपुर।** बल्दीराय थाना क्षेत्र के कुड़वार-हलियापुर मार्ग पर सहजौरा मोड़ के पास स्थित असलम प्रधान की चक्की के निकट शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बल्दीराय पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस्माइलपुर मजरे दरियापुर निवासी अरुण कुमार कनौजिया (22) अपने छोटे भाई शैलेंद्र कनौजिया (19) के साथ बाराबंकी से किसी निमंत्रण कार्यक्रम से लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक पर सवार इब्राहिमपुर निवासी शमीम (23) पुत्र युसूफ तथा फैजान पुत्र छोटून से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में शैलेंद्र कनौजिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल शमीम ने इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

## सुरजीत ने राहुल गाँधी से की मुलाकात, चुनाव में अवसर के संकेत

**कूरेभार/सुलतानपुर।** विकास खंड कूरेभार के रूसहा मठिया गांव निवासी व विधान सभा सुलतानपुर के सुरजीत कुमार ने लोकसभा नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा सांसद, राहुल गांधी जी से दिल्ली उनके आवास पर आत्मीय एवं शिष्टाचार मुलाकात की। जिसमें उन्हें विधानसभा 191 कादीपुर से चुनाव लड़ने का अवसर मिल सकता है। बताते चले सुरजीत कुमार 9 अक्टूबर 2021 बहुजन समाज पार्टी छोड़ कर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए थे। बताया जा रहा कि इन्होंने बहुजन समाज पार्टी में बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक विभिन्न पदों पर रहकर पार्टी के लिए काफी असें से काम किया था। पंचायत चुनाव से लेकर विधानसभा तक चुनाव लड़वाने में पार्टी के प्रति इनका काफी योगदान रहा है।

# दोबारा रिश्वत लेते धरा गया कानूनगो

- 12 हजार लेते एंटी करप्शन टीम ने दबोचा, पहले भी हो चुका है गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अयोध्या एंटी करप्शन टीम ने शनिवार को लंभुआ तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) राजितराम को 12,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई शहर के डाकखाना चौराहे के पास की गई, जिससे राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, मणिकपुर पासिन निवासी अजय कुमार ने अपनी जमीन के सीमांकन (पैमाइश) की आख्या भेजे जाने के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि इस काम को आगे बढ़ाने के एवज में राजस्व निरीक्षक राजितराम लगातार 12,000 की रिश्वत मांग रहे थे। बार-बार की मांग से परेशान होकर पीड़ित ने अयोध्या मंडल की एंटी करप्शन टीम से शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की पुष्टि के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन अयोध्या मंडल के निरीक्षक एवं ट्रैप टीम प्रभारी संजय सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तय योजना के तहत पीड़ित को केमिकल लगे नोट देकर भेजा गया। जैसे ही आरोपी कानूनगो ने शहर के डाकखाना चौराहे से गोसाईगंज रोड स्थित मिश्रा साहित्य निकेतन के सामने रिश्वत की रकम ली टीम ने तत्काल दबिश देकर उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। मौके से रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली गई। गिरफ्तारी के बाद टीम आरोपी को गोसाईगंज ले गई, जहां भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई। मामले की विवेचना निरीक्षक हरिओम मिश्र को सौंपी गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह राजितराम की पहली गिरफ्तारी नहीं है। इससे पहले 13 दिसंबर 2023 को भी कादीपुर तहसील में कानूनगो रहते हुए वह 5,000 की रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम के हत्थे चढ़ चुका है। उस मामले में शिकायत भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र उपाध्याय ने की थी। लगातार दूसरी बार रिश्वत प्रकरण में गिरफ्तारी ने राजस्व विभाग की कार्यशैली और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# 68 यूनिट रक्तदान के साथ एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय ने निभाई मानवता की जिम्मेदारी

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय ने 20 जून 2026 को एक सफल रक्तदान शिविर आयोजित कर सामुदायिक कल्याण एवं मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित किया। इस शिविर का उद्घाटन किशोर कुमार होता, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) द्वारा डॉ. बी. के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा) के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर श्री होता ने कर्मचारियों एवं सहयोगियों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए इसे जीवन बचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। शिविर में एनटीपीसी के कर्मचारियों, सीआईएसएफ के जवानों, चिकित्साकर्मियों तथा सहयोगी एजेंसियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान कुल 68 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो एनटीपीसी परिवार की सेवा भावना, करुणा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचायक है। कार्यक्रम में देवब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ एवं परियोजना) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके साथ ही रेड क्रॉस सोसायटी, सिंगरौली के एस. डी. सिंह (अध्यक्ष) एवं डॉ. आर. डी. द्विवेदी, निदेशक (रेड क्रॉस सोसायटी) भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विंध्य चिकित्सालय के चिकित्सकों, नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं कर्मचारियों ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. बी. के. भराली ने सभी रक्तदाताओं, अतिथियों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे महान सेवाओं में से एक है, जो जरूरतमंद लोगों को नया जीवन प्रदान कर सकती है। रक्तदान के उपरांत सभी रक्तदाताओं को कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) किशोर कुमार होता द्वारा फल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## सोनभद्र में विकास कार्यों की समीक्षा, नेटवर्क सुधार पर जोर

**सोनभद्र।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी जी ने आज सर्किट हाउस सभागार में आकांक्षी जनपद कार्यक्रम एवं सांसद निधि से संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारियों को विकास कार्यों में और अधिक गति एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में माननीय मंत्री जी ने कहा कि जनपद सोनभद्र के जिन क्षेत्रों में मोबाइल एवं इंटरनेट नेटवर्क की समस्या बनी हुई है, वहां की स्थिति का विस्तृत आकलन कर कार्य योजना तैयार की जाए तथा उसे उच्च स्तर पर प्रेषित किया जाए, ताकि नेटवर्क कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में बेहतर संचार व्यवस्था विकास की आधार शिला है और दूरस्थ क्षेत्रों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

# फासिल्स पार्क में होगा योग का महाआयोजन

अवधनामा ब्यूरो

■ जीवन रक्षा के साथ प्रकृति रक्षा का दिया जाएगा संदेश

**सोनभद्र।** यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर (अस्थायी सूची) में शामिल जीवाश्म पार्क (फासिल्स पार्क) रविवार को विश्व योग दिवस के अवसर पर देश-दुनिया को अनूठा संदेश देगा। विश्व के सबसे प्राचीन जीवाश्म पार्क में इस अवसर पर स्वस्थ और निरोगी काया के लिए योगाभ्यास करने के साथ-साथ प्रकृति की रक्षा के लिए पौधरोपण भी किया जाएगा। जिला प्रशासन में इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया गया है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि योग दिवस के अवसर पर जनपद में सबसे बड़ा आयोजन सलखन स्थित अति प्राचीन फासिल्स पार्क में किया जाएगा। बताया कि योग दिवस पर हजारों की संख्या में आमजन एक साथ योग कर रिकॉर्ड बनाते हुए योग के प्रति आमजन को जागरूक करेंगे। बताया कि इस अवसर जनप्रतिनिधिगण समेत तमाम विभागों के आलाधिकारी उपस्थित रहेंगे। आयोजन को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यातायात विभाग द्वारा फासिल्स पार्क के पास वाहनों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है। योग दिवस पर फासिल्स पार्क से प्रकृति की रक्षा का संदेश देने के लिए पौधरोपण की तैयारी वनविभाग द्वारा की गई है। पार्क को हरा-भरा बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पौधरोपण करने के साथ ही रोपे गए पौधों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों व ब्लाकों में भी ज्यादा से ज्यादा जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए योगाभ्यास किया जाएगा।

## निर्धारित समयावधि मे पूर्ण कराये कटाव निरोधक कार्य : जिलाधिकारी



**हरदोइ (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी अनुनय झा एवं पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने तहसील सवायजपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जनियामऊ मे गर्रा नदी के दाहिने किनारे पर कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिये कि बाढ से पूर्व कार्यो को पूरी गुणवत्ता के साथ कराया जाये, तथा नियमित निरीक्षण भी सुनिश्चित किये जाये। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें बताया कि कटाव निरोधक कार्य होने से ग्रामीणों को सीधा लाभ होगा और उनकी बहुमूल्य फसल एवं सम्पत्ति को बाढ से बचाने मे सहायता प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने अधिकारियों से योजना के सम्बन्ध मे विस्तार से जानकारी ली।

## जिलाध्यक्ष व जिला महामंत्री का महिला व्यापार मंडल ने जिला कार्यालय पर किया स्वागत



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल महिला जिलाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा के नेतृत्व में जिला कार्यालय नुमाइश चौराहा पर विगत दिवस संपन्न हुए शक्ति धाम मैरिज होम महेरा चुंगी में व्यापारी भामाशाह सम्मान समारोह कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिलाध्यक्ष संतोष चौहान एवं जिला महामंत्री रमेश यादव का अंग वस्त्र पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संतोष चौहान जिला महामंत्री रमेश यादव जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार सिंह चौहान उद्योग मंच जिलाध्यक्ष मेजर पांडे जिला उपाध्यक्ष एवं जिला मीडिया प्रभारी सुशील सम्राट जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कनौजिया महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जिला संगठन मंत्री अनुराग वर्मा जिला मंत्री गिरीश शुक्ला व्यापारी नेता रिंकू यादव महिला उपाध्यक्ष मिथलेश कुशवाहा सदस्य अनुपम गौतम आरती वर्मा प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रही।

## डीएम व एसएसपी ने तहसील ताखा पर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी फरियादियों की समस्याएं

**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) के अवसर पर शनिवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से तहसील ताखा पर जन शिकायतों को सुना गया तथा तहसील दिवस के अवसर पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस के अन्य अधि0/कर्म0गण उपस्थित रहे।

## शहर में हुआ मजलिसों का आयोजन

**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** शहीदे आज़म इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की याद में मोहर्रम में शिया समाज ने शहर के विभिन्न इमाम बारगाहों में मजलिसों का आयोजन कर गमे हुसैन मनाया। घटिया अजमत अली इमाम बारगाह में आयोजित मजलिस में तकरीर करते हुये मौलाना डा.सैयद एजाज़ अली सीवान बिहार ने कहा बिस्मिल्ला में वो बरकत है अगर इंसान इसका विरद कर ले तो उसकी तमाम परेशानियां दूर हो जाएंगी, इंसान हर काम से पहले बिस्मिल्ला पढ़े तो उसके मुश्किल काम भी आसान हो जाते हैं। समाजसेवी शावेज़ नक़वी ने बताया कि आलमपुरा इमाम बारगाह में आयोजित मजलिस में मौलाना सैयद अली मेहदी जैदी नजफी ने तकरीर की। पक्की सराये स्थित बड़े इमामबाड़े में गुलामुस सैयदेन, शरीफ मंजिल सैदबाड़ा में राहत अक़ील शक्कन, शब्बर अक़ील की ओर से आयोजित मजलिसों में मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने तकरीर की। इसके अलावा सराये शेख स्थित जहूर नक़वी के मकान व आलमपुरा स्थित अयाज़ हुसैन बबलू के मकान पर मजलिसों का आयोजन किया गया। मजलिसों में सलीम रज़ा, जहूर नक़वी, सफीर हैदर ने सोज ख्वानी, तनवीर हसन, राहिल सगीर ने नोहा ख्वानी की।

## अवैध खनन पर प्रशासन की कार्रवाई



**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** प्रशासन ने अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को ग्राम अरतरा में बिना अनुमति खनन कर रही एक जेसीबी मशीन को जब्त कर सीज कर दिया। राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। नायब तहसीलदार राममोहन ने सीज की गई मशीन को कोतवाली परिसर में दाखिल कर उसकी अभिरक्षा पुलिस को सौंप दी। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी को पत्र भेजकर मशीन को सक्षम अधिकारी के अगले आदेश तक सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। जीडी में प्रविष्टि दर्ज कर मशीन को मालखाने में जमा करा दिया गया है। उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात बोलेरो की टक्कर से अधेड़ की मौत, भतीजा घायल

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** मुस्करा थाना क्षेत्र के इमिलिया गांव के पास मंगलवार सुबह अज्ञात बोलेरो वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई, जबकि उसका भतीजा घायल हो गया। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के गुरगुज थोक निवासी कमलेश प्रजापति (50) अपने भतीजे अनिल के साथ गहरौली गांव में आयोजित शादी समारोह से लौट रहे थे। इमिलिया गांव के पास पानी की टंकी के निकट हल्के मोड़ पर सामने से आ रही बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क किनारे नाली में जा गिरे। कमलेश का सिर पत्थर से टकराने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनिल के सिर में चोटें आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

## मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन, 24 जून से हड़ताल की चेतावनी




**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने ड्यूटी समय में किए गए बदलाव को वापस लेने, स्थायी कर्मचारियों को एपीसी लाभ दिलाने, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के बढ़े मानदेय का भुगतान कराने तथा सफाई कर्मचारियों से अतिक्रमण हटाने का कार्य न कराए जाने की मांग की। महासंघ ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो 24 जून से स्थायी, संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे।

## खूनी हाईवे मुहिम की वॉल पेंटिंग पर पोती कालिख, आंदोलनकारियों में रोष



**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** नेशनल हाईवे-34 के चौड़ीकरण और डिवाइडर निर्माण की मांग को लेकर चलाई जा रही खूनी हाईवे मुहिम के तहत कराई गई वॉल पेंटिंग पर अज्ञात लोगों द्वारा कालिख पोते जाने से आंदोलनकारियों में आक्रोश व्याप्त है। शनिवार सुबह कस्बे में कई स्थानों पर वॉल पेंटिंग खराब मिली। इसके बाद सोशल मीडिया पर भी लोगों ने नाराजगी जताई। कुछ लोगों ने इसके पीछे प्रशासनिक हस्तक्षेप की आशंका जताई, हालांकि इसकी कोई पुष्टि नहीं हो सकी है। आंदोलनकारियों का कहना है कि यह कृत्य उनकी मुहिम को कमजोर करने का प्रयास है। मामले को लेकर दिनभर चर्चाओं का दौर जारी रहा।

## भाइयों के विवाद में मारपीट, एक गंभीर रूप से घायल

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** नगर के रागौल मोहल्ले में शुक्रवार रात दो भाइयों के बीच हुए विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार रामकुमार के पुत्र राजेश और चंद्रपाल के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों में मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि चंद्रपाल ने राजेश को जमीन पर पटककर बुरी तरह पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## डीजे पर नाचते समय युवक गिरा, पैर पर चढ़ा लोडर

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** बिवांर थाना क्षेत्र के छानी गांव में एक शादी समारोह के दौरान डीजे पर नाचते समय सड़क पर गिरे युवक के पैर पर लोडर वाहन चढ़ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। भुगैचा गांव निवासी उदयभान प्रजापति उमरी गांव से आई बारात में शामिल होने गया था। रात करीब डेढ़ बजे द्वारचार कार्यक्रम के दौरान वह संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिर पड़ा। इसी दौरान एक लोडर वाहन उसके पैर के पंजे को कुचलते हुए निकल गया। घायल को छानी सीएचसी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस को अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## नलकूप में आग लगने से हजारों का सामान राख

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** बिवांर थाना क्षेत्र के महेरा गांव में खेत पर बने नलकूप में आग लगने से पाइप, स्टार्टर, केबिल, चारपाई, गद्दा और अन्य सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान ने गांव के एक युवक पर आग लगाने का संदेह जताते हुए थाने में तहरीर दी है। लक्ष्मी प्रसाद ने बताया कि रात करीब 12 बजे खेत में बने छप्पर में अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक हजारों रुपये का सामान जल चुका था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा नेताओं ने इमाम बारगाह में दी हाज़िरी

**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** शहर के कटरा शहाब खां में स्थित दरगाह हज़रत अबुल हसन शाह वारसी में शुक्रवार शाम को इमाम बारगाह में भाजपा के जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने पहुंच कर दुआ मांगी।उनके साथ पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य,प्रेमदास कठेरिया,सीपू चौधरी आदि भी मौजूद रहे।इमाम बारगाह में ही ट्रस्ट के सेक्रेटरी द्वारा भाजपा नेताओं को प्रतीक चिन्ह देकर व चादर उड़ाकर स्वागत भी किया गया।

# सड़क के किनारे नालियों का निर्माण कराया जाए: डीएम

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड (दर्पण पोर्टल)के अंतर्गत विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि विकास कार्यों से संबंधित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में जनपद की रैंक अप्रैल 2026 में 25 थी, जो मई 2026 में 37 हो गई है। वहीं राजस्व कार्यों से संबंधित रैंक अप्रैल 2026 में 65 थी, जिसमें सुधार होकर मई 2026 में 53 हो गई है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जनपद की समेकित रैंक अप्रैल 2026 में 53 थी, जो मई 2026 में सुधरकर 44 हो गई है। समीक्षा के दौरान विभिन्न योजनाओं में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना में जनपद को 10/10 अंक प्राप्त हुए तथा प्रदेश में प्रथम स्थान मिला। ड्रॉप मोर क्रॉप योजना, खराब ट्रांसफार्मर शिकायत निस्तारण एवं विद्युत बिल सुधार, कृषि रक्षा रसायन डीबीटी योजना, एम्बुलेंस 102 सेवा, टेली रेडियोलॉजी, दिव्यांग पेंशन योजना तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में भी जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में 10/10 अंक एवं 64 वीं रैंक, एकीकृत बागवानी विकास मिशन में 10/10 अंक एवं 46वीं रैंक, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 10/10 अंक एवं 12 वीं रैंक तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में 10/10 अंक एवं 11वीं रैंक प्राप्त हुई। मुख्यमंत्री आवास योजना में 10/10 अंक प्राप्त होने के बावजूद जनपद की रैंक 65 रही। परिवार आईडी में 6/10 अंक एवं 36वीं रैंक, 15वें वित्त आयोग में 6/10 अंक एवं 57वीं रैंक तथा सामाजिक वानिकीकरण में 10/10 अंक एवं 59वीं रैंक प्राप्त हुई। नई सड़कों के निर्माण के अंतर्गत जनपद को 4/10 अंक प्राप्त हुए तथा रैंक 64 रही।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिए कि जहां आबादी वाले क्षेत्रों से होकर सड़कें गुजर रही हैं, वहां सड़क के किनारे नालियों का निर्माण कराया जाए तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे सड़कों को क्षति न पहुंचे और उनकी गुणवत्ता लंबे समय तक बनी रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों की परियोजनाएं अभी तक पूर्ण नहीं हुई हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी का जनपद भ्रमण किसी भी समय प्रस्तावित हो सकता है, इसलिए सभी अपूर्ण परियोजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाए तथा नवीन परियोजनाओं के शिलान्यास हेतु अधिक से अधिक प्रस्ताव तैयार कर उन्हें सम्मिलित कराया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा हेतु माह में 10 दिन शेष हैं। ऐसे में सभी विभाग अपने-अपने इंडिकेटरों पर विशेष ध्यान दें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी आंकड़ा अथवा प्रगति रिपोर्ट कमजोर न होने पाए। जिन बिंदुओं पर जनपद की रैंकिंग में गिरावट आई है, उनमें तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही करते हुए रैंकिंग को बेहतर बनाया जाए। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, उप निदेशक कृषि सतीश कुमार पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.धर्मेन्द्र सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, जिला पर्यटन अधिकारी मोहित सिंह, परियोजना अधिकारी यूपीनेडा प्रिया शर्मा सहित समस्त संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## यूपीयूएमएस सैफई ने नायकपुर में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**सैफई।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (UPUMS), सैफई के कुलपति प्रो.(डॉ.)अजय सिंह के मार्गदर्शन में विलेज आउटरीच कमेटी द्वारा शुक्रवार, 19 जून को ग्राम पंचायत भवन, नायकपुर (सैफई) में निःशुल्क मेडिकल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान वीरेश यादव एवं विलेज आउटरीच कमेटी के प्रभारी डॉ.अजय गुप्ता ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने तथा 'पैथोलॉजी ऑन व्हील्स' के माध्यम से गांव-गांव निःशुल्क जांच सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कुलपति प्रो. (डॉ.) अजय सिंह एवं विश्वविद्यालय टीम का आभार व्यक्त किया। शिविर में मेडिसिन, सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, नेत्र, ईएनटी, डेंटल, पीडियाट्रिक्स, स्त्री एवं प्रसूति रोग, पीएमआर, ऑप्टोमेट्री तथा पैथोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री एवं माइक्रोबायोलॉजी विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं प्रदान कीं।

# आयुक्त ने सीएम डैशबोर्ड एवं जन शिकायतों की समीक्षा कर दिए निर्देश

■ निर्माण कार्यों, जल जीवन मिशन और राजस्व प्रगति पर विशेष जोर

■ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का भी लिया जायजा



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** विंध्याचल मंडल मीरजापुर के आयुक्त राजेश प्रकाश ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के फ्लैगशिप कार्यक्रमों एवं जनसुनवाई शिकायतों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने एडीएम (नमामि गंगे) को 15 गांवों का स्थलीय निरीक्षण कर विस्तृत आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनशिकायतों के प्रभावी निस्तारण हेतु प्रतिदिन प्रातः 10 से 12 बजे तक नियमित जनसुनवाई सुनिश्चित करने को कहा। विकास कार्यों एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समीक्षा में उपायुक्त उद्योग को कम ऋण वितरण करने वाले बैंक प्रबंधकों के साथ जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर प्रभावी अनुश्रवण करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए आयुक्त ने एडीएम (राजस्व) को सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग सुधारने तथा प्रतिदिन सायंकाल सभी उपजिलाधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिए। बैठक में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 21 जून को सलखन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री संजीव गौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा सभी ग्राम पंचायतों एवं अमृत सरोवरों पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

बैठक में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित राजस्व, विकास एवं निर्माण कार्यों से जुड़े सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हिंडालको रेनुसागर द्वारा ग्रामीणों को हाथ ठेला वितरित



अवधनामा संवाददाता

**अनपरा/सोनभद्र।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर के यूनिट हेड आर. पी. सिंह के मार्गदर्शन एवं हेड एचआर आशीष पांडेय के दिशा-निर्देशन में ग्रामीण विकास विभाग रेनुसागर के तत्वावधान में प्रेक्षागृह परिसर में हाथ ठेला वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के ग्रामीणों एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना रहा। इस अवसर पर पात्र 15 लाभार्थियों को हाथ ठेला वितरित किए गए, जिससे वे छोटे व्यवसाय एवं आजीविका गतिविधियों के माध्यम से अपनी आय बढ़ा सकें।

कार्यक्रम में उपस्थित हिन्डाल्को रेनुसागर के अधिकारीगण डॉ. मुकुल बिंद्रा ,ललित खुराना,ब्रजेश वर्मा, आशुतोष सिंह, ,अनिल शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि हिंडालको रेनुसागर अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। हाथ ठेला वितरण जैसी पहलें स्थानीय समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

लाभार्थियों ने हिंडालको रेनुसागर के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हें रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे और परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। ग्रामीण विकास विभाग के प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुये ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यो पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर राकेश कुमार सिंह मौजूद रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर विभाग के शिवम पाठक एवं राजनाथ यादव का सराहनीय सहयोग रहा।

# सोनभद्र अब मॉडल जनपद बनने की ओर अग्रसर

■ केंद्रीय मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस और ब्लड डोनेट बस समर्पित कर जनसेवा को दी नई गति



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** देश के माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी जी का आज जनपद सोनभद्र में आगमन हुआ। जनपद आगमन के दौरान माननीय मंत्री जी ने स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराई गई एंबुलेंस और ब्लड डोनेट बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम बताया।इसके उपरांत माननीय मंत्री जी पंचायत रिसोर्स सेंटर में आयोजित ''सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष'' विषयक विकास प्रदर्शनी में पहुंचे। प्रदर्शनी परिसर में उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद रेशम विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण करते हुए रेशम उत्पादन की प्रक्रिया एवं उससे जुड़े रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी के दौरान माध्यमिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित 3-डी प्रिन्टिग रोबोटिक्स आई.ओ.टी., ए.आई. टूल्स पर हाथ से काम करने और रहने की पैक्टिकल जगह बनाते हुए इस सम्बन्ध में छात्र/छात्राओं ने जानकारी दी, इस दौरान मंत्री ने शिक्षा मॉडल एवं आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण व्यवस्था का अवलोकन किया। विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उन्होंने शिक्षा में तकनीक के उपयोग के संबंध में जानकारी ली। जनपद सोनभद्र जैसे क्षेत्र में विद्यार्थियों की तकनीकी दक्षता एवं जागरूकता को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसकी सराहना की। वहीं बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों, वैज्ञानिक सोच एवं तकनीकी शिक्षा से जुड़े प्रयासों की भी उन्होंने प्रशंसा की। इस अवसर पर माननीय मंत्री जी ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की। साइकिल प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्वीकृति पत्र भी वितरित किए। प्रदर्शनी स्थल पर प्रधानमंत्री जी के चित्र के साथ सेल्फी लेकर उन्होंने विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। इस दौरान मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित किए हैं। वर्ष 2014 से पूर्व की तुलना में आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का विकसित भारत का संकल्प देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत करोड़ों लाभार्थियों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के माध्यम से करोड़ों परिवारों को लाभान्वित किया गया है।प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना 14.62 करोड़ से अधिक लाभार्थी, जल जीवन मिशन 2.67 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल कनेक्शन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 1.90 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन वितरित, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 36.43 लाख आवास पूर्ण, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 21.35 लाख आवास पूर्ण, प्रधानमंत्री जन धन योजना 10.36 करोड़ से अधिक खाते खोले गए, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 22.85 लाख से अधिक ऋण स्वीकृत, आयुष्मान भारत योजना 5.80 करोड़ से अधिक लाभार्थी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि 3.14 करोड़ लाभार्थियों को सहायता प्रदान किया जा रहा है।

झांसी से मुख्यमंत्री योगी का विकसित भारत का संकल्प

# विकसित भारत के लिए यूपी का विकास जरूरी: सीएम

अवधनामा ब्यूरो

- मोदी नेतृत्व में भारत बना चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था
- ग्राम से राष्ट्र तक विकास का मंत्रः योगी
- सामूहिक प्रयास से बनेगा विकसित भारतः मुख्यमंत्री



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में देश में सबसे अधिक कार्यकाल का रिकॉर्ड बनाया है। भारत तब विकसित होगा, जब उत्तर प्रदेश विकसित होगा। उत्तर प्रदेश तब विकसित होगा, जब झांसी समेत प्रदेश के सभी जनपद विकसित होंगे। झांसी तब विकसित होगा, जब प्रत्येक ग्राम पंचायत व नगर निकाय आत्मनिर्भर व विकसित होंगे। क्रान्ति की इस धरा पर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री झांसी में 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकास सर्वसमावेशी होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास' मंत्र देशवासियों को दिया था। जब 140 करोड़ भारतवासियों का विश्वास व प्रयास जुड़ेगा तथा कार्ययोजना बनेगी, तो विकसित भारत बनने में देर नहीं लगेगी। सबके सामूहिक प्रयास से ही अयोध्या में श्रीरामलला का भव्य मन्दिर बना। यह नये व भव्य भारत का राष्ट्र मन्दिर है। यह नये भारत के निर्माण की शुरूआत भी है।

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2022 में जब दुनिया इस सदी की सबसे बड़ी महामारी से जूझ रही थी, तब प्रधानमंत्री देशवासियों को आगामी 25 वर्षों की कार्ययोजना व विकसित भारत संकल्प से जोड़ रहे थे। उन्होंने देशवासियों से पंचप्रण अपनाने की बात कही थी। इनमें गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विरासत का सम्मान, देश के शहीदों, सेना के जवानों व वर्दीधारी फोर्स का सम्मान, सामाजिक एकता के लिए कार्य करना तथा नागरिक कर्तव्यों का पालन करना सम्मिलित है। दुनिया में वही विकसित हुआ है, जो अपने बल पर कार्ययोजना तैयार कर आगे बढ़ा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुलामी की मानसिकता से कोई व्यक्ति स्वावलम्बी नहीं हो सकता। आत्मनिर्भरता के लिए गुलामी की मानसिकता दूर करना तथा अपनी विरासत का सम्मान करना आवश्यक है।

भारत अपनी यात्रा को अनवरत आगे बढ़ा रहा है। हम इसलिए चैन से सोते हैं, क्योंकि हमारे सैनिक माइनस टेम्परेचर में सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। पैरामिलिट्री का जवान नक्सल क्षेत्र में मजबूती के साथ कार्य कर रहा है। पुलिस के जवान सजगता से पेट्रोलिंग कर रहे हैं। इन सभी के प्रति हमारे मन में सम्मान का भाव होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपने नागरिक कर्तव्यों के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए। जो जिस क्षेत्र में है, उसे उस क्षेत्र में ईमानदारीपूर्वक कार्य करना चाहिए। एक शिक्षक राष्ट्र निर्माण के योग्य नागरिक का निर्माण कर सके, इस उद्देश्य से उसे अपने शिक्षण कार्य को पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ करना चाहिए। व्यापारी को उपभोक्ता के प्रति ईमानदारी से अपना कर्तव्य निर्वहन करना चाहिए। वह कालाबाजारी तथा वस्तुओं के दाम में अनावश्यक वृद्धि न होने दे। समय पर टैक्स जमा करे, यह उसका नागरिक कर्तव्य है।

# योग अपनाएं, निरोग जीवन पाएं : दयाशंकर मिश्र

अवधनामा ब्यूरो

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेशवासियों से योग की अपील

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक संख्या में योग कार्यक्रमों में सहभागिता करने और योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ''करे योग, रहे निरोग'' का संदेश अपनाकर प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जी सकता है। डॉ. दयालु ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों, तहसीलों, विकास खंडों, नगर निकायों तथा ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही प्रदेश के सांस्कृतिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों पर भी विशेष योग सत्रों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम योगा फॉर हेल्दी एजिंग (स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग) निर्धारित की गई है। इस थीम का उद्देश्य लोगों को बढ़ती उम्र में भी स्वस्थ, सक्रिय और ऊर्जावान जीवन जीने के लिए योग के महत्व से अवगत कराना है। योग दिवस के व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। आयुष मंत्री ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत और जीवन पद्धति का अभिन्न अंग है।

# दुबई में इलाज के दौरान युवक की मौत

- विदेश जाकर परिवार का सहारा बनने निकला रोहित, लौटा पार्थिव शरीर
- दुबई में बीमार पड़े युवक का निधन, शव पहुंचा गांव

अवधनामा ब्यूरो



रोहित राजभर (फाइल फोटो) | आबिद हुसैन

**लखनऊ।** विदेश जाकर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का सपना देखने वाले अंबेडकर नगर जिले के टांडा क्षेत्र स्थित जोत अफजल (पोस्ट ब्राहिमपुर कुसुमा) निवासी रोहित राजभर (28) पुत्र विफई की दुबई में इलाज के दौरान मौत हो गई। रोहित 28 जनवरी 2026 को अपने चार साथियों विकास, और अन्य के साथ दुबई की एक निजी कंपनी में नौकरी करने गए थे। विदेश भेजने की पूरी प्रक्रिया में प्रत्येक युवक का करीब डेढ़ लाख रुपये खर्च हुआ था। परिवार के अनुसार रोहित घर से पूरी तरह स्वस्थ अवस्था में गए थे तथा भारत और दुबई दोनों जगह उनकी मेडिकल जांच भी सफल रही थी। हालांकि 24 अप्रैल को काम के दौरान वह दिमागी बुखार की चपेट में आ गए जिसके बाद कंपनी ने उन्हें अल रशीद अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों को काफी समय तक रोहित की स्थिति की सही जानकारी नहीं मिल सकी। मई माह में खेतापुर के ग्राम प्रधान खलीक अहमद के माध्यम से परिवार ने सामाजिक कार्यकर्ता सैयद आबिद हुसैन से संपर्क किया। आबिद हुसैन से उसी गाँव के प्रधान राजितराम एवं रामजनम ने आबिद को इस मामले से अवगत करवाया, आबिद हुसैन के प्रयास से मामला दुबई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के संज्ञान में पहुंचा जिसके बाद कंपनी ने परिवार और ग्राम प्रधान से संपर्क कर स्थिति की जानकारी दी। इलाज के दौरान रोहित की हालत में सुधार नहीं हो सका और 11 जून की शाम कंपनी तथा अस्पताल प्रशासन ने उनके निधन की सूचना परिवार को दी। इसके बाद रोहित के भाई राम जनम और ग्राम प्रधान रजितराम ने आवश्यक नोटरीकृत दस्तावेज तैयार कर दुबई भेजे। आबिद हुसैन ने भारतीय वाणिज्य दूतावास की मृत्यु संबंधी हेल्पलाइन से संपर्क कर सभी औपचारिकताएं पूरी कराईं। दूतावास और हेल्पलाइन की मदद से रोहित का पार्थिव शरीर भारत लाया गया। शुक्रवार सुबह राम जनम और ग्राम प्रधान रजितराम ने लखनऊ हवाई अड्डे पर शव प्राप्त किया। पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों की चीख पुकार और ग्रामीणों की भीड़ के बीच माहौल गमगीन हो गया।

पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त का लाइव प्रसारण

# उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने किसानों से किया संवाद

अवधनामा ब्यूरो

- 15 प्रगतिशील किसान सम्मानित
- पात्र किसानों को योजना से जोड़ने पर जोर
- जैविक खेती अपनाने की किसानों से अपील



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा हुबली, पश्चिम बंगाल से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त ऑनलाइन पी.एफ.एम.एस. माध्यम से जारी करने के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का सजीव प्रसारण शनिवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थिति में सर्किट हाउस सभागार प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम में देखा व सुना गया।

जनपद स्तरीय कार्यक्रम में विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष डा0 वी0के0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, महानगर अध्यक्ष भाजपा संजय गुप्ता, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ला, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान तथा महामंत्रियों के साथ जनपद के सम्मानित कृषकों ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री के द्वारा योजना का लाभ प्राप्त करने वाले 15 प्रगतिशील किसानों को प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) देकर सम्मानित किया गया।

उपमुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किसानों के साथ संवाद भी किया तथा उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कृषि से सम्बंधित योजनाओं का मुख्य उद्देश्य किसानों का लाभ सुनिश्चित करना है।

# मजलिसों में गूंजा गम-ए-हुसैन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** 'हबीब इब्ने मजाहिर का गम मनायेंगे, हम उनपर रोयेंगे फर्श-ए-अजा बिछायेंगे '। मोहर्रम के चौथे दिन शनिवार को कर्बला के शहीदों का गम मनाते हुए शहर के इमामबाड़ों में उलमा ने मजलिसों को खिताब किया। किसी ने हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की बहन शहजादी जनाबे जैनब (स.अ.) के बच्चों हजरत औन व हजरत मोहम्मद अलैहिस्सलाम, तो किसी ने बचपन के दोस्त हजरत हबीब इब्ने मजाहिर (अ.स.) का और किसी ने हजरत हुर (अ.स.) का जिक्र किया। गम-ए-हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) में देर रात तक मजलिसे होती रही। महिलाओं ने भी मगरिब की नमाज पढ़ने के बाद अपने इलाकों के घरों में जाकर मातम किया और इमाम (अ.स.) के गम में आंसू बहाये।

इमामबाड़ा गुफरामाआब चौक में मौलाना कल्बे जव्वाद ने मजलिस को खिताब करते हुए अज़ादारी और इमाम हुसैन (अ.) पर गिरये की अज़मत को बयान किया। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं शहीद पर रोना जायज़ नहीं, जबकि रसूलुल्लाह (स.) ने अपने चाचा हज़रत हमज़ा (अ.) की शहादत पर फ़रमाया था कि क्या कोई मेरे चाचा हमज़ा (अ.) पर रोने वाला नहीं है? इसके बाद मदीने की औरतें अपने मरने वालों पर बाद में गिरया करती थीं, पहले हज़रत हमज़ा (अ.) पर गिरया करती थीं। मुसलमानों की अहम तारीख़ों में है कि यह सिलसिला बहुत साल तक जारी रहा। लिहाज़ा मालूम हुआ कि गिरया सीरत-ए-रसूल (स.) के मुताबिक़ है। मौलाना ने कहा कि अज़ादारी पर एतराज़ के कई सबब हैं। मुफ़्तियों और मौलवियों ने यज़ीद और उसके ख़ानदान के जुर्मों की पर्दापोशी के लिए ऐसे फ़तवे दिए, क्योंकि जब ज़िक्र-ए-शहादत-ए-हुसैन (अ.) होगा तो लोग सवाल करेंगे कि हुसैन (अ.) के क़त्ल का हुक्म किसने दिया था? जब यज़ीद जैसे फ़ासिक़ व फ़ाजिर का नाम आएगा तो सवाल होगा कि आखिर उसको तख़्त-ए-हुकूमत पर किसने बिठाया था? लिहाज़ा मुसलमानों को जवाब देना पड़ेगा। इसके बाद पूछा जाएगा कि यज़ीद के बाप को किसने सत्ता सौपी थी।

इममाबाड़ा जन्नतमाब तकी साहब चौक में मौलाना सैफ अब्बास ने मजलिस में विलायते अली (अ.स) बयान करते हुए कहा विलायत को मानना भी ईमान का हिस्सा है और अल्लाह को पाने के लिए भी विलायत ए अली बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा सिर्फ मौला अली को ही नहीं बल्कि मौला अली सहित पूरे अहलेबैत से मवद्दत करना जरूरी है। अल्लाह ने क़ुरआन में लोगों से कहा है कि तुम हमारी इताअत करो हमारे रसुल की इताअत करो और जिसे हमने वली बनाया है उसकी इताअत करो। उन्होंने कहा कि विलायते अली (अ.स) के बिना ना तो इताअत पूरी हो सकती है ना ही इबादत और ना ही दीन मुकम्मल होगा। मौलाना ने कहा कि जो मोहब्बत ए आले मोहम्मद में मर जाये वह शहीद होता है। उन्होंने कहा यज़ीद हुसैन से टकराया वह तबाह हो गया और ट्रम्प, नेतन्याहू हुसैनियों से टकराये तो वह भी तबाह हो गये।

- मोहर्रम के चौथे दिन शहीदों को किया याद
- इमामबाड़ों में देर रात तक हुई मजलिसें
- हबीब इब्ने मजाहिर और हुर का हुआ ज़िक्र

रौजा ए हजरत मुस्लिम रईस मंजिल में मौलाना तकी रजा जैदी ने कहा कि अगर इंसान अपने को हुसैनी कह रहा है तो उसके लिए जरूरी है कि वह दीन पर अमल करे। क्योंकि दीन पर अमल अजादाराने इमाम हुसैन (अ.स.) की पहचान है और जो इंसान दीन से दूर रहता है वह यजीदी तो हो सकता है लेकिन हुसैनी नहीं हो सकता।

मकबरा सआदत अली खान कैसर बाग में शनिवार को अशरा ए मजलिस की चौथी मजलिस को प्रोफेसर हुसैन कलामुद्दीन अकबर ने मजलिस को ख़िताब करते हुए कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम ने फरमाया है कि न तो खुद किसी पर जुल्म करो और न ही किसी का जुल्म सहो। इस्लाम जियो और जीने दो के उसूल पर चलता है। जिन्दा रहो भी और दूसरों को जिन्दा रहने दो भी। मौलाना ने कहा कि पैगंबर मुहम्मद (स.) के नवासे हज़रत इमाम हुसैन (अस ) ने यज़ीद की ज़ालिम हुकूमत की बैअत (समर्थन) से इनकार कर दिया था। इसके बाद उन्होंने इस्लाम की पवित्रता, इंसानियत और मक्का-मदीना की हुरमत बचाने के लिए मदीना छोड़ दिया और बाद में कर्बला की ओर कूच किया।

उन्होंने कहा कि वह कुफे इसलिए जा रहे थे कि वहां के लोग उन्हें अपनी इस्लाह के लिए बुला रहे थे। जब लोगों ने पूछा की वहा आप क्यों जा रहे है तो हजरत इमाम हुसैन (अस ) कहा हम कर्बला जंग करने नहीं जा रहे है बल्कि अपने जद की इस्लाह के लिए जा रहे हैं। मौलाना ने जब इमाम हुसैन के साथियों ( पुरुष, महिलाएं व बच्चों ) की वफादारियों का जिक्र करते हुए कहा कि शबे आशूर इमाम ने चिराग बुझा दिया और कहा जो जाना चाहता है वह चला जाये। जब इमाम ने दोबारा चिराग जलाया तो देखा सबके सब मौजूद हैं कोई नहीं गया।

इमामबाड़ा आगा बाकिर चौक में मौलाना मीसम जैदी ने अली उन वली उल्लाह शीर्षक से मजलिस को खिताब करते हुए मौला अली की फ़ज़ीलत बयान की। उन्होंने कहा कि पैगंबर हज़रत मुहम्मद (स) ने हज़रत अली (अ.स) के बारे में फरमाया है कि अली हक़ के साथ हैं और हक अली के साथ है। ऐ अल्लाह हक को उधर मोड़ दे जिधर अली मुड़ें। पैगंबर ने यह भी इरशाद फ़रमाया कि ऐ अली तुम इस दुनिया में और आखिरत में मेरे भाई हो। मौलाना ने कहा कि रसूल अल्लाह ने गदीर में ही नहीं कई जगहों पर अली को पहचनवाया। रसूल ने बचपन में अली को झूला झूलाते थे।

